■ वर्ष-23 ■ अंक-233
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

भोपाल
■ बुधवार ■ 25 मार्च 2026
चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत्-2083

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

दैनिक

# समय जगत



भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...



## माँ कालरात्रि



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी
तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टक भूषणा।
वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा
कालरात्रिर्भयंकरी॥

श्री दुर्गा का सप्तम रूप श्री कालरात्रि हैं। ये काल का नाश करने वाली हैं, इसलिए कालरात्रि कहलाती हैं। नवरात्रि के सप्तम दिन इनकी पूजा और अर्चना की जाती है। इस दिन साधक को अपना चित्त भानु चक्र (मध्य ललाट) में स्थिर कर साधना करनी चाहिए। संसार में कालो का नाश करने वाली देवी 'कालरात्री' ही है। भक्तों द्वारा इनकी पूजा के उपरांत उसके सभी दुःख, संताप भगवती हर लेती है। दुश्मनों का नाश करती है तथा मनोवांछित फल प्रदान कर उपासक को संतुष्ट करती हैं।

# महिला आरक्षण के लिए मोदी सरकार ने उठाया बड़ा कदम

## अब लोकसभा में 33 प्रतिशत होंगी महिलाएं

**नई दिल्ली।** लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का समुचित तरीके से लाभ मिले इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संसद के मौजूदा सत्र में महिला आरक्षण को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी कर रही है। इस ऐतिहासिक कदम के तहत आगामी लोकसभा और उसके बाद होने वाले विधानसभा चुनावों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई यानी 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाएंगी। सरकार की इस योजना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू लोकसभा की कुल सदस्य संख्या में भारी वृद्धि करना है।

वर्तमान में लोकसभा की 543 सीटों को बढ़ाकर 816 किए जाने का प्रस्ताव है, जिसका अर्थ है कि सदन में 273 नई सीटें जोड़ी जाएंगी। इन नई सीटों में से अधिकांश महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, जिससे मौजूदा पुरुष सांसदों की स्थिति पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह पिछले पांच दशकों में पहली बार होगा जब सीटों की संख्या में इस स्तर का इजाफा किया जाएगा। इसके साथ ही संसद में बहुमत का आंकड़ा भी बढ़कर 409 हो जाएगा। महिला आरक्षण की राह में सबसे बड़ी बाधा परिसीमन और नई जनगणना को माना जा रहा था। नारी शक्ति वंदन अधिनियम में पहले इसे नई जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन से जोड़ा गया था, लेकिन अब सरकार इस प्रावधान को अलग करने पर विचार कर रही है। नई जनगणना में होने वाली देरी को देखते हुए सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर ही नया परिसीमन कराने की योजना बना रही



है, ताकि 31 मार्च 2029 के बाद होने वाले चुनावों में महिला कोटा प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। इस बदलाव से दक्षिण भारतीय राज्यों की उन चिंताओं का भी समाधान होगा, जिन्हें डर था कि जनसंख्या नियंत्रण के सफल प्रयासों के कारण संसद में उनका प्रतिनिधित्व कम हो सकता है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक राज्य की सीटों में 50 प्रतिशत की वृद्धि होगी, जिससे उनका आनुपातिक प्रतिनिधित्व बना रहेगा। उदाहरण के तौर पर, उत्तर प्रदेश की सीटें 80 से बढ़कर 120, बिहार की 40 से 60 और केरल की सीटें 20 से बढ़कर 30 होने का अनुमान है। इसी अनुपात में अनुसूचित जाति और जनजाति की सीटों में भी वृद्धि की जाएगी। इस विधायी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। सरकार की मंशा 4 अप्रैल को समाप्त हो रहे बजट सत्र में ही इन विधेयकों को पारित कराने की है, जिसके लिए सत्र को बढ़ाया भी जा सकता है। चूंकि संविधान संशोधन के लिए दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है, इसलिए गृह मंत्री अमित शाह विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठकें कर समर्थन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसी कुछ पार्टियां महिला कोटे के भीतर अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अलग से आरक्षण की मांग कर रही हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस जैसे दलों ने बैठकों से दूरी बनाई है। इसके बावजूद, यदि यह विधेयक पारित होता है, तो यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में महिला सशक्तिकरण की दिशा में सबसे बड़ा मील का पत्थर साबित होगा।

### मुख्यमंत्री दतिया जिले के भांडेर में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में हुए शामिल

# किसान ही देश के भाग्य विधाता हैं, उनकी समृद्धि ही है हमारा संकल्प : मुख्यमंत्री



**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सभी क्षेत्रों में निरन्तर आगे बढ़ रहा है। दुनिया का कोई ऐसा देश नहीं, जहां संकट आया और प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल से भारतीय नागरिकों की घर वापसी सुनिश्चित न की गई हो। मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को दतिया जिले में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्री बलराम को नमन करते हुए कहा कि किसान ही हमारे देश के भाग्य विधाता हैं। वे सूरज की तपती गर्मी में अपने परिश्रम से सभी के लिए अन्न उगाते हैं। कृषक कल्याण वर्ष में राज्य सरकार किसानों की समृद्धि के लिए संकल्पित है। प्रदेश के किसान आधुनिक कृषि यंत्रों से खेती करें, पशुपालन, मत्स्य पालन और कृषि आधारित उद्योग शुरू कर खाद्य प्र-संस्करण से अपनी आय दोगुनी करें। इसके लिए अनेक योजनाओं की सौगात दी जा रही है। अब हमारे किसान नरवाई प्रबंधन के लिए मशीनों से भूसा भी बना रहे हैं, जिससे उन्हें गेहूं और भूसा, दोनों से कमाई का सुनहरा मौका मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश बहुत जल्द देश का नंबर-1 राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान सम्मेलन में दतिया को 62.23 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 62.23 करोड़ लागत के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। इसमें भव्य सांदीपनि विद्यालय, दैवीय स्थल रतनगढ़ में यात्री निवास, स्टेडियम सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में हितग्राहियों को कृषि यंत्र, पशुपालन, खाद्य प्र-संस्करण के लिए हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपना संपूर्ण जीवन जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया। प्रदेश के सांदीपनि विद्यालय बच्चों के सुनहरे भविष्य के मंदिर की तरह हैं। शासकीय स्कूलों में पढ़ाई करने वाले बच्चों को निःशुल्क किताबें, ड्रेस, साइकिलें, लैपटॉप और स्कूटी तक दी जा रही हैं। इसी शैक्षणिक सत्र से यशोदा योजना में बच्चों को दूध के पैकेट भी वितरित किये जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की सभी पात्र लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की राशि मिल रही है।

### अब बुंदेलखंड अंचल से कोई किसान नहीं करेगा पलायन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सिंचाई का रकबा कभी साढ़े 7 लाख हैक्टेयर था, जो अब बढ़कर 55 लाख हैक्टेयर तक पहुंच चुका है। पिछले 2 साल में सिंचित भूमि का रकबा लगभग दस लाख हैक्टेयर बढ़ गया है। केन-बेतवा लिंक नदी जोड़ो परियोजना के माध्यम से बुंदेलखंड अंचल और आसपास के जिलों के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिलेगा। केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश को नदी जोड़ो परियोजना की महत्वपूर्ण सौगात दी है, जिसका लाभ उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों को भी मिलेगा। अब बुंदेलखंड अंचल से कोई किसान पलायन करने को विवश नहीं होगा।

## भगवान श्रीकृष्ण के विराट व्यक्तित्व में सांदीपनि आश्रम का योगदान है महत्वपूर्ण: डॉ यादव

समय जगत, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश से मथुरा-वृंदावन-गोकुल क्षेत्र का 5000 वर्ष से जीवंत संपर्क रहा है। भगवान श्रीकृष्ण बृज में पराक्रम करने के बाद शिक्षा ग्रहण करने उज्जैन के सांदीपनि आश्रम पधारे थे। इस नाते विश्व के सम्मुख भगवान श्री कृष्ण का जो विराट व्यक्तित्व आया उसमें उज्जयिनी का योगदान रहा। मथुरा-गोकुल के समान मध्यप्रदेश भी सनातन के विचार को बनाए रखने और उसके विस्तार में योगदान देता रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वृंदावन में जीवनदीप आश्रम के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, श्री पंच दस नाम जूना अखाड़ा महामंडलेश्वर जीवनदीप पीठाधीश्वर स्वामी यतींद्र आनंद गिरि, महामंडलेश्वर अवधेशानंद जी, साध्वी ऋ



तंभरा सहित समस्त संत वृंद तथा बिहार के पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बालकों द्वारा प्रस्तुत हनुमान चालीसा के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वृंदावन में जीवनदीप आश्रम लोकार्पण समारोह में सनातन धर्म और जीवन दर्शन पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जयिनी में वर्तमान में सिंहस्थ-2028 के लिए तैयारियां जारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीवनदीप आश्रम के लोकार्पण में पधारे समस्त संत वृंद को सिंहस्थ-2028 के लिए आमंत्रित करते हुए उनसे उज्जैन पधारने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामी यतींद्र आनंद गिरि जी की आध्यात्मिक यात्रा और समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों का भी उल्लेख किया।

# ईरान-यूएस युद्ध और चला तो हीलियम की होगी भारी कमी




**नई दिल्ली।** ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने अब भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र की चिंताएं बढ़ा दी हैं। तेल और एलपीजी की कीमतों में अस्थिरता के बाद अब एमआरआई मशीनों के संचालन के लिए अनिवार्य मानी जाने वाली हीलियम गैस की सप्लाई चेन बाधित होने की खबरें आ रही हैं। दरअसल, ईरान द्वारा कतर के रास लफान संयंत्र पर किए गए हमले के बाद वहां से हीलियम का उत्पादन और निर्यात प्रभावित हुआ है। भारत अपनी हीलियम संबंधी जरूरतों का 100 प्रतिशत आयात कतर से ही करता है, ऐसे में इस महत्वपूर्ण गैस की कमी भारतीय अस्पतालों के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकती है। हीलियम एक रंगहीन और गंधहीन गैस है, जिसका तरल रूप एमआरआई मशीनों के भीतर लगे शक्तिशाली सुपरकंडक्टिंग मैग्नेट को ठंडा रखने के लिए कूलेंट के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।

### भारत में एमआरआई होगी प्रभावित

चूंकि इसका बॉयलिंग पॉइंट शून्य से 269 डिग्री सेल्सियस नीचे होता है, इसलिए यह मशीनों को सुचारू रूप से चलाने के लिए अनिवार्य है। यदि इसकी आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहती है, तो पुरानी तकनीक वाली एमआरआई मशीनें बंद हो सकती हैं, जिन्हें सालाना गैस रिफिलिंग की आवश्यकता होती है। राहत की बात यह है कि राजधानी दिल्ली के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों जैसे एम्स और अन्य बड़े केंद्रों में फिलहाल सेवाएं सामान्य रूप से चल रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आधुनिक तकनीक वाली नई एमआरआई मशीनें अब हीलियम-फ्री या कम गैस खपत वाली हैं, जिनमें केवल स्थापना के समय ही गैस की जरूरत पड़ती है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के मुफ्त एमआरआई सेंटर के अनुसार, उनकी मशीनें नवीनतम तकनीक पर आधारित हैं, इसलिए मरीजों को फिलहाल कोई असुविधा नहीं हो रही है। हालांकि, कुछ निजी स्कैन केंद्रों ने चिंता जताई है कि हीलियम की कमी की अफवाहों के बीच इसके दाम दोगुने हो गए हैं, जिससे आने वाले समय में एमआरआई स्कैन के खर्च में बढ़ोतरी हो सकती है। वर्तमान में भारत के 60 प्रतिशत से अधिक एमआरआई सिस्टम ऐसी तकनीक पर आधारित हैं जिन्हें बहुत कम रखरखाव और गैस की जरूरत पड़ती है। लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य का समुद्री मार्ग जल्द नहीं खुला और युद्ध लंबा खिंचा, तो सप्लाई चेन पूरी तरह चरमरा सकती है। ऐसी स्थिति में मरीजों के लिए डायग्नोस्टिक सेवाओं की लागत 15,000 रुपये तक बढ़ सकती है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन सरकार और स्वास्थ्य जगत की नजरें मध्य पूर्व के हालातों पर टिकी हुई हैं।

# बगैर किसी शुल्क के दो भारतीय जहाजों ने पार किया स्ट्रेट ऑफ होर्मुज

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और युद्ध जैसी स्थितियों के बीच फंसे भारतीय जहाजों की घर वापसी का रास्ता साफ होता दिख रहा है। भारी फीस वसूले जाने की खबरों और अनिश्चितता के माहौल के बीच दो महत्वपूर्ण भारतीय जहाज, पाइन गैस और जग वसंत, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को सफलतापूर्वक पार कर गए हैं। संभावना जताई जा रही है कि मार्च के अंत तक ये जहाज भारतीय तटों पर दस्तक दे सकते हैं। इन जहाजों की आवाजाही को लेकर हाल ही में यह खबरें उठी थीं कि ईरान इनसे गुजरने के बदले भारी शुल्क की मांग कर रहा है। हालांकि, भारत में स्थित ईरानी दूतावास ने इन दावों को पूरी तरह निराधार बताया है। दूतावास ने स्पष्ट किया कि जहाजों से 20 लाख (2 मिलियन) डॉलर की राशि वसूलने की खबरें केवल व्यक्तिगत विचार हो सकते हैं, यह ईरान का आधिकारिक रुख नहीं है।

ईरान के अनुसार, इस मार्ग से जहाजों को निकालने के लिए अधिकारियों के साथ पहले से की गई बातचीत और समन्वय ही एकमात्र आधिकारिक रास्ता है। आंकड़ों के अनुसार, एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत सोमवार सुबह फारस की खाड़ी से रवाना हुए। इन दोनों जहाजों पर लगभग 92,000 टन एलपीजी लदी है, जो भारत में लगभग एक दिन की रसोई गैस की खपत के बराबर है।

# टोंगा में आया 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

**नुकुअलोफा।** दक्षिण प्रशांत महासागर स्थित टोंगा द्वीप समूह के पास मंगलवार तड़के 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार यह भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 4.37 बजे आया। भूकंप का केंद्र टोंगा के वावाउ द्वीप समूह में स्थित नेइआफू से लगभग 153 किलोमीटर पश्चिम में बताया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस भूकंप की गहराई पृथ्वी की सतह से करीब 237 से 238 किलोमीटर के बीच थी, जिसे वैज्ञानिक दृष्टि से गहरा भूकंप माना जाता है। इतनी अधिक गहराई पर आने वाले भूकंप सामान्यतः सतह पर कम विनाशकारी प्रभाव डालते हैं। यही कारण है कि फिलहाल किसी बड़े नुकसान या किसी के हताहत होने की कोई सूचना सामने नहीं आई है। भूकंप के झटकों के बाद संभावित खतरे को देखते हुए प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र (पीटीडब्ल्यूसी) ने स्थिति का आकलन किया। केंद्र ने स्पष्ट किया कि इस भूकंप से सुनामी का कोई खतरा नहीं है, क्योंकि इसका केंद्र धरती के भीतर काफी गहराई में था। आमतौर पर उथले भूकंप ही समुद्र में बड़े स्तर पर हलचल पैदा कर सुनामी का कारण बनते हैं।



सुरक्षा पर सवाल | जासूसी रैकेट का हुआ खुलासा

# सीसीटीवी कैमरों से लाइव फुटेज भेजे जा रहे थे पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी रैकेट के खुलासे के बाद सीसीटीवी सिस्टम की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जांच में सामने आया कि संवेदनशील जगहों पर लगाए गए कैमरों का लाइव फुटेज सीमा पार पाकिस्तान भेजा जा रहा था। इसके बाद केंद्र सरकार ने देशभर में सीसीटीवी नेटवर्क की जांच का फैसला लिया है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि गृह मंत्रालय ने आईबी और दूसरी एजेंसियों के साथ मिलकर देशभर के सीसीटीवी नेटवर्क का ऑडिट शुरू करने की तैयारी में है। वहीं 1 अप्रैल से सिर्फ हैकिंगप्रूफ कैमरे ही बिकेंगे, जो सरकारी सुरक्षा जांच पास करेंगे। भारत में 80फीसदी कैमरे चीन के हैं, जिनसे डेटा चोरी का खतरा बना रहता है। फिलहाल 7 कंपनियों के 53 मॉडल ही ऐसे हैं, जिन्हें सर्टिफाइड और सुरक्षित माना गया है। सीसीटीवी सिस्टम से निजी डेटा लीक होने के मामले भी सामने आए हैं। इजराइल की ओर से ईरान के ट्रैफिक कैमरों को हैक कर वीआईपी मूवमेंट ट्रैक करने का उदाहरण सामने आ चुका है। वहीं, सोनीपत रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति ने निगरानी सिस्टम में घुसपैठ कर कैमरों की लाइव फीड एक्सेस की और यात्रियों की फुटेज रिकॉर्ड कर उसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शेयर कर दी। यह सीधे तौर पर निजता का उल्लंघन है। 2023 के डेटा प्रोटेक्शन कानून के तहत किसी व्यक्ति की पहचान उजागर करने वाले फुटेज का गलत इस्तेमाल गैरकानूनी है।

बता दें हाल ही में यूपी के गाजियाबाद के साहिबाबाद इलाके में एक बीट कॉन्स्टेबल की सूचना के बाद जासूसी का मामला सामने आया। जांच में पाया गया कि सोलर पावर से




चलने वाले छोटे कैमरे संवेदनशील इलाकों के आसपास लगाए गए थे। ये कैमरे इंटरनेट के जरिए विदेशी सर्वर से जुड़े थे। उनकी लाइव फीड सीधे पाकिस्तान भेजी जा रही थी, जिससे देश की आंतरिक सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ। इस मामले में अब तक 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नेटवर्क में महिलाएं और नाबालिग भी शामिल थे। कई कैमरे और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त कर फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक जांच में सामने आया कि देशभर में सीसीटीवी अलग-अलग एजेंसियों के लगाए गए हैं, लेकिन कोई एकीकृत डेटाबेस या स्पष्ट नियंत्रण प्रणाली नहीं है। यही वजह है कि कई जगह निगरानी तंत्र में खामियां बनी हुई हैं, जो अब सुरक्षा जोखिम बन चुकी हैं। ऑडिट रिपोर्ट के बाद सरकार यूनीक रजिस्ट्रेशन, रियल-टाइम मॉनिटरिंग और साइबर सुरक्षा मानकों के साथ एकीकृत नेटवर्क सिस्टम लागू कर सकती है।

# बिजली विभाग की लापरवाही से बिसौरा हाईस्कूल अंधेरे में, लाखों खर्च फिर भी है समस्या

**दो लाख से ज्यादा राशि लेने के बाद भी नहीं पहुंची बिजली, ठेकेदार की मनमानी पर विभाग मौन–बच्चों का भविष्य दांव पर, ग्रामीणों में आक्रोश**



**समय जगत, मण्डला।** जिले के निवास विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिसौरा का हाईस्कूल आज भी बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है, और इसके पीछे सीधे तौर पर विद्युत विभाग की लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैया सामने आ रहा है। हैरानी की बात यह है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद विभाग अब तक स्कूल तक बिजली पहुंचाने में पूरी तरह विफल साबित हुआ है। जानकारी के मुताबिक, जनजाति कार्य विभाग ने 3 जनवरी 2024 को लगभग 2,05,276 रुपये की राशि विद्युत व्यवस्था के लिए विद्युत विभाग को सौंपी थी। जिम्मेदारी साफ थी–स्कूल तक बिजली लाइन पहुंचाना। लेकिन विभागीय लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी ने इस काम को अधूरा ही छोड़ दिया। आरोप बेहद गंभीर हैं, ठेकेदार ने नियमों को ताक पर रखकर शासकीय भूमि के बजाय निजी जमीन पर बिना अनुमति के पोल खड़े कर दिए। जब जमीन मालिक ने आपत्ति जताई, तो सुधार करने के बजाय पूरा काम ही ठप्प कर दिया गया। सवाल यह उठता है कि आखिर किसके संरक्षण में यह मनमानी की गई और क्यों अब तक दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई? स्थिति और भी चिंताजनक तब हो जाती है जब यह सामने आता है कि वर्षों पहले बना स्कूल भवन आज भी अंधेरे में डूबा हुआ है। बिजली न होने से छात्र गर्मी, अंधेरे और तकनीकी संसाधनों के अभाव में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि सीधे तौर पर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। इतना ही नहीं, स्कूल तक पहुंचने के लिए आज तक कोई पक्का रास्ता नहीं बनाया गया है। छात्र-छात्राएं ऊबड़-खाबड़ रास्तों से होकर स्कूल पहुंचते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा भी खतरे में रहती है। खेल मैदान का अभाव अलग से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर असर डाल रहा है। स्कूल के सामने पर्याप्त शासकीय भूमि होने के बावजूद उसका समतलीकरण नहीं किया गया, जिससे उसका उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। यदि प्रशासन चाहे तो इस भूमि का विकास कर स्कूल को बेहतर सुविधाएं दी जा सकती हैं, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता सब पर भारी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस पूरे मामले की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों और एसडीएम निवास से की है और मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही शासकीय भूमि के माध्यम से तत्काल विद्युत लाइन बिछाकर स्कूल में बिजली उपलब्ध कराई जाए। स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। उनका साफ कहना है कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक आंखें मूंदे रहता है या फिर बच्चों के भविष्य को अंधेरे से निकालने के लिए कोई ठोस कदम उठाता है।

# मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेले में प्राकृतिक खेती पर जोर उन्नत तकनीकों से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की कवायद



**बुरहानपुर।** मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेले के अंतर्गत आयोजित कृषि संगोष्ठी में प्राकृतिक खेती इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र रही। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, जिला बुरहानपुर द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी में किसानों को आधुनिक, उन्नत एवं रसायन मुक्त खेती की तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल एवं सार्थक बना दिया। संगोष्ठी में सायमा कॉटन विकास एवं अनुसंधान एसोसिएशन, कोयंबटूर (तमिलनाडु) के विशेषज्ञों ने कपास की बीटी एवं नॉन-बीटी किस्मों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए उनकी उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को उन्नत किस्मों के चयन के माध्यम से अधिक उत्पादन एवं बेहतर आय प्राप्त करने के उपाय बताए। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अमोल देशमुख सिंह ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत एवं अन्य जैविक तकनीकों के माध्यम से न केवल भूमि की उर्वरता को बनाए रखा जा सकता है, बल्कि उत्पादन लागत में कमी लाकर अधिक लाभ अर्जित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। कपास उत्पादन विशेषज्ञ मधुबाबू ने किसानों को संबोधित करते हुए अधिक उत्पादन देने वाली उन्नत कपास किस्मों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से लंबे रेशे वाली किस्मों-गोशिपियम हरसुटम एवं गोशिपियम बारबाडोस-का उल्लेख करते हुए बताया कि ये किस्में बाजार में अधिक मूल्य दिलाने के साथ-साथ पिंक बॉल वर्म की समस्या से भी अपेक्षाकृत कम प्रभावित होती हैं। उपसंचालक कृषि मनोहर सिंह देवके ने आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक क्षेत्र में कपास की खेती करें तथा विभाग द्वारा अनुशंसित उन्नत किस्मों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि करें। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मिट्टी बचाएं, भोजन पाएं-यह केवल एक नारा नहीं बल्कि हमारे भविष्य की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में भारत विकास परिषद शाखा हरदा हुई सम्मानित



**समय जगत,हरदा।** विगत दिवस इंदौर में आयोजित प्रांतीय बैठक में भारत विकास परिषद हरदा शाखा को सम्मानित कर अवार्ड दिया गया। शाखा अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी ने बताया हरदा शाखा ने राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता जो प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है उसमें प्रांतीय लेवल पर सबसे अधिक टीमों को बुलाकर हिंदी और संस्कृत भाषा में समूह गान की प्रस्तुति कराई थी,इस हेतु हरदा शाखा को सम्मानित कर अवार्ड दिया गया।इस आयोजन में नर्मदापुरम समन्वयक राज नारायण मौर्य भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी के घर की गई मीटिंग में नए सत्र में अध्यक्ष अंशुल अग्रवाल,सचिव डॉ माधव बंसल,कोषाध्यक्ष डॉ विपुल बांगड़ ,उपाध्यक्ष,सचिन उपाध्याय,सह सचिव अंकित सराफ को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

### हरदा पुलिस ने किया सराहनीय कार्य,छह साल के मासूम को ढूंढ़कर किया परिजनों के सुपुर्द



**समय जगत,हरदा।** पुलिस अधीक्षक शशांक,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती शालिनी परस्ते,थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कालभोर के नेतृत्व में ग्राम अबगांव खुर्द से गुम बालक उम्र छह साल को ढूंढकर परिजनो को सुपुर्द करने में सराहनीय कार्य किया गया है।पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अबगांव खुर्द निवासी रोहित प्रजापति ने थाने आकर बताया कि बच्चा उम्र छह साल दोपहर ढाई बजे से घर से लापता है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर थाने से प्रआर दीपक जाट व आर. प्रदीप मालवीय को बालक की तलाश पतारसी हेतु रवाना किया जो पुलिस स्टाफ द्वारा परिजनों के साथ ग्राम में आस पास पूछताछ कर बालक की तलाश की गई, जो ग्राम अबगाँव खुर्द डगावानीमा रोड तरफ खेत में दिखा। बालक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### मंत्री राधा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक



**समय जगत, मैहर।** मध्यप्रदेश शासन की पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

# हाथों के बल नर्मदा परिक्रमा कर रहे धर्मुपरी बाबा का मंडला आगमन

## श्रद्धालुओं में उमड़ा आस्था का सैलाब



**मंडला।** आस्था, तप और अद्भुत संकल्प का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए हाथों के बल चलकर मां नर्मदा की परिक्रमा कर रहे धर्मुपरी बाबा का मण्डला महाराजपुर क्षेत्र में आगमन हुआ। जैसे ही बाबा मंडला के महाराजपुर पहुंचे, श्रद्धालुओं में उन्हें देखने और उनके दर्शन करने की उत्सुकता साफ दिखाई दी।

बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और नर्मदा भक्तों ने पहुंचकर बाबा के दर्शन किए और उनके तप व संकल्प को नमन किया। बाबा के साथ चल रहे शिष्यों ने बताया कि इससे पूर्व बाबाजी पैदल मां नर्मदा की परिक्रमा पूर्ण कर चुके हैं और अब पांचवीं बार वे जगत कल्याण के उद्देश्य से यह कठिन साधना कर रहे हैं। लगभग 3600 किलोमीटर लंबी इस परिक्रमा को वे हाथों के बल चलकर पूरा करने का संकल्प लिए हुए हैं। वे प्रतिदिन लगभग 4 से 5 किलोमीटर की यात्रा करते हैं। बताया गया कि यह विश्व की प्रथम और अद्वितीय अधोमुखी नर्मदा परिक्रमा है, जिसे मां नर्मदा के पुत्र संत भगवान दिगंबर श्री धर्मुपरी महाराज, अपने गुरु श्री निरंजन देव जी श्री पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी जग कल्याण राष्ट्र शांति, जनकल्याण और मां नर्मदा को पूर्णतः स्वच्छ रखने के संकल्प के साथ कर रहे हैं। धर्मुपरी बाबा की यह तपस्या अत्यंत कठिन मानी जाती है, लेकिन वे अपने अटूट आत्मबल और गहन भक्ति के सहारे निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उनके इस अद्भुत संकल्प को देखकर हर कोई आश्चर्यचकित और भाव-विभोर नजर आया। बाबा के आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा तट पर एकत्रित हो गए। लोगों ने बाबा का भव्य स्वागत किया, उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं का कहना था कि समाज में संतों और तपस्वियों की उपस्थिति ही आध्यात्मिक संतुलन बनाए रखती है। ऐसे संत समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं और धर्म व सदाचार की भावना को मजबूत करते हैं। श्रद्धालुओं ने यह भी कहा कि संतों का सम्मान और सहयोग करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। संतों के आशीर्वाद से ही समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सुरक्षा का भाव बना रहता है। धर्मुपरी बाबा की तपस्या और मां नर्मदा के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही है। महाराजपुर क्षेत्र में बाबा के आगमन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मां नर्मदा के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने बाबा का स्वागत किया और उनकी सफल परिक्रमा के लिए प्रार्थना की। बाबा की इस अनोखी साधना को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगातार उमड़ती रही।

# पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**इटारसी।** शहर के व्यस्ततम एसबीआई चौक पर सिंधी समाज के पदाधिकारियों से अभद्रता करने वाले आदतन अपराधी सन्नी लालवानी पर पुलिस का डंडा चला है। रविवार शाम एक युवक के साथ मारपीट और गाली-गलौज और समाज के पदाधिकारियों से अभद्रता के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई से समाज के लोगों ने राहत की सांस ली है।

**एसबीआई चौक पर सरेराह की मारपीट:** जानकारी के अनुसार, रविवार शाम करीब 7.15 बजे पंजाबी मोहल्ला निवासी जितेंद्र मिहानी अपनी स्कूटी से एसबीआई चौक से गुजर रहे थे। तभी एलकेजी कॉलोनी निवासी सन्नी लालवानी ने पुरानी रंजिश के चलते उन्हें बीच सड़क पर रोक लिया। आरोपी ने न केवल जितेंद्र के साथ अभद्रता की, बल्कि उनकी स्कूटी पर लात मारकर जान से मारने की धमकी भी दी।

**सिंधी समाज ने खोला मोर्चा, बताया समाज विरोधी:** सन्नी लालवानी की हरकतों से त्रस्त पूज्य पंचायत सिंधी समाज का प्रतिनिधिमंडल लगातार दो दिनों से पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर रहा था। समाज के पदाधिकारियों ने लिखित शिकायत में बताया कि आरोपी सन्नी लालवानी आदतन अपराधी है और शासन द्वारा बाउंड ओवर होने के बावजूद अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। वह समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों पर रोककर गाली-गलौज करता है। सोशल मीडिया पर समाज के खिलाफ अनर्गल, झूठी और अपमानजनक पोस्ट डालकर सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास कर रहा है। समाज विरोधी गतिविधियों के कारण उसे पहले ही समाज से निष्कासित किया जा चुका है।

**पुलिस की सख्त कार्रवाई, सीधे भेजा जेल:** समाज के आक्रोश और रविवार की घटना की गंभीरता को देखते हुए इटारसी पुलिस ने तत्काल कदम उठाया। पुलिस ने जितेंद्र मिहानी की शिकायत पर मारपीट और धमकी की धाराओं में मामला दर्ज किया। सोमवार को पुलिस ने आरोपी सन्नी लालवानी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अभी कुछ दिन पूर्व ही आबकारी विभाग ने सन्नी लालवानी की कार से सिंधी कॉलोनी के पास बड़ी मात्रा में अवैध शराब भी जब्त की थी।

# मेडतवाल महिला मंडल ने 16 दिवसीय गणगौर उत्सव का किया समापन



**समय जगत, पचौर।** पचौर मेडतवाल महिला मंडल ने 16 दिवसीय गणगौर उत्सव का समापन किया। इस दौरान ईसर-गणगौर की विशेष पूजा-अर्चना के बाद एक आकर्षक विसर्जन चल समारोह निकाला गया, जिसमें समाज की महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक उत्साह के साथ हिस्सा लिया। समारोह में महिलाएं और युवतियां पीले वस्त्र और पारंपरिक चुंदड़ी ओढ़कर शामिल हुईं। पूरे रास्ते महिलाएं गणगौर के लोकगीत गाती और नृत्य करती नजर आईं, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। मेडतवाल महिलामंडल की पदाधिकारियों- अध्यक्ष सरिता गांधी वरिष्ठ बबीता जुलानिया, विनीता जुलानिया ,ने बताया कि यह पर्व चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से शुरू होकर शुक्ल तृतीया तक चलता है। महिलाएं अखंड सौभाग्य और सुख-समृद्धि के लिए. जबकि कुंवारी कन्याएं सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए भगवान शिव (ईसर) और माता पार्वती (गणगौर) की आराधना करती हैं।

**विधि-विधान से विसर्जन:** उत्सव के अंतिम दिन महिलाएं सिर पर गणगौर की प्रतिमाएं लेकर अग्रवाल दाल मिल पहुंचीं। यहां पारंपरिक गीत और झाले गाते हुए ईसर-गणगौर का विधि-विधान से विसर्जन किया गया।अंतिम दिन परिवार की सुख-शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गई।

# मोबाइल जब्ती मामले में जेल प्रशासन ने बताई यथा स्थिति

**धार।** जिला जेल धार में मोबाइल जप्ती को लेकर सामने आई खबरों पर जेल प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए इन्हें भ्रामक और तथ्यहीन बताया है। प्रशासन के अनुसार, 13 मार्च 2026 को प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर की गई आकस्मिक तलाशी में एक विचाराधीन बंदी के पास से मोबाइल फोन बरामद किया गया। जेल अधीक्षक ने जानकारी दी कि 12 मार्च की शाम एक बंदी ने सूचना दी थी कि विचाराधीन बंदी सुनील पिता संतोष के पास मोबाइल फोन है। सूचना के आधार पर अगले दिन सुबह वार्ड क्रमांक 01 की बैरक क्रमांक 3 में तलाशी ली गई, जहां से मोबाइल जप्त किया गया। इस मामले में बंदी सुनील सहित अन्य के खिलाफ थाना कोतवाली धार में प्रकरण क्रमांक 159/2026 दर्ज किया गया है। प्रकरण में धारा 318(4) बी.एन.एस. एवं कारागार अधिनियम 1894 की धारा 42 के तहत कार्रवाई की गई है। साथ ही, बंदी के स्थानांतरण हेतु सक्षम न्यायालय से अनुमति लेकर प्रस्ताव जेल मुख्यालय भोपाल भेजा गया है। जेल रिकॉर्ड के अनुसार, बंदी सुधीर पिता शांतीलाल जैन 2 मार्च को जेल में दाखिल हुआ था और उसे सुनील से अलग रखा गया था। दोनों के बीच किसी भी प्रकार का संपर्क नहीं पाया गया। मोबाइल की कॉल डिटेल रिकॉर्ड जांच में यह सामने आया है।

# केंद्रीय जेल नर्मदापुरम में हुई महिलाओं की साउंड थेरेपी



**समय जगत, इटारसी।** नर्मदापुरम की केंद्रीय जेल मे इनरव्हील क्लब ऑफ इटारसी द्वारा साउंड थेरेपी वर्कशॉप का आयोजन रीटा बवेजा ISO (साउंड हीलर) के मार्गदर्शन में किया गया,जिसके माध्यम से जेल की महिला कैदियों की चिंता थकान और मानसिक तनाव कम करने के प्रयास किए गए। उक्त आशय की जानकारी इनरव्हील प्रेसिडेंट सविता आर साहू ने दी। क्लब अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि जेल में महिलाओं के लिए कुछ करना हमारे लिए आत्म संतुष्टि का कार्य है। साउंड हीलिंग वर्कशॉप में निरुद्ध लगभग 40 महिलाओं कैदियों ने लाभ लिया। साउंड थेरेपी स्पेशलिस्ट रीटा बवेजा ने बताया कि ध्वनि तरंग और कंपन हमारे शरीर और मन दोनों पर गहरा प्रभाव डालते हैं और इसके नियमित उपयोग माध्यम से हम मानसिक तनाव और थकान दूर कर सकते है। उक्त आयोजन में जेल अधीक्षक और नमिता खंडेलवाल द्वारा प्रशंसनीय सहयोग प्रदान किया गया।

# नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया गणगौर पर्व



**समय जगत, बिस्टान।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गणगौर पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार को माता के ज्वारों का विसर्जन हुआ। शनिवार को गणगौर माता के घर आगमन के बाद से श्रद्धालु पूजा में लगे हैं। रविवार को श्रद्धालु रथ बोड़ाकर लाए कई जगह सामूहिक रूप से भी रथ बौड़ाए गए। सोमवार को भी गांव में श्रद्धालु माता को बोड़ाकर कर वापस लाएं। क्षेत्र में गणगौर पर्व की रौनक रही। गांव से लेकर नगर तक भक्त गणगौर माता की भक्ति में रमे रहे। श्रद्धालुओं ने माता के रथ आकर्षक ढंग से सजाए। कहीं माता के मुखोटे पर चश्मा लगाया, तो कहीं रथ पर रनू बाई व धनियर राजा की जोड़ी सजाई। गणगौर पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह रहा। घरों में माता के आगमन पर गीत गाए जा रहे हैं। सोमवार को महिलाओं ने पाती खेली व नाच- गाकर भक्ति की। रास्ते में श्रदालुओं ने रथों का स्वागत किया। पैर धुलाए व पुष्पवर्षा की मंगलवार शाम को गाते, बजाते, धूमधाम से माता के रथ मुख्यमार्गों से कुंदा नदी तट लेकर गए। पूजन ,आरती के बाद माता रूपी ज्वारों को गले मिल कर नदी में जवारों का विसर्जन किया गया। उमरखली में ग्राम पंचायत द्वारा मुख्यमार्गों पर लाइटिंग व साफ सफाई की व्यवस्था की गई थी। नगर बिस्टान में नगर परिषद द्वारा मुख्यमार्गों पर व गणगौर घाट पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था की गई थी। श्रद्धलुओं की भीड़ के बीच पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

## सारंगपुर में अभाविप का साप्ताहिक सकौरा अभियान है जारी

# प्रशासनिक कार्यालयों में लगाए गए सकोरे



**समय जगत, सारंगपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा चलाए जा रहे साप्ताहिक सकौरा अभियान के अंतर्गत सारंगपुर नगर के विभिन्न प्रशासनिक कार्यालयों में पहुंचकर पक्षियों के लिए सकौरे लगाए गए। इस अभियान का उद्देश्य भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरुक करना है। अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका कार्यालय सहित अन्य शासकीय दफ्तरों में सकौरे स्थापित किए। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल द्वारा नगर पालिका परिसर में सकौरे लगाए गए, वहीं एसडीओपी अरविंद सिंह ने एसडीओपी कार्यालय में सकोरे स्थापित कर इस पहल की सराहना की। इसके अलावा अन्य प्रशासनिक कार्यालयों में भी कार्यकर्ताओं ने जाकर सकोरे लगाए और अधिकारियों-कर्मचारियों को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एबीवीपी के भाग संयोजक तुषार चौहान, कॉलेज अध्यक्ष गोविंद कुम्भकार, मोहित कुम्भकार, विजय मालवीय, गौतम शर्मा एवं प्रकाश बघेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर यह संदेश दिया कि छोटे-छोटे प्रयासों से हम प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने नगरवासियों से भी अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के स्थानों पर सकौरे रखकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें, जिससे इस भीषण गर्मी में उन्हें राहत मिल सके।

# चैत्र नवरात्र में मां आनंदी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, 28 मार्च को होगा विशाल भंडारा

**रीवा।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर रीवा जिले के बैकुण्ठपुर स्थित मां आनंदी धाम में इन दिनों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। रीवा मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित यह पवित्र स्थल बघेल समाज सहित आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों की गहरी आस्था का केंद्र बना हुआ है। नवरात्रि के शुभ दिनों में यहां सुबह 4 बजे से ही भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो जाती हैं और पूरे दिन पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी रहता है।बैकुण्ठपुर अंचल के अलावा आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर अपनी कुलदेवी मां आनंदी के दर्शन कर रहे हैं। युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सभी श्रद्धा और भक्ति भाव से माता के दरबार में माथा टेक रहे हैं। मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा जयकारों और भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।स्थानीय श्रद्धालुओं का मानना है कि चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि के दौरान मां आनंदी के दरबार में मांगी गई मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती हैं। यही कारण है कि इन दिनों यहां श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की अपेक्षा कई गुना बढ़ जाती है। लोग अपने परिवार की सुख-समृद्धि, व्यापार में उन्नति, संतान प्राप्ति और अन्य शुभ कार्यों की कामना लेकर माता के दरबार में पहुंचते हैं।यहां की एक विशेष परंपरा भी लोगों के बीच आस्था






का विषय बनी हुई है। कई भक्त अपनी मनोकामना पूरी होने पर माता को जीव (प्राण) चढ़ाने की परंपरा निभाते हैं। मान्यता है कि माता की कृपा से वह जीव सुरक्षित वापस लौट आता है। इस अनूठी परंपरा को देखने के लिए भी कई श्रद्धालु दूर-दूर से यहां पहुंचते हैं। करीब 300 वर्ष से अधिक प्राचीन मां आनंदी मंदिर का इन दिनों भव्य पुनर्निर्माण भी कराया जा रहा है। मंदिर के पुनर्निर्माण का कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। नगर से बाहर के विशेष कारीगरों द्वारा मंदिर के गर्भगृह के रूप में दो कमरों का निर्माण किया जा रहा है, जबकि चारों ओर एक विशाल हॉल बनाया जा रहा है ताकि बड़ी संख्या में आने वाले भक्तों को पूजा-अर्चना के दौरान अधिक सुविधा मिल सके। मंदिर समिति और स्थानीय कार्यकर्ता तन-मन से इस कार्य में जुटे हुए हैं और पूरे परिसर को भव्य स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है।मंदिर परिसर में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं के लिए अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन आरती, भजन और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर 28 मार्च को मां आनंदी धाम में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बैकुण्ठपुर अंचल के कई गांवों से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

मंदिर समिति द्वारा भंडारे की तैयारियां भी जोर-शोर से की जा रही हैं। नवरात्रि के इन पावन दिनों में मां आनंदी धाम भक्तिभाव, विश्वास और आस्था का अद्भुत केंद्र बन गया है। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु माता के दर्शन कर अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में नवरात्रि का उत्साह और धार्मिक वातावरण देखने को मिल रहा है।

## शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने टीईटी परीक्षा के विरोध में कलेक्ट्रेट में सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन



**रीवा।** शिक्षक संयुक्त मोर्चा रीवा ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर प्रदेश में उत्पन्न हुए असंतोष के बीच मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट रीवा में सौंपा। शिक्षकों ने इस आदेश पर गहरी आपत्ति जताते हुए कहा कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों के लिए अचानक टीईटी परीक्षा अनिवार्य करना उनके अधिकारों और सेवा सुरक्षा के साथ अन्याय है। दरअसल, आयुक्त लोक शिक्षण मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा 02 मार्च 2026 को जारी निर्देश के बाद प्रदेश भर के शिक्षकों में चिंता और असमंजस की स्थिति बन गई है। इस निर्देश के अनुसार ऐसे शिक्षकों के लिए भी शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य करने की बात कही गई है, जिनकी सेवा अवधि 25 से 30 वर्ष तक पूरी हो चुकी है। कई ऐसे शिक्षक भी हैं जिनकी सेवानिवृत्ति निकट है, लेकिन उन्हें भी इस परीक्षा में शामिल होने के लिए बाध्य किया जा रहा है। शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस आदेश से प्रदेश के हजारों शिक्षक प्रभावित होंगे। उनका कहना है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा का मूल उद्देश्य नई नियुक्तियों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करना होता है, न कि लंबे समय से कार्यरत और अनुभवी शिक्षकों को सेवा से वंचित करना। दशकों से शिक्षा व्यवस्था में योगदान देने वाले शिक्षकों पर इस प्रकार की नई शर्तें लागू करना न्यायसंगत नहीं है।

मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि जिन शिक्षकों ने 25 से 30 वर्षों तक निरंतर सेवा देकर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है, उनके सेवा के अंतिम वर्षों में ऐसी परीक्षा की अनिवार्यता प्राकृतिक न्याय और सेवा सुरक्षा के सिद्धांतों के विपरीत है। उनका कहना है कि देश के विभिन्न राज्यों और न्यायालयों द्वारा भी यह दृष्टिकोण अपनाया गया है कि लंबे समय से सेवा दे रहे कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए और उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहिए। शिक्षकों का कहना है कि वर्तमान आदेश से प्रदेश भर में कार्यरत शिक्षकों के बीच असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। कई शिक्षक मानसिक दबाव और भय की स्थिति में हैं कि यदि वे इस परीक्षा में सफल नहीं हो पाए तो उनके भविष्य पर संकट खड़ा हो सकता है। इससे न केवल शिक्षकों का मनोबल प्रभावित होगा, बल्कि इसका सीधा असर शिक्षा व्यवस्था और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी पड़ सकता है। ज्ञापन में शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री से मांग की कि ऐसे शिक्षकों को टीईटी पात्रता परीक्षा से छूट दी जाए जिनकी नियुक्ति शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पहले की गई थी। उनका तर्क है कि इन शिक्षकों की नियुक्ति उस समय की सेवा शर्तों और नियमों के आधार पर की गई थी, इसलिए बाद में नई पात्रता परीक्षा लागू करना उचित नहीं है।

### संविधान का किया उल्लेख

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के तहत सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्राप्त है। साथ ही सेवा नियमों और नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करना भी आवश्यक है। ऐसे में लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों पर नई पात्रता परीक्षा लागू करना इन सिद्धांतों के विपरीत माना जा सकता है। शिक्षक संगठनों ने यह भी मांग की कि बिना किसी दोष या अक्षमता के ऐसे शिक्षकों को नई पात्रता परीक्षा के आधार पर सेवा से पृथक नहीं किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि वर्षों से कार्यरत शिक्षकों का अनुभव और योगदान ही उनकी योग्यता का प्रमाण है और उन्हें अचानक नई शर्तों के आधार पर सेवा से हटाने का खतरा पैदा करना उचित नहीं है। शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस पूरे मामले पर शीघ्र विचार किया जाए और शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाएं। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय में इस विषय पर पुनर्विचार याचिका दायर कर शिक्षकों को राहत दिलाई जाए। ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसमें आजाद अध्यापक संघ, राज्य सहायक अध्यापक संघ, मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस, शासकीय सेवक सेतु, राज्य अध्यापक शिक्षक संघ, एनएमओपीएस और प्रांतीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष, संभागीय अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

## अस्थाई अतिक्रमण को निगम ने ढहाया

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार शहर में बढ़ते अतिक्रमण के विरुद्ध नगर निगम द्वारा सख्त एवं निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 24 मार्च को जोन क्रमांक 02 अंतर्गत गांधी कॉम्प्लेक्स में



दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के सामने लोहे के दर्जनों रैम्प बनाकर स्थायी अतिक्रमण कर लिया गया था। जिस कारण आम नागरिकों एवं वाहन चालकों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। जिसे हटाने की कार्यवाही की करते हुए सड़क को व्यवस्थित कर रोड चौड़ीकरण किया गया जिससे क्षेत्र में यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। साथ ही मौके पर दुकानदारों को सख्त चेतावनी भी दी कि भविष्य में यदि किसी प्रकार का अतिक्रमण पुनः किया गया, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण प्रभारी श्री रावेन्द्र शुक्ला के साथ अतिक्रमण अमला मौजूद रहा।

# बाइक रिपेयरिंग के दौरान लगी भीषण आग

## दुकान का सामान जलकर खाक, आग की लपटें देखकर राहगीरों में मचा हड़कम्प

**रीवा।** शहर के शक्ति चौराहा क्षेत्र में मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक बाइक रिपेयरिंग के दौरान निकली चिंगारी ने अचानक भीषण आग का रूप ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई और दुकान में रखा ऑटो पार्ट्स सहित काफी सामान भी आग की चपेट में आ गया। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग अपनी-अपनी दुकानों से बाहर निकल आए। जानकारी के अनुसार शक्ति चौराहा के पास स्थित हुसैन ऑटो पार्ट्स नामक दुकान में एक बाइक की रिपेयरिंग का काम चल रहा था। उसी दौरान अचानक बाइक से चिंगारी निकल गई और कुछ ही पलों में आग भड़क उठी। आग लगते ही दुकान के अंदर मौजूद लोग घबरा गए और बाहर की ओर भागने लगे। देखते ही देखते बाइक पूरी तरह आग की लपटों में घिर गई। प्रत्यक्षदर्शी उमाशंकर मिश्रा, जो ग्राम नदना के निवासी हैं, ने बताया कि वे अपनी बाइक रिपेयर कराने दुकान पर पहुंचे थे। दुकान में बाइक की मरम्मत की जा रही थी। इसी दौरान बाइक में किक मारते ही अचानक तेज चिंगारी निकली और तुरंत आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को संभलने का मौका ही नहीं मिला। उमाशंकर मिश्रा के अनुसार कुछ ही सेकंड में बाइक आग की लपटों में घिर गई और आसपास रखे ऑटो पार्ट्स, ऑयल और अन्य ज्वलनशील सामग्री ने आग को और भड़का दिया। देखते ही देखते दुकान के अंदर रखा सामान जलने लगा और धुआं पूरे इलाके में फैल गया। आग की लपटें देखकर आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में भी हड़कंप मच



गया। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और तत्काल आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। स्थानीय लोगों ने बाल्टियों में पानी भरकर आग पर डालना शुरू किया। कुछ लोगों ने मिट्टी और गीले कपड़ों की मदद से भी आग को नियंत्रित करने की कोशिश की। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी और दुकान में रखा काफी सामान भी जल गया था। आग से दुकान मालिक को आर्थिक नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद दुकान के अंदर जले हुए ऑटो पार्ट्स और अन्य सामग्री का मलबा दिखाई दे रहा था। घटना के दौरान सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि घटनास्थल से लगभग 200 मीटर की दूरी पर फायर ब्रिगेड का कार्यालय स्थित है, लेकिन आग बुझने तक दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंच पाया। स्थानीय लोगों ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि समय पर फायर ब्रिगेड पहुंच जाती तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की मौजूदगी के बावजूद इतनी देर तक दमकल का न पहुंचना चिंताजनक है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं के समय फायर ब्रिगेड की तत्परता सुनिश्चित की जाए, ताकि आगजनी जैसी घटनाओं में नुकसान को कम किया जा सके। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के दौरान दुकान के आसपास काफी भीड़ जमा हो गई थी। कुछ लोग मोबाइल फोन से वीडियो भी बनाते नजर आए, जबकि कई लोग आग बुझाने में लगे रहे। लोगों की तत्परता और सहयोग के कारण आग को आसपास की अन्य दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बाइक में शॉर्ट सर्किट या किक मारते समय निकली चिंगारी से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सुरक्षा मानकों को लेकर भी चिंता जताई है।

विशेषज्ञों का कहना है कि बाइक रिपेयरिंग की दुकानों में अक्सर पेट्रोल, इंजन ऑयल और अन्य ज्वलनशील पदार्थ मौजूद रहते हैं। ऐसे में छोटी सी चिंगारी भी बड़ी आग का रूप ले सकती है। इसलिए ऐसी दुकानों में अग्निशमन के प्राथमिक साधन जैसे फायर एक्सटिंग्विशर का होना अत्यंत आवश्यक है। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और अग्निशमन विभाग की तत्परता को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। फिलहाल घटना के बाद स्थिति सामान्य हो गई है, लेकिन इस आगजनी ने लोगों को सतर्क जरूर कर दिया है। स्थानीय प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह इस मामले की जांच कर आवश्यक सुरक्षा उपायों को लागू करे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## कांग्रेस ने जारी की विधानसभा मंडलम अध्यक्षों का सूची

**रीवा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे एवं लोकसभा मे विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संगठन सृजन अभियान मे मण्डलम अध्यक्षों की भूमिका को पार्टी संगठन को सुदृढ करने मे महत्वपूर्ण ईकाई माना हैं, तथा संगठन को ग्राम पंचायत/नगर के वार्डो मे कमेटियों के गठन को प्राथमिकता दी हैं। इस उद्देश्य से प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अनुमोदित जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने विधानसभावार मण्डलम अध्यक्षों की सूची जारी की हैं, जिसके अनुसार विधानसभा सिरमौर-68 के ब्लाक सिरमौर मे मण्डलम राजगढ़ प्रेमलाल दाहिया, पड़री दिलीप सिंह, बदरांव गौतमान अरूण कुमार पाण्डेय, तिलखन अजीत सिंह, उमरी राजेन्द्र द्विवेदी, क्योंटि में मनीष मिश्रा, सिरमौर में हीरामणि मिश्रा, बैकुण्ठपुर में मुजीब खान, ब्लाक जवा के चौखण्डी शारदा प्रसाद द्विवेदी, किरहाई संदीप त्रिपाठी, जवा विजय कुमार सिंह, सितलहा प्रभाकर सिंह पटेल, गाढ़ा 137 धनेन्द्र पाण्डेय, पटेहरा संजय कुमार पाण्डेय, ब्लाक डभौरा में खाझा गुमान सिंह, पनवार रामायण तिवारी, बरहुला बालमुकुंद



तिवारी, अतरैला अवध नारायण साहू, लोहगढ़ रामनिवास पाण्डेय, डभौरा अरूण सिंह, विधानसभा सेमरिया 69 के ब्लॉक बनकुइंया के मण्डलम बहुरीबांध रामेश पाण्डेय, चौरा कमलेश तिवारी, दादर मनोज शुक्ला, विहरा राजपति सिंह, बैजनाथ अशोक प्यासी, ब्लॉक मझियार के मण्डलम खैर पूर्णेन्द्र सिंह, मनकहरी रावेन्द्र कुमार तिवारी, कटकी अरूण कुमार द्विवेदी, मण्डलम शाहपुर के मण्डलम बरौं विश्नाथ सिंह, बीडा गुरूगोविन्दास सोनी, वीरखाम अनूप शुक्ला, मोहरबा अखिलेश द्विवेदी, ब्लाक सेमरिया के मण्डलम रगौली इन्द्रराज सिंह, कुम्हारा जुरमानी बीरेन्द्र सिंह, खम्हरिया राजेश कुमार शर्मा, सेमरिया जावेद खान, बडी हर्रई भूपेन्द्र सिंह, तिघरा दिनेश कुमार त्रिपाठी, बधरा रामचंद्र मिश्रा, विधानसभा त्योंथर-70 के ब्लाक त्योंथर में मण्डलम चांदी दिनेश सिंह, त्योंथर इलाही बक्स, अंजोरा लाल बहादुर सिंह, सोहागी इन्द्रनारायण भूर्तिया, कांकर विष्णुदेव सिंह, कटरा दिनेश कुमार पाल, मझिगवां अमित कुशवाहा, ब्लाक चाकघाट के मण्डलम चाकघाट नारायणदास केशरवानी, बडागांव मुनि महेश सिंह, कोरांव रमाशंकर कोल, रायपुर हरीशचंद्र भूर्तिहा, सोनौरी जय प्रकश सिंह, चौरा अशोक सिंह, ब्लाक गढी के मण्डलम सूती विनय सिंह, चौखडा अमित सिंह, गढी राजेश कुमार तिवारी, बाबा की बरौली राजेन्द्र सिंह, कोटरा कला रामबहादुर सिंह, परिसया देवेन्द्र सिंह, भुनगांव डॉ रामदरश सिंह, विधानसभा मनगवा-73 के ब्लाक गंगेव मण्डलम गंगेव ऋषिकेश पाण्डेय, रधुनाथगंज उमेश पटेल, मढ़ी राकेश सिंह, जोरौट रजनीश पाण्डेय, तिवनी देवेन्द्र चतुर्वेदी, जोरौड़ी अम्बुज पाण्डेय, बेलवा पैकान, संतोष चतुर्वेदी, मनगवां पुष्पेन्द्र वर्मा, ब्लाक लालगांव के मण्डलम लालगॉव बी पी सिंह, देवास मनकेश तिवारी, रौरा अम्बरीश पटेल, तेंदुन राजेश सिंह, हिनौती बृजराज सिंह, ब्लाक गढ के मण्डलम गढ़ अच्छे खान, लौरी सतेन्द्र सिंह, खर्रा राम प्रसाद पाठक, कसियारगांव संदीप सिंह, भीर राजेश तिवारी, रामपुर पवन मिश्रा।

## पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ




**रीवा।** नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय रीवा में माननीय कुलगुरु प्रो. (डॉ.) मनदीप शर्मा के संरक्षण एवं अधिष्ठाता डॉ. अजीत प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, रीवा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (पुरूष एवं महिला) द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम सिलपरा में 24 मार्च 2026 से 30 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। इस शिविर के अंतर्गत दिनांक 24 मार्च 2026 को स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम सिलपरा में स्वच्छता केम्पेन का आयोजन किया गया, इसके अंतर्गत ग्राम में छात्रों द्वारा साफ-सफाई करने के साथ ग्राम वासियों को गंदगी से होने वाली बीमारियों के संबंध में जागरूक किया गया। शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा स्वयंसेवकों को इस वर्ष की थीम ''मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिये युवा'' के संबंध में जानकारियों से अवगत कराया गया। डॉ. स्वतंत्र कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिकारी द्वारा स्वच्छता के साथ-साथ शिविर में अनुशासन के संबंध में जानकारी दी गई। डॉ. योगेश चतुर द्वारा स्वच्छता एवं इसके महत्व के संबंध में जागरूक किया गया। डॉ. बृजेश कुमार ओझा, कार्यक्रम समन्वयक, एन.एस.एस. इकाई ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में डॉ. अभिलाषा सिंह, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. शैलेन्द्र सिंह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के शुभारम्भ में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजीत प्रताप सिंह ने सभी छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में बताते हुये शिविर आरम्भ करने हेतु बधाई देते हुये प्रेषित किया।

**पुलिस द्वारा की गई संवेदनशील पहल**

# आईजी गौरव राजपूत एवं अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने किया रक्तदान

**समय जगत, रीवा।** सेवा और संवेदनशीलता की एक प्रेरणादायक तस्वीर सामने आई, जब आईजी गौरव सिंह राजपूत ने जिला अस्पताल पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान किया। वर्दी में जिम्मेदारियों का निर्वहन करने वाले इस वरिष्ठ अधिकारी ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए यह संदेश दिया कि सच्ची सेवा केवल कर्तव्य तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के प्रति समर्पण में भी झलकती है।

अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने उनकी इस पहल की सराहना करते हुए इसे आम जनता के लिए प्रेरणास्रोत बताया।रक्तदान के दौरान आईजी ने कहा कि एक यूनिट खून कई जिंदगियों को नई उम्मीद दे सकता है, इसलिए हर सक्षम व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान जरूर करना चाहिए। उनकी इस पहल से न सिर्फ पुलिस विभाग का मान बढ़ा है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक संदेश





गया है कि वर्दी के पीछे एक संवेदनशील दिल भी होता है। इस मौके पर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग दिया।आईजी गौरव सिंह राजपूत का यह कदम रीवा जिले में जनसेवा और जागरूकता की नई मिसाल बन गया है, जो लोगों को मानवता के इस पुनीत कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा।

इसी प्रकार जानकारी के अनुसार, रीवा के जिला चिकित्सालय में भर्ती एक गर्भवती महिला की डिलीवरी के दौरान अचानक रक्त की कमी हो गई। डॉक्टरों ने तत्काल रक्त की व्यवस्था करने की बात कही, लेकिन परिजन थोड़े समय में रक्त की व्यवस्था नहीं कर पा रहे थे। ऐसी स्थिति में जब यह जानकारी अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल तक पहुंची, तो उन्होंने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए तुरंत मदद के लिए आगे कदम बढ़ाया। थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल बिना समय गंवाए जिला चिकित्सालय पहुंचे और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद स्वेच्छा से रक्तदान किया। उनके इस कदम से न केवल गर्भवती महिला की जान बचाने में मदद मिली, बल्कि उसके परिजनों के चेहरे पर भी राहत की मुस्कान लौट आई। परिजनों ने पुलिस अधिकारी के इस मानवीय कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब वे बेहद परेशान थे, तब पुलिस अधिकारी ने परिवार के सदस्य की तरह मदद की।अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने भी शिवा अग्रवाल की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि समय पर रक्त मिलने से मरीज की स्थिति संभालने में काफी मदद मिली। डॉक्टरों के अनुसार, प्रसव के दौरान कई बार अचानक रक्त की आवश्यकता पड़ जाती है और ऐसे समय में यदि तुरंत रक्त उपलब्ध हो जाए तो मरीज की जान बचाई जा सकती है।शिवा अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि पुलिस का कर्तव्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं है, बल्कि समाज की हर परिस्थिति में लोगों के साथ खड़े रहना भी है।

## संपादकीय

# जल संरक्षण के लिये गंभीर प्रयास हैं जरूरी

जल संरक्षण आज देश- दुनिया के लिये बड़ा मुद्दा है। ऐसे में इस दिशा में गंभीर प्रयास एवं मंथन चलता रहता है। हाल ही में दुनिया भर में विश्व जल दिवस मनाया गया है। ग्लोबल साइंस एकेडमी ने सार्वजनिक स्वास्थ्य, लैंगिक न्याय और सभ्यतागत मूल्यों को समुद्री कानून से जोड़कर जल बचाने की अंतरराष्ट्रीय कौशिश को हवा दी है।इस अवसर पर 5+5 ओशन डिकेड कॉन्फ्रेंस की डिजिटल प्रोसीडिंग्स भी लॉन्च की गई। यह आयोजन भारत और दक्षिण एशिया की समुद्री रणनीति में एक बड़े परिवर्तनकारी बदलाव का संकेत कहा जा रहा है। यह तकनीकी चर्चा ईद के बाद सांस्कृतिक चिंतन और नवरात्रि के पवित्र त्योहार के दौरान आयोजित की गई। इस कार्यक्रम ने पारंपरिक आर्थिक विमर्श से ऊपर उठकर समुद्री कानून 2026 सार्वजनिक स्वास्थ्य और मानवीय सुरक्षा के बीच के अंतर्संबंधों को रेखांकित किया है। चर्चा सत्र की अध्यक्षता करते हुए ग्लोबल साइंस एकेडमी के संस्थापक निदेशक और मुंसिफ टीवी के ब्यूरो हेड डॉ. अनिल प्रताप सिंह ने जल को केवल एक संसाधन के रूप में नहीं, बल्कि एक मौलिक सभ्यतागत मूल्य के रूप में परिभाषित किया। ऋग्वेद के श्लोकों और महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए डॉ. सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि बीबीएनजे समझौते का कार्यान्वयन समानता पर आधारित होना चाहिए।उन्होंने कहा, सार्वजनिक स्वास्थ्य को समुद्री कानून के भीतर समाहित किया जाना चाहिए। तटीय शासन बीमारियों, विस्थापन और शोषण की जमीनी हकीकतों को नजरअंदाज नहीं कर सकता। आज, हम सिद्धांतों से आगे बढ़कर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हाशिए पर रहने वाले लोगों–ओशन विडो से लेकर मछली पकड़ने वाले समुदायों–की आवाज़ वैश्विक रिकॉर्ड में दर्ज हो। डॉ सोमीरन दास और डॉ. सोमनाथ भट्टाचार्य ने टिकाऊ शासन के लिए समुदाय-संचालित और सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य समाधानों पर जोर दिया। जबकि डॉ. सतरूपा पाल और डॉ. शिल्पा नंदी के शोध ने अनियंत्रित तटीय पर्यटन में निहित स्वास्थ्य और सुरक्षा जोखिमों के प्रति आगाह किया।डॉ. आलोक राय और डॉ. सोमीरन दास ने राष्ट्रीय सुरक्षा निगरानी को मानव तस्करी और अवैध मछली पकड़ने के नेटवर्क के खिलाफ सक्रिय लड़ाई से जोड़ा।सत्र में विन्निपेग, कनाडा से डॉ. अवनीश जॉली ने ग्लोबल नॉर्थ का दृष्टिकोण साझा किया। आज जल संरक्षण के लिये ऐसे ही जागरुकतापूर्ण प्रयासों की जरूरत है और इसमें लोगों की सहभागिता भी जरूरी है।

# आदर्शवान मुख्यमंत्री हैं डॉ. मोहन यादव

**निलय श्रीवास्तव**

अपने कुशल नेतृत्व से विश्व को आकर्षित करने वाले देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदर्श, सिद्धांत उन लोगों के लिये प्रेरक संदेश हैं जो राजनीति को देश सेवा का माध्यम नहीं मानते। मोदी जी ने राजनीतिक मूल्यों, सिद्धांतों को जिस जीवटता के साथ अपनाया है उसके कायल सिर्फ भारत के ही नहीं बल्कि विश्व के अनेक देशों के लोग हैं। उन्हीं के पद्चिन्हों पर चलने वाले मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का जल और जमीन से गहरा नाता रहा है। दूरदर्शी सोच, निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता और सरल, सौम्य व्यक्तित्व के कारण वे अल्प समय में ही सबके चहेते और विश्वासपात्र बन गये हैं। उनकी कार्यप्रणाली सबसे जुदा और पारदर्शी है। प्रदेश के लोग मान बैठे हैं कि डॉ मोहन यादव के हाथों में उनका भविष्य सुरक्षित है। राजनीतिक घटनाक्रम और प्रदेश के सामाजिक आर्थिक हालात पर पैनी नजर रखने वालों का स्पष्ट मानना है कि डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के रास्ते पर निरंतर आगे बढ़ रहा है, स्वर्णिम मध्यप्रदेश का सपना जो कभी प्रदेश के लोगों की आँखों में बसा था उसे साकार होते देखा जा रहा है। प्रसंगवश बता दें कि लगभग सवा दो साल पहले जिस दिन मोहन यादव मुख्यमंत्री बने थे, तब से लेकर अब तक उन्होंने लोकप्रियता हासिल करने का सस्ता उपक्रम नहीं किया बल्कि सबको विस्मय में डालने वाले कटु फैसले भी लिये। याद दिलाना होगा कि वे ऐसे मामले रहे थे जिन पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्रियों ने सिर्फ विचार विमर्श ही किया, फैसले लेने की हिम्मत कोई जुटा नहीं सका था। उन लोगों ने सिर्फ अपनी कुर्सी की चिंता की, जनता से किये वायदों से मुकर गये। उनके विपरीत डॉ मोहन यादव एक ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो प्रदेश के सामान्य व्यक्ति की भी फिक्र करते हैं। आमजन के बीच उनका सामंजस्य निरंतर बना हुआ है। उनके आलोचकों को मुहँ की खानी पड़ी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आदर्श मानकर अपने प्रदेश के हित में सदा प्रयत्नशील रहने वाले डॉ मोहन यादव की जन्मस्थली और कर्मस्थली वह उज्जैन नगरी है जहाँ महाकाल विराजते हैं। महाकाल का आर्शीवाद उन्हें प्राप्त है तभी तो काफी कम समय में ही उन्होंने सफलता की विभिन्न ऊचाँइयों को स्पर्श किया। 25 मार्च 1965 को उज्जैन के कृषक परिवार में जन्में मोहन यादव अपने अध्ययन के दिनों से ही संघ की गतिविधियों से प्रभावित थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ने का यह बड़ा कारण रहा था। विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्हें वर्ष 2004 में सिंहस्थ आयोजन में बड़ी जिम्मेदारी मिली तो उनकी लोकप्रियता को गति मिली। उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पद पर कार्य करने के बाद उन्हें मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम का अध्यक्ष भी बनाया गया। यहाँ जिस जीवटता के साथ उन्होंने कार्य किया वह उल्लेखनीय बन गया। वर्ष 2013 में प्रथम बार विधायक तथा 2020 में उच्च शिक्षा मंत्री बनाये गये। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नवाचार हुए। अब वह समय आ गया था जब मोहन यादव की गिनती प्रदेश के दिग्गज नेताओं में होने लगी। समय गुजरता गया और उनकी सक्रियता बढ़ती गयी। वर्ष 2023 के विधान सभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत के बाद डॉ मोहन यादव को मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया। प्रदेश में अपनी सक्रियता निरंतर बरकरार रखते हुए तथा सबके विश्वासपात्र बनकर आज वे एक सफल मुख्यमंत्री के रूप में हमारे बीच हैं। उनकी कर्त्व्य परायणता और परिश्रम के परिणाम मिलने शुरू हो गयें हैं। प्रदेश के लोगों से किये वायदे पूरे होते देखे गये हैं। उनके काम में पारदर्शिता और गंभीरता का ही सुफल है कि स्वर्णिम मध्यप्रदेश की अवधारणा पूरी हो रही है। महिला सम्मान के लिये किये गये उनके प्रयास अकसर सराहे जाते हैं। हाल ही में मध्यप्रदेश के बजट में महिला सशक्तिकरण के लिये आवंटित धनराशि से इसका प्रमाण मिलता है। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से मातृ शक्ति को संबल देने के साथ युवा प्रतिभा को धरातल पर उतारने के लिये शिक्षा और खेल कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के प्रयास भी किये गए हैं। प्रदेश सरकार ने अन्नदाताओं के लिये भी अपने खजाने खोल दिये हैं। माना जाता है कि किसान की समृद्धि से ही प्रदेश खुशहाल होता है। डॉ. मोहन यादव की गिनती मध्यप्रदेश के उन बिरले नेताओं में होती है जो लीक से हटकर काम करने के लिए जाने जाते हैं। दो साल से कुछ अधिक के कार्यकाल में वे अपने पूर्ववर्ती मुख्यमंत्रियों से आगे निकल गए हैं। सबसे खास बात यह है कि उन्हें नेताओं की तरह ढकोसला करना नहीं आता है, एकदम सहज और सरल उनकी व्यवहारिकता मध्यप्रदेश से लेकर दिल्ली तक लोगों को मोह लेती है। कहते हैं ना कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं, कुछ वैसा ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ है। वे दिन-रात मेहनत करते हैं लेकिन स्वयं के साथ प्रदेश की सात करोड़ से अधिक जनता को भी आनंदित करते हैं। 60 वर्ष की उम्र ऐसी है जहां मनुष्य अपने जीवन की नयी पारी शुरू करता है और मोहन यादव की नयी पारी में मध्यप्रदेश अभिभूत होगा क्योंकि उन पर महाकाल की कृपा है और वे सम्राट विक्रमादित्य के अनुयायी हैं।

# हिंदी पत्रकारिता के निर्भीक स्तंभ गणेश शंकर विद्यार्थी

## नजरिया

**है नहीं शमशीर मेरे हाथ में तो क्या हुआ, मैं अपनी कलम से ही करूंगा, दुश्मनों के सर कलम। निसंदेह हिंदी पत्रकारिता जगत के निर्भीक, क्रांतिकारी पत्रकार, स्वाधीनता सेनानी, समाजसेवी और कुशल राजनीतिज्ञ गणेश शंकर विद्यार्थी ने आजादी की लड़ाई में अपनी कलम को ही अपना अस्त्र बना लिया। उनके पास सत्ता की ताकत नहीं थी किंतु अपनी बेबाक धारदार कलम से अंग्रेज हुकूमत की दमनकारी नीतियों, सामाजिक अन्याय, शोषण और जमींदारों, सामंतों के अत्याचारों के विरुद्ध राष्ट्रहित जनहित में इंकलाब का उद्घोष किया। 26 अक्टूबर1890 को इलाहाबाद में जन्मे विद्यार्थी का बचपन मध्य प्रदेश के वर्तमान अशोकनगर जिले के मुंगावली में बीता। प्रारंभिक शिक्षा प्रयागराज में हुई।पढ़ाई के दौरान ही उनका विवाह हो गया। कानपुर कर्म स्थली रही। कानपुर के सूती मिल के मजदूरों की दुर्दशा देख उनके हितों के संघर्ष हेतु उन्हें संगठित किया।**

**डॉ. अशोक कुमार भार्गव**

1908 में कानपुर करंसी में नौकरी की बाद में हाई स्कूल में शिक्षक बने किंतु दोनों ही स्थान पर देश प्रेम को समर्पित अभ्युदय पत्रिका पढ़ने से मना करने पर स्वाभिमानी विद्यार्थी ने नौकरी से त्यागपत्र दे दिया। 1913 में महाराणा प्रताप के पराक्रम से प्रेरित होकर प्रताप नामक साप्ताहिक पत्र प्रारंभ किया। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने आशीष स्वरुप प्रताप के लिए यह पंक्तियां प्रेषित की जिसको न निज गौरव तथा निज देश का अभिमान है, वह नर नहीं नर पशु निरा है और मृतक समान है विद्यार्थी ने इसे आरंभ से अंत तक प्रताप का मूल मंत्र बना पत्रकारिता को सामाजिक कर्म का प्रतीक निरूपित किया। प्रताप का समग्र सृजन नैतिक मूल्यों, आदर्शों, जन आंदोलनों और आजादी की लड़ाई के प्रति प्रतिबद्ध था। स्वाधीनता संग्राम के उच्चतम प्रतिमानों से प्रेरित होकर विद्यार्थी ने प्रताप के पहले अंक में प्रताप की नीति लेख लिखा जो आज भी पत्रकारिता के आदर्श घोषणा पत्र के रूप में प्रतिष्ठित है। वे लिखते हैं आज अपने हृदय में नई-नई आशाओं को धारण करके और अपनी उद्देश्यों पर पूर्ण विश्वास रखकर प्रताप कर्म क्षेत्र में आता है। समस्त मानव जाति का कल्याण हमारा परमोद्देश्य हैऔर इसकी प्राप्ति का एक बहुत बड़ा जरूरी साधन हम भारतवर्ष की उन्नति को समझते हैं। वे प्रताप के माध्यम से अपनी ज़िम्मेदारियों को रेखांकित करते हुए लिखते हैं हम अपने देश और समाज की सेवा के पवित्र काम का भार अपने ऊपर लेते हैं। हम अपने भाइयों और बहनों को उनके कर्त्तव्य और अधिकार समझाने का यथाशक्ति प्रयत्न करेंगे। राजा और प्रजा में,एक जाति और दूसरी जाति में, एक संस्था और दूसरी संस्था में बैर और विरोध, अशांति और असंतोष ना होने देना हम अपना परम कर्तव्य समझेंगे। इसी लेख में वे पत्रकारिता के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए लिखते हैं किसी की प्रशंसा या अप्रशंसा, किसी की प्रसन्नता या अप्रसन्नता, किसी की घुड़की या धमकी हमें अपने सुमार्ग से विचलित न कर सकेगी। सत्य और न्याय हमारे भीतरी पथ प्रदर्शक होंगे। सांप्रदायिक और व्यक्तिगत झगड़ों से प्रताप सदा अलग रहने की कोशिश करेगा। उसका जन्म किसी विशेष सभा, संस्था, व्यक्ति या मत के पालन पोषण,रक्षण या विरोध के लिए नहीं हुआ है किंतु उसका मत स्वातंत्र्य विचार और उसका धर्म सत्य होगा। हम जानते हैं कि हमें इस काम में बड़ी-बड़ी कठिनाइयों को सामना करना पड़ेगा और इसके लिए बड़े भारी साहस और आत्म बल की आवश्यकता है। हमें यह भी अच्छी तरह मालूम है कि हमारा जन्म निर्बलता, पराधीनता और अल्प सत्ता के वायुमंडल में हुआ है तो भी हमारे हृदय में सत्य की सेवा करने के लिए आगे बढ़ने की इच्छा है। हम न्याय में राजा और प्रजा दोनों का साथ देंगे परंतु अन्याय में दोनों में से किसी का भी नहीं। हमारी यह हार्दिक अभिलाषा है कि देश की विविध जातियों,संप्रदायों और वर्णों में परस्पर मेल मिलाप बढ़े।



विद्यार्थी का अपने सिद्धांतों और मूल्यों के प्रति समर्पण अद्भुत था। अपने उद्देश्यों से भटकना वे मृत्यु के समान मानते थे। इसीलिए वह स्पष्ट करते हैं कि जिस दिन हमारी आत्मा ऐसी हो जाए कि हम अपने प्यारे आदर्श से डिग जावें, जानबूझकर असत्य के पक्षपाती बनने की बेशर्मी करें और उदारता, स्वतंत्रता तथा निष्पक्षता को छोड़ देने की भीरुता दिखाए,वह दिन हमारे जीवन का सबसे अभागा दिन होगा और हम चाहते हैं कि हमारी उस नैतिक मृत्यु के साथ ही हमारे जीवन का भी अंत हो जाए। विद्यार्थी की पत्रकारिता का यह कालजयी दर्शन आधुनिक भारतीय पत्रकारिता का प्रकाश स्तंभ है। अपने क्रांतिकारी लेखों और भाषणों के कारण कई बार प्रताप पर उन्हें जुर्माना, सजा, दंड, कुर्की और पांच बार जेल यात्रा की सौगातें प्राप्त हुई। उन्होंने महात्मा गांधी के अहिंसक आंदोलन के समर्थन के साथ ही भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों को हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई। यद्यपि विद्यार्थी ने स्वराज अखबार से उर्दू में लिखना प्रारंभ किया था किंतु हिंदी के प्रति उनके ममत्व ने उन्हें हिंदी में लिखने हेतु प्रेरित किया।उन्होंने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के हर संभव प्रयासों में अप्रतिम योगदान दिया। वह भाषा की महत्ता को गंभीरता से समझते थे इसीलिए एक बार बड़ी गहराई में उतर कर उन्होंने लिखा था मुझे देश की आजादी और भाषा की आजादी में से किसी एक को चुनना पड़े तो मैं निस्संकोच भाषा की आजादी चुनूंगा। देश की आजादी के बावजूद भाषा की गुलामी रह सकती है लेकिन अगर भाषा आजाद हुई तो देश गुलाम नहीं रह सकता। क्योंकि भाषा हमारे जातीय जीवन और संस्कृति की रक्षिका, शील का दर्पण और विकास का वैभव है। पराई भाषा चरित्र की दृढ़ता का अपहरण कर लेती है,मौलिकता का विनाश कर देती है और नकल करने का स्वभाव बना कर उत्कृष्ट गुणोंऔर प्रतिभा से नमस्कार करा देती है। उन्होंने हिंदी को साहित्यिक जटिलता से मुक्त कर भारत के स्वाधीनता संग्राम, जन जागरण, सांप्रदायिक सद्भाव,मजदूरों, किसानों और आम आदमी की भाषा बनाया। उनके लेखों में हिंदी सरल बोधगम्य सशक्त विद्रोही भाषा के रूप में विकसित हुई। उन्होंने विक्टर ह्यूगो के प्रसिद्ध उपन्यास नाइंटी थ्री का हिंदी में बलिदान नाम से अनुवाद किया। हिंदी में शेखचिल्ली की कहानियां लिखी। हिंदी साहित्य सम्मेलनों में सक्रिय भागीदारी की और सरस्वती, कर्मयोगी, स्वराज्य, हित वार्ता में उनके क्रांतिकारी लेख प्रकाशित होते रहे।

विद्यार्थी की प्रेरणा से 1924 में कानपुर कांग्रेस अधिवेश में श्यामलाल गुप्त पार्षद द्वारा रचित झंडा गीत विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा का स्वागत गीत के रूप में सामूहिक गायन प्रस्तुत किया गया। यह गीत आज भी देशवासियों के मन में ऊर्जा का संचार करता है। अंग्रेज हुकूमत ने 23 मार्च 1925 को शहीद ऐ आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी की सजा सुना दी। समग्र राष्ट्र शोक संतप्त हुआ। कानपुर में सांप्रदायिक दंगे भड़क गए। सर्व धर्म समभाव को भारत की आत्मा मानने वाले विद्यार्थी स्वयं सेवकों के साथ हिंदू मुस्लिम दंगों की धधकती ज्वाला को शांत करने, पीड़ित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए उनके बीच चले गए। इसी दौरान दंगाइयों ने उनकी नृशंस हत्या कर दी। दो दिन बाद लाशों के ढेर में उनके शव की पहचान की गई। हैवानियत के उस नर्क में आजादी का स्वप्न देखने वाली आंखें सदा के लिए बंद हो गई। जिस धार्मिक कट्टरता और उन्माद को शांत करने के लिए वे जीवन भर संघर्ष करते रहे उसी ने प्रताप को जीवन देने वाली लेखनी के साहसी योद्धा की जीवन यात्रा का ही जघन्य अवसान कर दिया।आजादी के लिए बलिदानों के महाकाव्य लिखने वाले असंख्य हुतात्माओं में गणेश शंकर विद्यार्थी का नाम सांप्रदायिक सद्भाव, मानवीय कल्याण, देश प्रेम देशभक्ति के निर्भीक इतिहास की वंदनीय शहादत बन गई। उनका विश्वास था कि धर्म ने ज्ञान प्रचार का आदेश दिया, धार्मिक आडंबर ने घोर अज्ञान फैलाया। धर्म ने मनुष्य के सामने धर्म का सर्वश्रेष्ठ आदर्श रखा किंतु धार्मिक आडंबरों ने उसे पग पग पर पीछे धकेला है। मजहबी कर्मकांड और रस्मोरिवाज की रक्षा करने के स्थान पर देश तथा राष्ट्की रक्षा करना मनुष्य जाति की उन्नति के लिए कहीं अधिक आवश्यक है। स्वतंत्रता का पवित्र आदेश है कि किसी को किसी के ऊपर स्वेच्छाचार करने का किसी को किसी का अधिकार छीनने हक नहीं होना चाहिए। भूमंडलीकरण के इस दौर में मीडिया बाजार वाद के दबाव में है। पत्रकारिता को बिकाऊ बनाने के प्रयास तेजी से हो रहे हैं और व्यावसायिकता की गला काट प्रतिस्पर्धा ने अखबारों को उत्पाद के रूप में प्रस्तुत करना शुरू किया है।

# संतुलन के लिए जरूरी रणनीतिक दिशा तय करना

**गुरुबचन जगत**

वैश्विक ताकतों के बीच दुनियाभर के संसाधनों को कब्जाने की होड़ लगी है। खासकर अपनी ऊर्जा आपूर्ति यकीनी बनाने के लिए। रूस-यूक्रेन युद्ध हो या अमेरिका-इस्राइल और ईरान की जंग - विश्व की आर्थिकी को बड़ी हानि हो रही है। भारत को अपनी अर्थव्यवस्था और आंतरिक-बाह्य सुरक्षा के लिए रणनीतिक दिशा तय करनी होगी। जून, 1914 में ऑस्ट्रिया के आर्कड्यूक फ्रांज़ फर्डिनेंड की हत्या उन मुख्य घटनाओं में से एक मानी जाती है जिनके परिणाम में प्रथम विश्वयुद्ध शुरू हुआ। इस युद्ध में अंतर्निहित बड़ा कारण था कि 'केंद्रीय शक्तियां' (जर्मनी, ऑस्ट्रिया-हंगरी और ओटोमन साम्राज्य) दुनियाभर में साम्राज्यवादी विस्तार और औपनिवेशीकरण करने की दौड़ में देर से शामिल हुई, जिसमें ब्रिटेन व फ्रांस वर्चस्व कायम कर चुके थे। कैसर विल्हेम द्वितीय के नेतृत्व में जर्मनी ने साम्राज्य स्थापना की महत्वाकांक्षा पाली थी,और इसी के चलते तनाव-संघर्ष की स्थिति पैदा हुई। बाकी सब इतिहास है। चार साल (1914-18) चले युद्ध में सैन्य व नागरिक हताहतों की संख्या 1.5 से 2.2 करोड़ होने का अनुमान है। वर्साय संधि पर हस्ताक्षर के साथ युद्ध औपचारिक रूप से खत्म हो पाया। लेकिन दुखद, इंसान की स्मृति इतनी कमज़ोर कि शायद ही कोई साल गुज़रता हो जब विश्व में कहं न कहीं हिंसा न भड़कती हो। व्यक्तियों की तरह, गरीब देश भी आपस में नहीं लड़ते-सिवाय कुछ मामलों के जहां विकास अभी कबीलाई चरण में है। अमीर, विकसित और सैन्य रूप से शक्तिशाली देश ही परस्पर लड़ते हैं, या फिर गरीब लेकिन प्राकृतिक संसाधन समृद्ध राष्ट्रों को उपनिवेश बनाने की कोशिश करते हैं। धर्म व नस्ल की इसमें अहम भूमिका हैं- अमूमन छद्म रूप में। किसी इंसान या देश को आखिर कितनी ज़मीन चाहिए? क्या यह कभी काफी रही? या फिर यह कि आप जितने अधिक शक्तिशाली होते हैं, लालसी उतनी ही बढ़ती जाती है? प्रथम विश्व युद्ध के बाद, जर्मनी, जापान और इटली ('धुरी की शक्तियां') अपने विशाल संसाधन के बूते धीरे-धीरे शक्तिशाली राष्ट्रों के रूप में उभरे; लेकिन इसके बावजूद उन्होंने यूरोप, उत्तरी अफ्रीका, प्रशांत द्वीपों और एशिया को जीतने का प्रयास किया। शक्तिशाली देशों को सदा प्रगति की जरूरत रहती है; यथास्थिति कभी पर्याप्त नहीं रही। उन्हें और भूमि व संसाधन चाहिए होते हैं, लूटने के लिए और धन व गुलाम बनाने को और अधिक स्त्री-पुरुष चाहिए होते हैं। इसी कारण द्वितीय विश्वयुद्ध छिड़ गया, जिसमें करोड़ों जानें गई और शहर और देश तबाह हुए। द्वितीयविश्व युद्ध में हुआ नुकसान प्रथम विश्वयुद्ध के मुकाबले कहीं अधिक था। आज दौड़ दुर्लभ भू-खनिजों, आपूर्ति शृंखलाओं और इनके खनन,




प्रसंस्करण से चुंबक बनाने की पूरी मूल्य शृंखला को सुरक्षित करने की लगी है। अमेरिका और चीन जैसी विशाल अर्थव्यवस्थाओं को इनकी ज़रूरत है, ठीक वैसे ही जैसे उन्हें अपने बड़े-बड़े डेटा सेंटर चलाने के लिए बेतहाशा ऊर्जा चाहिये। चूंकि हर चीज़ को जीडीपी वृद्धि के रूप में आंका जाता है, इसलिए कंपनियों के लिए ग्रोथ ज़रूरी है और मुकाबला बहुत कड़ा, गलाकाट है। निजी उद्योग से शुरू हुआ यह मामला धीरे-धीरे सियासी अखाड़े में फैल जाता है और जल्द ही सेनाएं भी आकर शामिल हो जाती हैं। 'कटिंग ऑफ द चाईनीज़ मेलन' (चीन को कब्जाने की तत्कालीन औपनिवेशिक ताकतों में होड़) से लेकर 'स्क्रैम्बल फॉर अफ्रीका' (अफ्रीकी देशों को गुलाम बनाने की दौड़) तक, इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है जब बड़ी ताकतों ने अपनी ज़रूरतें पूरी करने को कमज़ोर देशों की अर्थव्यवस्थाओं और संसाधनों को आपस में बांट लिया।

रूस, जिसके पास असीम भूमि है, यूक्रेन को पाना चाहता है–जिसे उसने सोवियत संघ के विघटन के साथ खो दिया था। यूक्रेन अपने मानव संसाधन, ज़मीन, परमाणु स्रोत और समुद्र तक पहुंच मार्ग के मामले में बहुत समृद्ध है, और रूस इसे पाना चाहता है। हमला करने का मौका तब मिला जब आशंका फलीभूत हुई कि नाटो यूक्रेन के जरिए रूस बॉर्डर तक प्रभाव बढ़ाना चाहता है। नाटो को भी यूक्रेन में वैसा ही मौका दिखा और वह भी उसके संसाधनों को बांटना चाहता है, जिसमें अमेरिकी स्पष्ट रूप से युद्ध का हर्जाना मांग रहा है। तरीका व परिणाम वही पुराना, युद्ध का तांडव। वेनेज़ुएला, अपने विशाल तेल भंडारों के साथ, अमेरिका के लिए आसान शिकार रहा। क्यूबा और ग्रीनलैंड अब सूची में अगले क्रम में हैं। वहीं इस्राइल मध्य-पूर्व को मर्ज़ी मुताबिक ढालना चाहता है, वहीं ईरान की अपनी योजना है। जैसे रूस ने यूक्रेन पर पूर्व-हमला कर दिया था, वैसे ही अमेरिकियों-इस्राइलियों ने ईरान को न्यूक्लियर बम और इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल निर्माण से रोकने को उस पर वार किया। तेल समृद्ध खाड़ी देश सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर हैं और इसलिए नुकसान झेल रहे हैं, वैसे ही जैसे ईरान की अप्रत्याशित युद्ध नीति व प्रतिक्रिया के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था हानि झेल रही है। बीते जमाने में, युद्ध थमने के बाद संधियों और संगठनों के जरिये आशा की किरण जगी बतौर लीग ऑफ नेशन्स के उत्तराधिकारी राष्ट्र संघ की स्थापना अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा यकीनी बनाए रखने के उद्देश्य से हुई; द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोप और जापान के पुनर्निर्माण में मदद के लिए विश्व बैंक समूह (पूर्व में अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण व विकास बैंक) की स्थापना की गई; व्यापार में अड़चनें कम करने को विश्व व्यापार संगठन (मूलत~ जीएटीटी, टैरिफ एवं व्यापार पर सामान्य संधि) बनाया; अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा प्रणाली की स्थिरता के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष बनाया गया; विश्व स्वास्थ्य संगठन का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य का समन्वय था, लंबी सूची में यूनिसेफ, यूनेस्को, आदि कई संगठन, संस्थान हैं, जिनके जरिये तत्कालीन नेतृत्व ने अतीत की गलतियां व भूलें सुधारने का प्रयास किया। इस घटनाक्रम में महान नेतृत्व भी पाया- हैरी एस. ट्रूमैन ने यूरोप के पुनर्निर्माण के लिए मार्शल प्लान लागू किया और द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका का नेतृत्व किया। ब्रिटेन के विंस्टन चर्चिल ने न केवल युद्ध के दौरान नेतृत्व किया, बल्कि युद्धोत्तर व्यवस्था के गठन में अहम भूमिका निभाई, जिसमें उनके द्वारा गढ़ा 'आयरन् कर्टेन' विशेषण भी शामिल है। चार्ल्स डी गॉल ने पांचवें गणराज्य की स्थापना की और फ्रांस को एक पराजित राष्ट्र से यूरोप की मुख्य शक्ति में बदला। जोसेफ स्टालिन ने सोवियत संघ को महाशक्ति बनाने में नेतृत्व किया,वहीं युद्धोत्तर पुनर्निर्माण व पूर्वी धड़े की स्थापना में योगदान दिया। उनकी राजनीतिक विचारधाराएं भिन्न थीं, लेकिन वे अपने-अपने देशों के महान नेता थे। आज, लगता है कि दुनिया 20वीं सदी के आरंभिक दौर में लौट गई है, जहां नेता दूसरे देशों को 'हड़पने' और 'नष्ट करने' की बातें कर रहे हैं-हमारे समय का नैतिक मार्गदर्शन कहां गया? उपरोक्त अधिकांश संगठनों को कमजोर होने दिया गया और आज वे अपने पूर्व स्वरूप का ढांचा व परछाई मात्र हैं।

# अमेरिका-ईरान युद्ध से अब इंटरनेट सेवाओं पर संकट के बादल

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

इंटरनेट की दुनिया अभी छह दशक भी पूरे नहीं कर पाई है कि बड़ी समस्या सामने आ गई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि 1960 में जब जेसीआर लिकलाइडर ने वैश्विक नेटवर्क की कल्पना की थी उस समय यह सोचा भी नहीं होगा कि तीन से चार दशक में ही इंटरनेट संचार जगत में बड़ी क्रांति लाने में सफल हो जाएगा। अमेरिका-इजरायल व ईरान युद्ध के चलते अभी विश्व के देश ऊर्जा संकट का समाधान तो निकाल ही नहीं पा रहे कि डिजिटल सेवाओं के बाधित होने के भय से दुनिया के देशों की सरकारों की जान सांसत में आने लगी हैं। इंटरनेट आज प्रमुख आवश्यकताओं में से एक हो गया है। एयर लाइंस, बैंकिंग सेवाएं, संचार व्यवस्था जिसमें संवाद कायम करने से लेकर सभी तरह की डिजिटल सेवाएं, स्टॉक मार्केट आदि आदि बुरी तरह से प्रभावित होने की संभावनाओं से नकारा नहीं जा सकता। आज इंटरनेट पर निर्भरता बहुत अधिक हो गई है। अमेरिका-ईरान युद्ध को जिस तरह से शुरुआती दौर में ट्रंप द्वारा हलके में लिया जा रहा था वास्तव यह ट्रंप की गलत फहमी ही रही। वैसे भी रुस यूक्रेन के युद्ध से ही अमेरिका को सबक लेना चाहिए था। दोनों देश पास पास होने और संसाधनों की दृष्टि से रुस अधिक ताकतवर होने के बावजूद आज तक कोई अंत नहीं दिखाई दे रहा। अमेरिका ईरान युद्ध के साइड इफेक्ट के रुप में अभी तो उर्जा संकट है पर जिस तरह के हालात बनते जा रहे हैं आने वाले समय में मध्य पूर्व के देशों में पेयजल और दुनिया के देशों के लिए इंटरनेट सेवाओं के प्रभावित होने की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। दरअसल जिस तरह से कच्चे तेल और एलपीजी आदि की दुनिया के देशों में सप्लाई हार्मुज जलडमरुमध्य के रास्ते होने और ईरान द्वारा इस रास्ते में अवरोध बनने से उर्जा संकट गंभीर रुप लेता जा रहा हैं। ठीक यही समस्या इंटरनेट को लेकर हो सकती है। कारण साफ है। युद्ध समाप्ति या यों कहें कि सीज फायर के आसार अभी तक बनते नहीं लग रहे तो दूसरी और ज्यों ज्यों एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने के अधिक प्रयास होंगे तो ईरान हथियार के रुप में समुद्र में बिछी केबल्स को भी नुकसान पहुंचाने में कोई गुरेज नहीं करेगा। दुनिया के इंटरनेट ट्रैफिक का प्रमुख रास्ता भी यही है। एक मोटे अनुमान के अनुसार 20 प्रतिशत ट्रैफिक हार्मुज और लालसागर के रास्ते से गुजरता है। हार्मुज जलडमरुमध्य तो हालात यहां तक है कि सकरे स्थान पर तो मात्र 200 फीट की गहराई पर ही सबमैरिन केबल लाईने बिछी हुई है। लगभग यही हालात लालसागर के हैं। वहां भी इंटरनेट सेवाओं के लिए सबमैरिन केबल्स बिछी हुई है। ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि ईरान द्वारा हार्मुज जलडमरुमध्य क्षेत्र में सुरंगे बिछाने का काम किया जा रहा है और इससे अन्य नुकसान होने के साथ ही फाइबर केबल्स के भी क्षतिग्रस्त होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। अधिकांश प्रमुख सेवा प्रदाताओं ने इसी क्षेत्र में डेटा सेंटर स्थापित कर रखे हैं। जानकारों के अनुसार हार्मुज क्षेत्र से करीब 20 और लालसागर क्षेत्र से 17 केबल्स गुजरती है। 2024 में भी लाल सागर क्षेत्र में हूती हमलों के दौरान केबल प्रभावित हो चुकी है। वर्तमान हालातों में यदि सबमैरिन केबल्स प्रभावित भी होती है तो हालात जिस तरह के हैं उनमें प्रभावित केबल्स को ठीक करनों में महीनों ही क्या साल भी लग सकता है और ऐसे में दुनिया के देश एक नए संकट के दौर से गुजरने को मजबूर हो जाएंगे। इंटरनेट की दुनिया अभी छह दशक भी पूरे नहीं कर पाई है कि बड़ी समस्या सामने आ गई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि 1960 में जब जेसीआर लिकलाइडर ने वैश्विक नेटवर्क की कल्पना की थी उस समय यह सोचा भी नहीं होगा कि तीन से चार दशक में ही इंटरनेट संचार जगत में बड़ी क्रांति लाने में सफल हो जाएगा। 1969 में अमेरिकी रक्षा विभाग द्वारा एंडवास्ड रिसर्च प्रोजेक्टस एजेन्सी नेटवर्क के लिए विंट सर्फ और बॉब काह्न ने टीसीपी/आईपी प्रोटोकाल विकसित किया। इंटरनेट की दुनिया में आमूलचूल बदलाव तो टिम बर्नर्स ली द्वारा ड्ब्लूड्ब्लूड्ब्लू वर्ल्ड वाइड वेब विकसित किया तो इससे संचार दुनिया ही बदल गई।

## संक्षिप्त समाचार

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने श्रमदान कर जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता का दिया संदेश



**समय जगत, टीकमगढ़।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पीजी कालेज टीकमगढ़ के समीप स्थित गणेश बावरी पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्वयं श्रमदान करते हुए जल स्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया। कलेक्टर श्रोत्रिय ने सभी जिलेवासियों से आह्वान किया कि जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी नागरिक आगे आएं और श्रमदान कर इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है तथा इसके लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम के दौरान जल स्रोतों की साफ-सफाई, संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामूहिक श्रमदान किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, सीएमओ नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ ओमपाल सिंह भदौरिया, पार्षद प्रतिनिधि सन्नी सोनी, रॉबिन हुड आर्मी के सदस्य, नगर पालिका उपयंत्री, समस्त कर्मचारियों सहित स्थानीयजन, नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अभियान को सफल बनाया। नगर पालिका टीकमगढ़ ने प्राचीन बाबरियों के पुनरुत्थान का लिया संकल्प जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर पालिका टीकमगढ़ द्वारा प्राचीन बाबरियों के पुनरुत्थान का संकल्प लिया गया है। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देना है। नगर पालिका स्थित प्राचीन बाबरियों की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं मरम्मत कार्य कर उसे पुनर्जीवित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा, जिससे जल संचयन को बढ़ावा मिल सके और क्षेत्र में जल संकट की समस्या का समाधान हो सके। इस अवसर पर अधिकारियों ने आमजन से भी अपील की कि वे जल संरक्षण के इस अभियान में सहभागिता निभाएं और अपने आसपास के जल स्रोतों की सुरक्षा एवं स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

### गड्ढे भरने पर राजेश जैन का जताया आभार




**समय जगत, विदिशा।** तिलक चौक से नीमताल तक पानी की लाइन डालने से मुख्य सड़क पर विगत दो माह से पूरी सड़क को खोद दी गई थी और दो माह से धूल मिट्टी के कारण व्यापारियों को स्वास्थ्य संबंधी और उनके दुकान का पूरा माल धूल, मिट्टी से खराब हो रहा था जिससे आमजन के साथ-साथ सभी व्यापारी अत्यंत परेशान थे। इस समस्या को दूर करने के लिए सभी व्यापारियों ने भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष और व्यापार महासंघ के पूर्व अध्यक्ष राजेश जैन के नेतृत्व में कल विशाल चक्काजाम और धरने का प्रभावी कार्यक्रम रखा, जिसे नगर पालिका के सीएमओ और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा द्वारा आश्वासन दिया गया कि एक दिन में ही इस समस्या को दूर कर दिया जाएगा आज राजेश जैन के प्रयासों के फल स्वरुप सड़क के गड्ढों को भरने के साथ समतल कर सड़क बनने का काम प्रारंभ हुआ इससे समस्त व्यापारियों ने भाई राजेश जैन का आभार व्यक्त किया है आभार व्यक्त करने वालों में संजीव जैन वर्धमान, नवल शास्त्री, विक्की अग्रवाल, प्रदीप बलेचा, रुपेश गर्ग, जगदीश मालवीय, मनीष वाधवानी, विकास जैन, दीपक मोटवानी, राकेश शर्मा, जमील भाई, फ़ामिद भाई, जिनेंद्र जैन, पिंकेश मोटवानी, दीपक डेमला, धर्मेंद्र जैन, सौरव जैन, देवेंद्र जोटवानी, हरीश भाई ने राजेश जैन एवं नगर पालिका प्रशासन, अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा का आभार प्रकट किया है।

### विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में सीएमई की गई आयोजित




**समय जगत, दतिया।** विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया के टीबी व चेस्ट विभाग, जनरल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिसिन व माइक्रोबायोलोजी विभाग द्वारा नवीन ओपीडी परिसर में सीएमई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समस्त चिकित्सा शिक्षक व एमबीबीएस छात्र छात्रायें उपस्थित हुए। कार्यक्रम में डॉ. दीपक सिंह मरावी अधिष्ठाता द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए टीबी व चेस्ट विभाग, जनरल मेडिसिन विभाग एवं अन्य विभागों की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. प्रदीप शुक्ला प्राध्यापक विभागाध्यक्ष कम्युनिटी मेडिसिन, डॉ. विशाल वर्मा जिला क्षय अधिकारी, डॉ. विधि शर्मा माइक्रोबायोलॉजी, डॉ. एमके भारती विभागाध्यक्ष टीबी व चेस्ट विभाग, डॉ. प्रवीण टैगोर विभागाध्यक्ष जनरल मेडिसिन विभाग, डॉ. धीरेश जायसवाल सहायक प्राध्यापक को अधिष्ठाता डॉ. दीपक सिंह मरावी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

### टीकमगढ़ जेल के कैदियों को मुनि श्री विकौशल सागर जी ने शराब एवं मांस का कराया त्याग

**समय जगत, टीकमगढ़।** परम पूज्य गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य श्रमण मुनि श्री 108 विकौशल सागर जी महाराज ने आज टीकमगढ़ जेल में कैदियों तथा जेलर सहित सभी अधिकारियों को संबोधित किया तथा सभी कैदियों को शराब, मांस तथा आत्महत्या करने का भी त्याग कराया। इस अवसर पर मुनि श्री ने कहा कि वास्तव में आप जो दुख भोग रहे हो इसका कारण कोई और नहीं अपितु आप स्वयं ही हो। दूसरा व्यक्ति ना तो किसी को दुख दे सकता है ना ही सुख। एकमात्र स्वयं के कार्य व्यक्ति के भाग्य के निर्माता है वह अपने लिए अच्छा कार्य करके अच्छा भाग्य तथा बुरे कार्य करके दुर्भाग्य का निर्माण कर सकता है। अच्छे कार्यों से अच्छी उपलब्धियां जैसे आज्ञाकारी पुत्र, शीलवती पत्नी, कुटुंब धन वैभव संपदा की प्राप्ति होती है तथा बुरे कार्यों से नरक गति एवं पशु गति के दुख भोगने पड़ते हैं इसीलिए बुराइयों को छोड़ना ही समझदारी है। बुराइयां यानी पाप कर्म - भगवान महावीर स्वामी ने हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील एवं परिग्रह इन्हें पाप कहा है अतः ऐसे कार्यों को छोड़कर अच्छे कार्यों में संलग्न होना चाहिए। मुनिश्री ने धर्म की परिभाषा बदलते हुए कहा कि वास्तव में जो स्वयं को खराब लगे उसे स्वप्न में भी दूसरों के लिए ना करना ना मन से ना वचन से ना क्रिया से, यह वास्तव में धर्म का प्रथम लक्षण है ऐसा शास्त्रों में उल्लेख है।

संविधान में भी इन पांच पापों के आधारभूत नियमों की रचना की गई है। इस प्रकार यदि हम दुखों से बचना चाहते हैं तो पहले इन पांच पापों को छोड़ें। अंत में कैदियों ने मुनि श्री के प्रवचनों से प्रभावित होकर मांस, शराब तथा आत्महत्या का त्याग किया तदुपरांत जेलर साहब तथा अन्य अधिकारियों को जैन समाज के व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया। मुनिश्री के द्वारा उनके लिए साहित्य भी प्रदान किया गया तथा वहां की लाइब्रेरी के लिए भी परम पूज्य आचार्य श्री विराग सागर जी द्वारा रचित साहित्य प्रदान किया गया। जेलर साहब ने प्रवचन के उपरांत संपूर्ण जेल का मुनि श्री के लिए निरीक्षण करवाया जिसमें पुस्तकालय, सिलाई सेंटर, आरोग्यधाम हॉस्पिटल तथा भोजनालय आदि दिखलाए गए अंत में मुनिश्री को नमस्कार करके सभी ने उनका आभार प्रकट किया।

# अंडर -13 इन्टर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

## ग्वालियर के खिलाड़ियों ने किया अपने नाम




**समय जगत, दतिया।** दतिया डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर -13 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में ग्वालियर की टीम ने शिवपुरी की टीम को एक पारी और 135 रन के विशाल अन्तर से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। विजेता टीम व अन्य खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी के सदस्य एवं ग्वालियर चंबल डिविजन के प्रभारी दिनेश शर्मा ने पुरस्कार वितरण किया। दतिया डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन सचिव संतोष लिटौरिया ने बताया कि समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी के सदस्य एवं ग्वालियर चंबल डिविजन के प्रभारी दिनेश शर्मा थे। समारोह में एसोसिएशन की ओर से स्वागत भाषण बालकृष्ण यादव ने दिया। कार्यक्रम का संचालन संतोष लिटोरिया ने किया। दो दिवसीय फाइनल में शिवपुरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन सोमवार को अपनी पहली पारी में 109 रन बनाकर ऑल आउट हो गई थी, जिसमें अर्जुन ठाकुर के 48 रन तथा कुशल सकलेचा के 25 रन बनाए थे। ग्वालियर के गेंदबाज आदर्श ने 5, देव कंसाना ने 3 विकेट एवं अरनव श्रीवास्तव ने 2 विकेट प्राप्त किए। ग्वालियर की टीम ने अपनी पहली पारी में 304 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया जिसमें मुकुंद शर्मा ने शानदार 145 रन बनाए। इस प्रकार ग्वालियर ने पहली पारी में 195 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। शिवपुरी के गेंदबाज अर्पित 5 और अक्सकमल ने 3 विकेट प्राप्त किए। शिवपुरी की दूसरी पारी ग्वालियर के गेंदबाजों के सामने पूरी टीम मात्र 60 रनों पर ढह गई जिसमें अर्जुन ठाकुर ही 26 रनों का योगदान अपनी टीम को दे सके अन्य बल्लेबाज दहाई का अंक भी हासिल नहीं कर सके। इस तरह ग्वालियर ने एक पारी और 135 रन से फाइनल मैच जीतकर ट्रॉफी का खिताब जीता। एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम सिंह ग्वालियर टीम के विजेता को बधाई दी। टूर्नामेंट के मेन ऑफ दी सीरीज आदर्श रावत रहे जिन्होंने सर्वाधिक 12 विकेट टूर्नामेंट में प्राप्त किए। फाइनल मैच के मेन ऑफ द मैच मुकुंद शर्मा रहे। इस अवसर पर सरदार फतेह सिंह, पंकज भट्ट, अनिल लिटोरिया, विशाल श्रीवास्तव, धर्मेंद्र घनघोरिया, संतोष सेन, सत्यनारायण शास्त्री, महेश चांदवानी, श्रीराम सेन, संजीव दुबे, अनवर अली, प्रेरणा राजा चौहान एवं एसोसिएशन के सभी खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# देवरदा पंचायत में गंदगी और भ्रष्टाचार के आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश



**समय जगत, बल्देवगढ़।** जनपद पंचायत बल्देवगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरदा में सरपंच की कथित मनमानी से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। गांव में फैली गंदगी और कचरे के ढेर से लोग परेशान हैं, जिससे स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमराई नजर आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में नियमित सफाई नहीं कराई जा रही है, जिसके चलते जगह-जगह कचरा जमा हो गया है। इससे न केवल वातावरण दूषित हो रहा है, बल्कि बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता मिशन की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इस मामले को लेकर गांव के रहीश यादव ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया है, जिसमें गांव की गंदगी और अव्यवस्थाओं को दिखाया गया है। वीडियो के माध्यम से उन्होंने सरपंच और सचिव से तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यों में भी अनियमितता और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि विकास कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है और योजनाओं में मनमानी तरीके से राशि का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, साथ ही गांव में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई।

## नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज

**समय जगत, सिवनी मालवा।** शिवपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। घटना विगत दिनों की बताई जा रही हैं। जिसके बाद पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 मार्च को आरोपी लक्ष्मण उर्फ पप्पू ने बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़कर जबरदस्ती करने की कोशिश की। घटना के बाद डरी-सहमी नाबालिग ने परिजनों को पूरी जानकारी दी। जिसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई।

### पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई

थाना प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि कोठरा निवासी आरोपी पप्पू उर्फ लक्ष्मण पिता चिरोजीलाल कोरकू के खिलाफ पॉस्को एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर, उसे गिरफ्तार कर लिया गया हैं।

# जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र में क्रेता-विक्रेता बैठक आयोजित

**समय जगत, टीकमगढ़।** बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया (बीआईएसए) के जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत यहां कृषि विज्ञान केंद्र (केव्हीके) टीकमगढ़ में क्रेता-विक्रेता बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराना, मंडी व्यापारियों से उनकी समस्याओं को सुनना और उन्हें डायरेक्ट मार्केट से जोड़ना था। बैठक में मंडी के व्यापारियों और किसानों के बीच खुली चर्चा हुई, जहां किसानों ने अपनी फसलों की बिक्री में आने वाली चुनौतियों, मूल्य निर्धारण, परिवहन और गुणवत्ता संबंधी मुद्दों को रखा। व्यापारियों ने भी अपनी मांगें और सुझाव साझा किए, जिससे दोनों पक्षों के बीच बेहतर समझ विकसित हुई। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को क्लाइमेट रेसिलिएंट (जलवायु अनुकूल) बीज, तकनीक और बाजार लिंकेज प्रदान करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में संसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़ के अधिष्ठाता डॉ डीएस तोमर, कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी डॉ बी एस किरार एवं अन्य वैज्ञानिक, बीरेंद्र सिंह परमार, सहायक कृषि यंत्री डीलेश्वर बंदेवार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तिवारी, बीआईएसए प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. पंकज कुमार, आजीविका मिशन से रमेशचंद जैन, पतंजलि से श्री राय उपस्थित रहे। बीआईएसए के प्रतिनिधियों ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए अनुकूल कृषि पद्धतियों पर प्रकाश डाला। बैठक में किसान कल्याण वर्ष 2026 के संदर्भ में भी चर्चा हुई, जो मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के उत्थान के लिए समर्पित है। प्रतिभागी किसानों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें सीधे खरीदारों से जुड़ने का मौका मिला, जो उनकी आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। यह बैठक जलवायु अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने और किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत्त कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्रं. RS/444/0760/628/26

इश्तहार

आवेदक (1) श्रीमति प्रतिभा खेर पत्नि सुहास एन खेर (2) सुहास एन खेर आत्मज श्री एन.आर. खेर निवासी ए-3/408 आकृति ग्रींस सलैया भोपाल द्वारा ग्राम सलैया स्थित खसरा नंबर 238/1/2, 239/1, 241/2 247/2 व अन्य फ्लैट क्षेत्रफल 78.80 वर्गमीटर का विक्रयपत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 01/04/2026 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील कोलार जिला भोपाल

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत्त कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्रं. RS/444/0760/831/25

इश्तहार

आवेदक (1) श्रीमति सुनंदा टेकाडे पत्नि संजय टेकाडे (2) संजय टेकाडे आत्मज श्रीधर आनन्द राव टेकाडे निवासी ए-3/504 आकृति ग्रींस सलैया भोपाल द्वारा ग्राम सलैया स्थित खसरा नंबर 238/1/2, 239/1, 241/2, 283, 247/2 व अन्य फ्लैट क्षेत्रफल 78.80 वर्गमीटर का विक्रयपत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 01/04/2026 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील कोलार जिला भोपाल

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मैं किरण जादोन पति ईश्वर सिंह जादोन निवासी मकान नं. 147 ग्राम बोलाई तहसील गुलाना जिला शाजापुर म.प्र. हूँ। मेरी पुत्री का नाम उसके आधार कार्ड में त्रुटिवश नेहा आत्मजा ईश्वर सिंह दर्ज हो गया हैं, जो की गलत हैं। मेरी पुत्री का वास्तविक सही नाम निशा जादोन ( NISHA JADON ) पिता ईश्वर सिंह जादोन ( ISHWAR SINGH JADON) हैं, जो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज होने से प्रमाणित हैं जिसे मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड / शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो में दर्ज कराना चाहती हूँ। यह कि, निशा जादोन (NISHA JADON) पिता ईश्वर सिंह जादोन ( ISHWAR SINGH JADON ) व नेहा आत्मजा ईश्वर सिंह दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरी पुत्री ही हैं।

प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री को निशा जादोन (NISHA JADON ) पिता ईश्वर सिंह जादोन (ISHWAR SINGH JADON ) के नाम से जाना, पहचाना व दर्ज किया जावें।

पुराना नाम
नेहा आत्मजा ईश्वर सिंह
नया नाम
निशा जादोन (NISHA JADON )
पिता ईश्वर सिंह जादोन ( ISHWAR SINGH JADON)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मैं योगेन्द्र लोधी पिता फूल सिंह निवासी मकान नं. 90 आलमपुर पापड़ा, जिला रायसेन म.प्र. हूँ। मेरी पुत्री का नाम उसके आधार कार्ड में त्रुटिवश ममता D/O योगेन्द्र दर्ज हो गया हैं, जो की गलत हैं। मेरी पुत्री का वास्तविक सही नाम मोनिका लोधी (MONIKA LODHI) पिता योगेंद्र लोधी ( YOGENDRA LODHI) हैं, जो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज होने से प्रमाणित हैं जिसे मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड / शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो में दर्ज कराना चाहता हूँ। यह कि, मोनिका लोधी (MONIKA LODHI) पिता योगेंद्र लोधी (YOGENDRA LODHI) व ममता D/O योगेन्द्र दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरी पुत्री ही हैं

प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री को मोनिका लोधी (MONIKA LODHI) पिता योगेंद्र लोधी (YOGENDRA LODHI) के नाम से जाना, पहचाना व दर्ज किया जावें।

पुराना नाम
ममता D/O योगेन्द्र
नया नाम
मोनिका लोधी (MONIKA LODHI)
पिता योगेंद्र लोधी
( YOGENDRA LODHI )

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मैं दिनेश पिता नाथू निवासी हाउस नं. 5 ग्राम मोर, घुघरी जिला झाबुआ म.प्र. हूँ। मेरे पुत्र का नाम उसके आधार कार्ड में त्रुटिवश मनीष वसुनिया (Manish Vasuniya) आत्मज दिनेश (Dinesh) दर्ज हो गया हैं, जो की गलत हैं। मेरे पुत्र का वास्तविक सही नाम मनोज वसुनिया ( MANOJ VASUNIYA) पिता दिनेश वसुनिया ( DINESH VASUNIYA) हैं, जो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र व शैक्षणिक दस्तावेज में दर्ज होने से प्रमाणित हैं जिसे मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड / शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो में दर्ज कराना चाहता हूँ। यह कि, मनोज वसुनिया ( MANOJ VASUNIYA) पिता दिनेश वसुनिया ( DINESH VASUNIYA) व मनीष वसुनिया (Manish Vasuniya) आत्मज दिनेश (Dinesh) दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरा पुत्र हैं।

प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र को मनोज वसुनिया ( MANOJ VASUNIYA ) पिता दिनेश वसुनिया (DINESH VASUNIYA) के नाम से जाना, पहचाना, पढ़ा एवं दर्ज किया जावें।

पुराना नाम
मनीष वसुनिया (Manish Vasuniya)
आत्मज दिनेश (Dinesh)
नया नाम
मनोज वसुनिया ( MANOJ VASUNIYA)
पिता दिनेश वसुनिया
( DINESH VASUNIYA)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मैं कालीचरण अनुरागी पिता प्यारेलाल अनुरागी निवासी वार्ड नं. 04 वीरेंद्र कॉलोनी, नौगांव जिला छतरपुर म. प्र. हूँ। मेरा नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश कल्लू अनुरागी ( Kallu Anuragi) S/O प्यारेलाल अनुरागी (Pyarelal Anuragi) दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक सही नाम कालीचरण अनुरागी (KALICHARAN ANURAGI) पिता प्यारेलाल अनुरागी (PYARELAL ANURAGI) है जो कि मेरे पेनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस में दर्ज होने से प्रमाणित है। जिसको मै अपने आधार कार्ड / शासकीय / अशासकीय सभी दस्तावेजों में दर्ज कराना चाहता हूँ। कालीचरण अनुरागी (KALICHARAN ANURAGI) पिता प्यारेलाल अनुरागी (PYARELAL ANURAGI) व कल्लू अनुरागी ( Kallu Anuragi) S/O प्यारेलाल अनुरागी (Pyarelal Anuragi) दोनों नाम एक ही व्यक्ति मेरे स्वयं के ही हैं।

प्रकाशन उपरांत मेरा नया नाम कालीचरण अनुरागी (KALICHARAN ANURAGI) पिता प्यारेलाल अनुरागी (PYARELAL ANURAGI) नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

पुराना नाम
कल्लू अनुरागी (Kallu Anuragi)
S/O प्यारेलाल अनुरागी
(Pyarelal Anuragi)
नया नाम
कालीचरण अनुरागी
(KALICHARAN ANURAGI)
पिता प्यारेलाल अनुरागी
( PYARELAL ANURAGI)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मैं सुरेन्द्र कुमार साहू पिता नत्थू लाल साहू निवासी वार्ड नं. 10 महावीर चौक, चौरई, सिंगोदी, जिला छिन्दवाड़ा म.प्र. हूँ। मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश उसके आधार कार्ड में दीक्षा साहू (Dee&a Sahu ) D/O सुरेन्द्र साहू ( Surendra Sahu) दर्ज हो गया हैं जिसमें अंगेजी में स्पेलिंग गलत है, जो कि गलत है। मेरी पुत्री का वास्तविक सही नाम दीक्षा साहू ( DIKSHA SAHU ) पिता सुरेन्द्र साहू ( SURENDRA SAHU ) है, जो कि मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेज में दर्ज होने से प्रमाणित हैं। यह कि दीक्षा साहू ( DIKSHA SAHU ) पिता सुरेन्द्र साहू (SURENDRA SAHU) व दीक्षा साहू (Dee&a Sahu ) D/O सुरेन्द्र साहू ( Surendra Sahu) दोनों नाम एक ही व्यक्ति मेरी पुत्री के हैं।

प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री को दीक्षा साहू ( DIKSHA SAHU ) पिता सुरेन्द्र साहू (SURENDRA SAHU ) के नाम से जाना पहचाना, पढ़ा, एवं दर्ज किया जावें।

पुराना नाम
दीक्षा साहू (Deexa Sahu )
D/O सुरेन्द्र साहू (Surendra Sahu )
नया नाम
दीक्षा साहू (DIKSHA SAHU )
पिता सुरेन्द्र साहू (SURENDRA SAHU )

**आम सूचना / नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम में पूनम आनंद, पत्नि प्रीतम आनंद आयु वयस्क निवासी डी-11, 4 फ्लोर, आशीमा हाइट्स, कस्टम कॉलोनी, हुजूर, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.) है परन्तु मेरा नाम मेरे विवाह के पूर्व पूनम कुमारी ठाकुर पिता सुरेश कुमार ठाकुर (POONAM KUMARI THAKUR D/O SURESH KUMAR THAKUR ) है

परन्तु मेरे विवाह के पश्चात मेरा नाम पूनम आनंद पत्नि श्री प्रीतम आनंद (POONAM ANAND W/O PRITAM ANAND) जो कि मेरे विवाह प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में दर्ज होने से प्रमाणित है।

प्रकाशन उपरांत मेरा नाम पूनम आनंद पत्नि श्री प्रीतम आनंद (POONAM ANAND W/O PRITAM ANAND) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जायें।

पुराना नाम
पूनम कुमारी ठाकुर पिता सुरेश कुमार ठाकुर
(POONAM KUMARI THAKUR D/O SURESH KUMAR THAKUR)
नया नाम
पूनम आनंद पत्नि श्री प्रीतम आनंद
(POONAM ANAND W/O PRITAM ANAND)

**जाहिर सूचना**

जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक MP47AG9455 जो कि स्व. संजय लोमारे के नाम से पंजिकृत है। अतः उक्त वाहन को उनकी पत्नी सरोज लोमारे पति स्व.संजय लोमारे के नाम स्वामित्व अंतरण करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय हरदा में आवेदन प्रस्तुत किया है। अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के सूचना प्रकाशन से सात दिवस के अंदर आरटीओ कार्यालय हरदा में आपत्ति दर्ज करा सकते है।

श्रीमति सरोज लोमारे पति स्व.संजय लोमारे
छीपाबड़, तहसील खिरकिया जिला हरदा म.प्र.

**जाहिर सूचना**

ग्राम विशनखेड़ा प.ह.नं. 25 तहसील गोहरगंज जिला रायसेन स्थित भूमि खसरा नं. 153/3 रकबा 0.114 हे. में से रकबा 0.0228 हे. अर्थात 2454 वर्गफिट विक्रेता नीलेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, विकास गुप्ता आत्मज भैय्यालाल गुप्ता निवासी गंजबासौदा के द्वारा क्रेता अमित कुमार अमर आत्मज श्री नवल किशोर निवासी म.नं. 85 कोरल कॉटेज होशंगाबाद रोड भोपाल को विक्रे अनुबंध किया है। जिस किसी व्यक्ति को कोई आपित हो तो 07 दिवस में प्रस्तुत करें।

प्रेषक
अमित कुमार अमर आत्मज श्री नवल किशोर निवासी म.नं. 85 कोरल कॉटेज भोपाल मो. नं. 8770499085

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

आम सूचना

अयोध्या नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड / भवन क्रमांक जूनि. एच.आई.जी. 537 जी-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री गोरा दत्त चौधरी आत्मज स्व. श्री जी.सी. दत्ता चौधरी के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 09/10/2002 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। केता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती अनु पी. एलेक्स पत्नी श्री लिबिन थॉमस एवं श्री लिबिन थॉमस आत्मज स्व. श्री थॉमस चेरियन के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 09/03/2026 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती अनु पी. एलेक्स पत्नी श्री लिबिन थॉमस एवं श्री लिबिन थॉमस आत्मज स्व. श्री थॉमस चेरियन के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

आम सूचना

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विदिशा भूखण्ड / भवन क्रमांक एम.आई.जी.-II 75 बी-सेक्टर मण्डल द्वारा श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव पत्नी श्री विकास श्रीवास्तव एवं श्री विकास श्रीवास्तव आत्मज श्री बद्री नारायण श्रीवास्तव के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरित आदेश क्र. 32-36 दिनांक 21/01/2003 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 07/08/2000 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव पत्नी श्री विकास श्रीवास्तव की दिनांक 19/08/2015 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पति श्री विकास श्रीवास्तव आत्मज श्री बद्री नारायण श्रीवास्तव के नाम पर नामान्तरण आदेश क्र. 917 दिनांक 25/07/2025 को नामान्तरित किया गया है। केता/ विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री तनुज कुमार सोनी आत्मज श्री नरेन्द्र कुमार सोनी के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 09/02/2026 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री तनुज कुमार सोनी आत्मज श्री नरेन्द्र कुमार सोनी के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत्त कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्रं. 6243/अ-6/25-26

इश्तहार

आवेदक राहुल सिंह पुत्र करण सिंह (2) सषिमा सिंह पत्नि राहुल सिंह निवासी बी-39 बिन्द्रा पेवल बे फेस-1 बागमुगालिया द्वारा ग्राम सलैया तह. कोलार स्थित खसरा नंबर 310, 311 फ्लैट नं. सी-805 ब्लॉक सी फ्लोर 08 क्षेत्रफल 101 स्कॅायर मीटर का विक्रय पत्र/फौती/वसीयतनामा/अधिकार त्याग पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 01/04/2026 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील कोलार जिला भोपाल

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

आम सूचना

ऐशबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड / भवन क्रमांक ए-535 मण्डल द्वारा श्रीमती ऊषा बारानी पत्नी स्व. श्री गोविन्द बारानी के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 8487-90 दिनांक 07/09/2001 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 14/06/2001 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्रीमती ऊषा बारानी पत्नी स्व. श्री गोविन्द बारानी की दिनांक 19/12/2004 एवं श्री गोविन्द बारानी आत्मज श्री किशन चन्द की दिनांक 05/05/2002 को मृत्यु होने के उपरांत श्री रवि बारानी आत्मज स्व. श्री गोविन्द बारानी के नाम पर नामान्तरण आदेश क्र. 11219-11223 दिनांक 29/09/2022 को नामान्तरित किया गया है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 24/02/2026 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। केता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति सुश्री कौसर जहाँ पुत्री श्री अब्दुल रशीद खान के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 10/03/2026 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति सुश्री कौसर जहाँ पुत्री श्री अब्दुल रशीद खान के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरणकमांक 3940 / अ - 6 / 2025-26

उद्घोषणापत्र

आवेदक विवके पाटीदार आत्मज शंकरलाल पाटीदार भोपाल मध्य प्रदेश द्वारा आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम - बागमुगालिया स्थित भूमि खसरा क्रमांक, 370/4 रकबा 0.4050 हें के का क्षेत्रफल वर्गमीटर का वसीयत के आधार पर पर नामातरण किये जाने हेतु निवेदन किया है।

2-उक्त संबंध मेंकिसीव्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति होतो वह 30 / 3 / 2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एव मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 18/3/2026 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील - कोलार भोपाल

# आंगनवाड़ी केन्द्र हैं बच्चों के जीवन की सबसे महत्वपूर्ण प्रारंभिक पाठशाला : मंत्री सुश्री भूरिया

## आंगनवाड़ी केन्द्र में पोषण और शिक्षा दोनों का रखा जाता है समग्र ध्यान, 97 हजार आंगनवाड़ी केन्द्रों में 'विद्यारंभ' उत्सव किया गया आयोजित



**समय जगत, झाबुआ।** मध्यप्रदेश में शाला-पूर्व शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रदेशभर के आंगनवाड़ी केन्द्रों में मंगलवार को बच्चों का विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया आंगनवाड़ी से प्रारंभिक शिक्षा पूरी कर विद्यालय में प्रवेश लेने जा रहे बच्चों को 'विद्यारंभ प्रमाणपत्र' प्रदान कर सम्मानित किया। प्रदेश के 97 हजार से अधिक आंगनवाड़ी केन्द्रों में एक साथ आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 10 लाख बच्चे आंगनवाड़ी से आगे बढ़कर औपचारिक स्कूली शिक्षा की ओर कदम रख रहे हैं। भोपाल के नेहरू नगर आंगनवाड़ी क्र. 1061 में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मंत्री सुश्री भूरिया ने बच्चों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्र बच्चों के जीवन की सबसे महत्वपूर्ण प्रारंभिक पाठशाला हैं, जहां पोषण और शिक्षा दोनों का समग्र ध्यान रखा जाता है। आंगनवाड़ी केन्द्र केवल बच्चों की देखभाल का स्थान नहीं बल्कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा का समन्वित केन्द्र हैं। यहां गर्भवती महिलाओं के पंजीयन से लेकर बच्चे के जन्म और छह वर्ष की आयु तक उनके पोषण, स्वास्थ्य और समग्र विकास का ध्यान रखा जाता है। इसी उद्देश्य से प्रदेश में पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, इससे बच्चों को खेल-खेल में प्रारंभिक शिक्षा प्रदान की जाती है। मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि 3 से 6 वर्ष की आयु के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसी आधार पर वे आगे विद्यालयी शिक्षा के लिए तैयार होते हैं। भारत सरकार के निर्देशानुसार अब आंगनवाड़ी में 3 वर्ष की प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने वाले बच्चों को 'विद्यारंभ प्रमाणपत्र' प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनकी शाला-पूर्व शिक्षा को औपचारिक मान्यता मिल सके। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि वे मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा जैसे अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन समर्पण के साथ कर रही हैं। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि हर वर्ष लाखों बच्चे आंगनवाड़ी केन्द्रों से गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त कर विद्यालय में प्रवेश के लिए तैयार हो रहे हैं। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि मध्यप्रदेश में आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से शाला-पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता लगातार बेहतर हो रही है। बच्चों को खेल आधारित शिक्षा, पोषण और विकास के समन्वित वातावरण में तैयार कर उन्हें विद्यालयी शिक्षा के लिए सक्षम बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखेगी, बल्कि प्रदेश में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। औपचारिक शिक्षा के अनौपचारिक शिक्षा जरूरी रू श्रीमती रश्मि सचिव, महिला बाल विकास श्रीमती जी वी रश्मि ने कहा कि यह प्रमाण पत्र केवल एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि बच्चों की शिक्षा यात्रा का पहला महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसका उद्देश्य आंगनवाड़ी की अनौपचारिक शिक्षा से प्राथमिक विद्यालय की औपचारिक शिक्षा में बच्चों का सहज और आनंदपूर्वक प्रवेश सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि बच्चों की ग्रोथ के लिये पिता की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। माता-पिता के संयुक्त प्रयासों से बच्चे के बेहतर भविष्य की नींव रखी जाती है। सचिव श्रीमती रश्मि ने कहा कि राष्ट्रीय नीति 2013 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप यह पहल प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस आयोजन से परिवार और समुदाय में शाला पूर्व शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा बच्चों के स्कूल में प्रवेश और उनकी शैक्षणिक निरंतरता को बल मिलेगा। इस अवसर पर मंत्री सुश्री भूरिया ने बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक श्रीमती बबली शुकवारे और श्री अमित करोसिया ने अपने बच्चों के आंगनवाडी में जाने से आए बदलाव के बारे में बताया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

# पुलिस ने चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार



**समय जगत, आमला। विगत** दरम्यानी रात फरियादी ओमकारजी टिकारे निवासी वार्ड क्रमांक 6, कुन्बी मोहल्ला आमला के घर में अज्ञात आरोपी द्वारा पीछे का दरवाजा तोड़कर प्रवेश किया गया। आरोपी ने घर में रखी आलमारी एवं पलंग पेटी को तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात एवं बैग में रखे 30,000 रुपये चोरी कर लिये थे। मिली जानकारी अनुसार अज्ञात चोर फरियादी का रिश्तेदार निकला जिसने घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में बैतूल जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं त्वरित कार्यवाही हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में थाना आमला पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है, जहां एक बड़ी नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 20,85,200 रुपये का मशरूका बरामद किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार थाना आमला में प्रकरण क्रमांक 75/2026 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र कुमार जैन द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी मुलताई श्री शिवकुमार सिंह के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही महेन्द्र उर्फ रंजीत देवड़े (उम्र 32 वर्ष) निवासी वृन्दावन कॉलोनी, कुम्हारखेड़ा रोड, बाणगंगा इंदौर को दिनांक 23.03.2026 को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। बतादे रिश्ते की आड़ में आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि आरोपी, फरियादी का रिश्तेदार (मौसा का घर) है। आरोपी ने आर्थिक तंगी और कर्ज के चलते अपने ही रिश्तेदार के घर को निशाना बनाया।

**गोल्ड लोन में गिरवी रखे जेवर:** आरोपी ने चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात को केपरी गोल्ड लोन फायनेंस, मरीमाता इंदौर में गिरवी रखकर 8,00,414 रुपये प्राप्त किए।

इसमें से 4,57,000 रुपये अपने फेडरल बैंक खाते से कर्ज चुकाने में उपयोग किए शेष 2,98,000 रुपये आरोपी के खाते में पाए गए, जिन्हें पुलिस द्वारा फ्रीज किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर, नगदी एवं बैंक राशि सहित कुल 20,85,200 रुपये का मशरूका बरामद किया गया ।

महेन्द्र उर्फ रंजीत पिता गुलाब सिंह देवड़े (उम्र 32 वर्ष) निवासी वृन्दावन कॉलोनी, कुम्हारखेड़ा रोड, बाणगंगा इंदौर को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

इस सफलता में थाना आमला पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसमें– निरीक्षक रविकांत डेहरिया (थाना प्रभारी), उपनिरीक्षक बलराम यादव, उपनिरीक्षक अमित पवार, प्रधान आरक्षक नीलेश सोनी, आरक्षक जितेन्द्र पवार, तिलक कोड़ापे, नागेन्द्र सिंह, आरक्षक बलराम सिंह (सायबर सेल) एवं सैनिक रामराम माथनकर का विशेष योगदान रहा।

**पुलिस अधीक्षक की अपील:** पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र कुमार जैन ने आमजन से अपील की है कि अपने घरों की सुरक्षा के प्रति सजग रहें, अजनबियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें तथा मूल्यवान वस्तुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# सीएचसी गौहरगंज में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, मरीजों को बांटी गई फूड बास्केट



**समय जगत, ओबेदुल्लागंज ।** प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गौहरगंज में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य टीबी (क्षय रोग) के मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं और पोषण सहायता उपलब्ध कराना था।शिविर के दौरान अस्पताल में आए मरीजों की सघन स्वास्थ्य जांच, एक्स-रे , आवश्यक परीक्षण और इलाज किया गया। मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गौर, डॉ. शुभी मिश्रा, डॉ. सुमित मिश्रा एवं अन्य सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

अधिकारियों ने किया फूड बास्केट का वितरणटीबी के मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए दवाओं के साथ-साथ सही पोषण भी अत्यंत आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए, इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित गौहरगंज के एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, सब जेल गौहरगंज के जेलर यशवंत शिल्पकार और औबेदुल्लागंज के सीएमओ द्वारा टीबी के मरीजों को फूड बास्केट (पोषण आहार किट) का वितरण किया गया। अधिकारियों ने मरीजों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नियमित दवाएं लेने और अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की इस संयुक्त पहल से स्थानीय मरीजों को काफी राहत मिली है।

# स्वतंत्रता के प्रति ऐसा उत्साह आज भी है आदर्श: प्रखंड मंत्री




**नरसिंहगढ़।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड द्वारा मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण को न्योछावर करने वाले भारत के महान क्रांतिकारी भगत सिंह सुखदेव राजगुरु की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में छतरी चौराहे पर नरसिंहगढ़ के वीर अमर बलिदानी कुंवर चैन सिंह की छतरी प्रतिमा के समक्ष भारत माता की आरती की एवं वीर सपूतों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री उदय मीणा ने बताया कि स्वतंत्रता के प्रति ऐसी दीवानगी आज भी आदर्श है देश की आजादी के लिए शहीद भगत सिंह सुखदेव राजगुरु सहित ऐसे अनेक वीर मातृभूमि स्वतंत्रता के लिए बलिदानी हुए जीने दुर्भाग्य से इतिहास में भी स्थान नहीं मिला ऐसे सभी मातृभूमि के वीर शहीदों को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा शहीद दिवस के उपलक्ष्य में नमन कर भारत माता की आरती की गई। देश के युवाओं के लिए आज भी आदर्श है ऐसे वीर क्रांतिकारी मां भारती के वीर सपूत इस उपलक्ष में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह प्रचार प्रसार प्रमुख कपिल शर्मा जिला विश्व समन्वय प्रमुख दिनेश शर्मा जिला सत्संग प्रमुख तहसील सिंह बापू प्रखंड संयोजक राहुल धनगर, प्रखंड धर्म यात्रा प्रमुख प्रकाश शाक्यबाल राजेंद्र तोमर कैलाश नामदेव , अशोक गवली, शिवनारायण दांगी प्रिंस मीणा सहित अन्य कार्यकर्ताओं एवं समाज जन उपस्थित रहे।

# नाबालिग का अपहरण करने वाले पांच आरोपी पहुंचे पुलिस की गिरफ्त में



**समय जगत, सोहागपुर।** सोहागपुर नगर में नाबालिक लड़की का मार्केट की गली से दिन दहाड़े अपहरण की घटना के बाद अफरा तफरी मच गई, अपहरण की घटना को देखकर नाबालिक के भाई ने डायल 112 पर सूचना दी और साथियों के साथ पीछा किया दूसरी ओर अपहरण की जानकारी मिलने के बाद परिजन तुरंत थाने पहुंचे और शिकायत की गई। थाना प्रभारी द्वारा पुलिस अधीक्षक साइ कृष्णा थोटा को जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने तुरंत सभी को कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिला रायसेन और नर्मदा पुरम की पुलिस हरकत में आई जानकारी लगी कि अपहरणकर्ता लाल और सफेद कार से नाबालिग को लेकर गए हैं। घेराबंदी कर रायसेन पुलिस ने एक कार को पकड़ा तो दूसरी और नर्मदा पर पुलिस ने दूसरी कार को अपने शिकंजे में लिया तथा नाबालिग को सुरक्षित लाकर परिजनों को सौपा, महज 4 घंटे में ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो कार समेत पांच युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली। आरोपी रायसेन माखन नगर और सोहागपुर के हैं, जिन्हें गिरफ्तार कर पुलिस पूछताछ कर रही है। आरोपियों पर नाबालिग के अपहरण करने का मामला दर्ज किया गया है।

**वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया:** पुलिस अधीक्षक श्री सांई कृष्णा एस थोटा जिला नर्मदापुरम एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं एसडीओपी संजू चौहान के द्वारा तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जिसके बाद

लाल रंग की शिफ्ट कार एमपी 04 जेडआर 8590, और सफेद रंग की क्रियेटा कार क्रमांक एमपी 04 ईव्ही 52191 को पुलिस ने कब्जे में लिया और आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लेकर आए। गिरफ्तार किये गये आरोपी हमजा खान पिता मो. नजीर खान निवासी मस्जिद के पास बाडी जिला रायसेन 2) रिजवान खान पिता रफीक खान निवासी वार्ड नं. 5 सोहागपुर 3) सलमान खान उर्फ फैजल खान पिता जफ्फार खान निवासी पिजारा मोहल्ला माखननगर 4) जाहिद खान पिता सलीम खान निवासी बजीरगंज कॉलोनी बाडी जिला रायसेन (5) संजीव मीना पिता शेर सिंह मीना निवासी जमुनिया थाना माखननगर हैं।

**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका:** इस कार्यवाही में मुख्य भूमिका निरीक्षक ऊषा मरावी, उनि मेघा उदेनिया, हवलदार नरेन्द्र पटेल, दिनेश धुर्वे की मुख्य भूमिका रही। इसमें सराहनीय कार्य सउनि गणेश राय, सुनील ओझा, विवेक सोनपुरे, राजकुमार ने किया साथ ही रायसेन माखन नगर पुलिस का सहयोग भी मिला।

# किसान कांग्रेस ने विविध मांगों को लेकर तहसीलदार को दिया ज्ञापन



**समय जगत, सुठालिया ।** संपूर्ण प्रदेश सहित क्षेत्र के किसानों की माली हालत खराब है। इसको लेकर किसान कांग्रेस द्वारा राहत राशि देने की मांग के चलते मंगलवार को दोपहर तहसील कार्यालय में तहसीलदार दोजी राम अहिरवार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि क्षेत्र में फसलें लगभग कट चुकी हैं, किसानों राहत राशि नहीं दी गई है। ऐसे में किसान भाइयों के हित में मांगे रखी गई है इनमें समिति ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च है जबकि गेहूं एमएसपी खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होनी है। सरकार से मांग है कि ऋण की जमा अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया जाए। वहीं अमेरिका के साथ ट्रेड डील में सोयाबीन तेल की टैक्स फ्री आयात को तत्काल रोक लगाई जाए। इससे किसानों को सोयाबीन का नुकसान हो रहा है। प्रदेश के असमय बारिश ओलावृष्टि से फसल खराब हुई है। उनका तत्काल सर्वे करा कर किसानों को राहत राशि दी जाए और गेहूं खरीदी को 4000 प्रति क्विंटल किया जाए ताकि किसानों को उनके फसल का उचित मूल्य मिल सके । इस अवसर पर किसान कांग्रेस अध्यक्ष गिरवर सिंह ,नरूका ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लोधी, महेंद्र यादव, कपिल शिवहरे, उमेश मिश्रा, निखिल राज सिंह प्रदीप सिंह परमार, श्याम पालीवाल, अलकेश पालीवाल, मिथुन सिलावट, राजेश ,धर्मवीर सिंह सरदार सिंह गोपाल बना रघुवीर सोहन मोहसिन खान दूल्हा शाह अजीज कुरेशी दिलीप बना आदि मौजूद थे ।

# पालीवाल समाज द्वारा निकाली गई मां आशापूर्णा की शोभायात्रा

**समय जगत, सुठालिया ।** नगर में पालीवाल महाजन समाज द्वारा अपनी आराध्य देवी मां आशापूर्ण देव धाम गुराड़िया सोयत जिला आगर में वार्षिक कार्यक्रम के लिए हर वर्ष निकाली जाने वाली जनजागरण शोभायात्रा मंगलवार को नगर में निकली गई ।मांआशापूर्णा की शोभायात्रा नगर के गड़ी दरवाजे से ढोल धमाकों बैंड के साथ निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक महिलाये पुरुष बच्चे आदि शामिल हुए । शोभायात्रा का जगह– जगह स्वागत किया गया ।शोभायात्रा में मां आशापूर्णा की झांकी सजाई गई थी ।इस दौरान जगह जगह माता की पूजा अर्चना की गई, वही शोभायात्रा में युवक युवतियों ने माता के जयकारों के साथ ढोल की थाप पर जमकर थिरके। शोभायत्रा नगर के मुख्य मार्गो श्रीराम मदिर चौक सदर बाजार गांधी चौक मेंन मार्केट मधुसूदनगढ़ रोड़ बस स्टैंड आदि स्थानों से होती हुई ब्यावरा रोड पर स्थित कंचन हरी मैरिज गार्डन संपन्न हुए। यहां सभी समाज जनों के सहभोज आयोजित किया गया ।

# विद्यारंभ ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम बोड़ा में संपन्न, बच्चों को मिले प्रमाण पत्र



**समय जगत, बोड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग राजगढ़ के निर्देशन में बोड़ा सेक्टर की आंगनवाड़ी केंद्रों का सामूहिक विद्यारंभ ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस दौरान प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पूर्ण करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास नरसिंहगढ़ परियोजना अधिकारी विनीता शर्मा एवं मीना पाटील के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। आयोजन में उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद सपना पालीवाल रहीं, जबकि पार्षद प्रतिनिधि सोनू पुष्पद, बोड़ा सेक्टर सुपरवाइजर कविता जयराम, पीएम श्री कन्या हाई स्कूल बोड़ा के प्राचार्य पीतांबर गुदेनिया, वरिष्ठ पत्रकार जगदीश गुप्ता, ओमप्रकाश राठौर, मनोज राठौर, शिक्षिका शुभांगी पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर बोड़ा की वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों को स्वल्पाहार करवाया गया।

# विद्यारंभ ग्रेजुएशन समारोहः आंगनवाड़ी के नन्हें बच्चों को मिला नया मुकाम



**समय जगत, सिलवानी ।** परियोजना सिलवानी अंतर्गत मंगलवार को क्षेत्र के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्यारंभ ग्रेजुएशन समारोह उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। यह आयोजन 5 से 6 वर्ष आयु के उन बच्चों के लिए विशेष रूप से किया गया, जिन्होंने पूर्व प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कर अब विद्यालयीन जीवन में प्रवेश की तैयारी कर ली है। कार्यक्रम के तहत सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा बच्चों और उनके अभिभावकों को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर नन्हें बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। जनप्रतिनिधियों के हाथों प्रमाण पत्र प्राप्त कर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजन में परियोजना अधिकारी अविदा वी, सेक्टर पर्यवेक्षक सुरक्षा विश्वकर्मा, अर्चना कुशवाहा, मानकुंवर प्रजापति सहित जनप्रतिनिधि शीला पटेल (जनपद उपाध्यक्ष, सिलवानी) आंगनवाड़ी केंद्र गुंदरई में मौजूद रहीं। वहीं वार्ड पार्षद हाफिस मंसूरी आंगनवाड़ी केंद्र जमुनिया परमसुख एवं गांधीनगर में कार्यक्रम में शामिल हुए।

# प्रदेश में पहली बार, आंगनवाड़ी के बच्चों का हुआ ग्रेजुएशन, मिला विद्यारंभ प्रमाणपत्र



**घोड़ाडोंगरी।** महिला एवं बाल विकास परियोजना घोड़ाडोंगरी के अंतर्गत आने वाले आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 142 (आमागोहान 01 एवं 02) में बीते दिनों एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र में विद्यारंभ प्रमाणपत्र वितरण एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित की गई। बताया जा रहा है कि इस तरह का आयोजन प्रदेश में पहली बार हुआ है, जिसका मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी में शाला पूर्व शिक्षा पूरी कर चुके बच्चों को औपचारिक शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है।

**अनौपचारिक से औपचारिक शिक्षा की ओर कदम:** इस कार्यक्रम के माध्यम से 5 से 6 वर्ष की आयु के उन बच्चों को विदाई दी गई जो अब आंगनवाड़ी से निकलकर प्राथमिक शालाओं में प्रवेश लेंगे। आंगनवाड़ी केंद्र आमागोहान 2 के 6 बच्चों सहित केंद्र क्रमांक 2 के अन्य बच्चों को विद्यारंभ प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रमाणपत्र पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और उनमें स्कूल जाने के प्रति उत्साह देखा गया।

**जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों की रही गरिमामयी उपस्थिति:** इस अवसर पर मुख्य रूप से उपसरपंच हीना यादव उपस्थित रहे। साथ ही शिक्षा विभाग से शिक्षक श्री नामदेव खातूर, लेतराम उईके, श्री धनंजय सातसे, सरोजबाला बड़ाग्रे और प्रीति भूमकर ने शिरकत की। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सुशीला पांसे, कविता मालवीय एवं सहायिका पायल बढ़े व सोनिका मालवीय ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

**अभिभावकों ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह:** कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों के पालकों और ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें मुख्य रूप से अनीराम पांसे, धीरज वरकड़े, राजेश उइके, सोनू पहाड़े, उमेश झाड़े, श्रीमती ललिता अगरिया, मनीषा धुर्वे, रीना उइके, आरती परते, कविता कुमरे और तारा कुमरे सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने विभाग की इस पहल की सराहना की और माना कि इससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल शक्ति से जल भक्ति कार्यक्रम व नर्सरी प्रबंधन पर प्रशिक्षण संपन्न



**समय जगत, रतलाम।** रतलाम में म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा संवाद योजना अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल शक्ति से जल भक्ति कार्यक्रम में नवांकुर स्वैच्छिक संगठनों की जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जल प्रबंधन, नर्सरी स्थापना, पौधारोपण सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में वाटरशेड कार्यक्रम के टीम लीडर अनिल शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन तथा सामुदायिक सहभागिता से जल प्रबंधन के प्रभावी उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। नगर निगम रतलाम के उद्यान प्रभारी अनिल पारे ने अपने संबोधन में स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप बीज एवं पौधों के चयन की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि सही प्रजाति का चयन ही पौधारोपण की सफलता का आधार है। पार्क प्रभारी अनिल धाकड़ ने नर्सरी प्रबंधन के व्यावहारिक पक्षों पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए नर्सरी बेड तैयार करने की विधि, पॉलीथीन बैग भरने, बीज उपचार एवं पौधों की प्रारंभिक देखभाल के तरीके प्रतिभागियों को प्रायोगिक रूप से समझाए। नर्सरी संबंधी यह प्रशिक्षण नगर निगम रतलाम के सहयोग से कालिका माता उद्यान में प्रायोगिक रूप से आयोजित किया गया, जिससे प्रतिभागियों को स्थल पर ही सीखने का अवसर मिला। म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान जनभागीदारी से ही सफल हो सकता है। नवांकुर स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका, चरणबद्ध क्रियान्वयन, ग्राम स्तर पर कार्ययोजना तथा सतत निगरानी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला । बालाजी नर्सरी के डायरेक्टर प्रद्युम्न व्यास ने पौधों की देखभाल, पोषण प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण के व्यावहारिक पहलुओं पर जानकारी देते हुए कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ उनकी निरंतर देखरेख भी उतनी ही आवश्यक है।

कार्यक्रम में स्वैच्छिकता, सामूहिकता एवं स्वावलंबन के आधार पर किए जा रहे ग्राम विकास कार्यों तथा त्रैमासिक कार्ययोजना की समीक्षा की गई। साथ ही विकासखंड समन्वयकों द्वारा परिषद की योजनाओं एवं एमआईएस का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। बैठक में विकासखंड समन्वयक शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, रतनलाल चरपोटा, शिवशंकर शर्मा, श्री पंवार, निर्मल अमलियार, मुकेश कटारिया, महावीर दास बैरागी, विजयेश राठौड़ सहित नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

# ग्राम पंचायत रानीपुर में व्यापक भ्रष्टाचार शासन स्तर पर प्रभावी पहल की है दरकार

## अफसर नहीं कर रहे कार्यवाही






**समय जगत, पन्ना।** पन्ना जिले की ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार चल रहा है। महिलाएं सरपंच हैं लेकिन उनके पति ग्राम पंचायत का संचालन कर रहे हैं इसी प्रकार पन्ना जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीपुरा का मामला सामने आया है ग्राम पंचायत में कहने के लिए महिलाएं सरपंच है लेकिन पंचायत का संचालन उनके पति देव करते हैं इसी प्रकार का मामला ग्राम पंचायत रानीपुर का है, जहां सरपंच श्रीमती रतन पांडे हैं लेकिन पंचायत का संचालन उनके शिक्षक पति करते हैं निर्माण कार्यों में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार चल रहा है। पिछले दो सालों में पंचायत में पांच वे वित्त एवं 15 वें वित्त से जो राशि शासन द्वारा स्वीकृत की गई थी, उसमें व्यापक स्तर पर भारी भ्रष्टाचार किया गया है । ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न योजनाओं से एक करोड़ से अधिक के कार्य किए गए हैं जिसमें मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना 15 लाख सीसी सड़क सह नाली निर्माण राज वित्त आयोग 25 लाख मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम योजना 825000 सीसी सड़क नाली पांचवा वित्त आयोग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क और संरचना योजना 20 लाख तथा अन्य कार्यों के नाम पर फर्जी बिल वाउचर लगाकर व्यापक स्तर पर फर्जी वाडा किया गया है

पंचायत में नवनिर्मित बनाई गई लाखों की लागत की सीसी बिना उप यंत्री की देखरेख के बन गई कार्यस्थल पर साइन बोर्ड भी नहीं लगाया गया है जबकि कलेक्टर द्वारा साइन बोर्ड लगाने के आदेश दिए गए थे निर्माण कार्य में घटिया मटेरियल का जमकर उपयोग किया गया है, स्थानीय लोगों द्वारा ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं। यदि जनपद पंचायत पन्ना के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रानीपुरा के निर्माण कार्यों एवं बिलों की निष्पक्ष कमेटी द्वारा जांच कराई जाए तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है हमारे घुमंतू संवाददाता हिम्मत खान ने बताया कि ग्राम पंचायत रानीपुर में करोड़ों के निर्माण कार्य घटिया एवं गुणवत्ता विहीन कराए गए हैं तथा फर्जी बिल वाउचर लगाकर शासन की राशि का भारी दुरुपयोग किया गया है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व खुशी दिवस पर हुआ सम्मान



**समय जगत,मनावर ।** आत्मनिर्भर शिक्षक सन्दर्भ समूह द्वारा विश्व खुशी दिवस के अवसर पर दिनांक 20 मार्च को दुष्यंत संग्रहालय भोपाल में शिक्षकों के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति विजय मनोहर तिवारी, राज्य शिक्षा केंद्र में प्रशिक्षण प्रभारी सुबोध सक्सेना,,रमेश जी जोशी, समूह संस्थापक शिक्षाविद् दामोदर जैन , राज्य समन्वयक उमा उपाध्याय की उपस्थिति में संपन्न हुआ ।जिसमें शिक्षक जागरण पत्रिका का विमोचन, शिक्षक संसद का आयोजन, शिक्षाविद् गिजू भाई बधेका शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया।जिसमें विकासखंड उमरबन से संकुल बाकानेर निशात हुसैनी, झिर्वी संकुल से तृप्ति कनेरा,भानपुरा संकुल से खेमा ग्वाले , धरमपुरी विकासखंड से भगवती राठौड़ , धार विकासखंड से अनिल कुशवाह , शैल कुमार जैन सरदारपुर विकासखंड से संगीता सोलंकी, विनोद परमार का सम्मान हुआ।शिक्षक जागरण पत्रिका भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षक की स्थिति, भूमिका, और उत्तरदायित्व में कन्या उमावि बाकानेर जनशिक्षक तेजालाल पंवार का लेख भी प्रकाशित हुआ है, टीम के साथ सम्मान किया गया है।आत्मनिर्भर शिक्षक संदर्भ समूह शिक्षकों को प्रोत्साहन देकर उन्हें विद्यालय में आनंद के घर में विकसित करने के लिए विगत 15 वर्षों से निरंतर विद्यालय में श्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान राजधानी में करते है, साथ ही शिक्षकों को सदैव बच्चों एवं विद्यालय के हित में कार्य करने की प्रेरणा दी जाती है।

### वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ आयोजित

**समय जगत, दमोह।** अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान दिवस के अवसर पर अभा लोधी राजपूत कल्याण महासभा दमोह द्वारा एक गरिमामय माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं महिलाओं ने रानी अवंती बाई की प्रतिमा/चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर वक्ताओं ने रानी अवंती बाई के अद्वितीय साहस, देशभक्ति और बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन आज भी समाज को अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने और देश सेवा के लिए प्रेरित करता है।कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों ने समाज की एकता, शिक्षा एवं जागरुकता पर भी विशेष बल दिया।उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे महान वीरांगना के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं।इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने वीरांगना रानी अवंती बाई अमर रहें के नारों के साथ वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया।कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रभान सिंह, पूर्व विधायक अजय टंडन, कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व अध्यक्ष भाजपा प्रीतम सिंह, पूर्व अध्यक्ष मनु मिश्रा, प्रदेश महामंत्री ऋषि सिंह, पूर्व अध्यक्ष हाकम सिंह, पूर्व भाजपा अध्यक्ष विद्यासागर पांडे, जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह लोधी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी तिलक सिंह, कमल निषाद, समस्त महिला मोर्चा युवा एवं समस्त ब्लॉक जिला पदाधिकारी राजपूत महासभा अध्यक्ष राकेश हजारी, सत्यनारायण तिवारी, डॉ. मोहन आदर्श, नगर अध्यक्ष गोपाल सिंह विकासखंड अध्यक्ष अमर सिंह, दयाल ठाकुर की उपस्थिति रही।

# मकान तोड़ने वाले आरोपियों पर कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन



**समय जगत, विदिशा।** अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी के बैनर तले बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पीड़ित परिवार के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। इस दौरान कहा गया कि दिनदहाड़े कुछ लोगों द्वारा एक गरीब का घर तोड़ दिया गया और पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिसके कारण से पीड़ित परिवार काफी परेशान हो रहा है। उन्होंने सभी आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी और अनुसूचित जाति कांग्रेस जिलाध्यक्ष जगन्नाथ अहिरवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि दिनदहाड़े गरीब का मकान तोड़ दिया गया, इससे साफ जाहिर होता है कि प्रदेश में किस प्रकार गरीबों पर अत्याचार हो रहा है और सरकार चुपचाप बैठी हुई है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लोग अपनी राजनीति का फायदा उठाकर गरीबों पर अत्याचार कर रहे हैं और उनके घर तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर गरीब का घर तोड़ा गया है वहां से महज 200 मीटर की दूरी पर कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय मौजूद है। इसके बावजूद भी दबंगों की दबंगई इतनी बढ़ गई है कि उन्हें पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन का कोई भय नहीं है। भू-माफिया को चुने हुए जनप्रतिनिधियों का सपोर्ट होने के कारण वह गरीबों पर अत्याचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विवेकानंद चौराहे के पास धीरेंद्र चिढ़ार का मकान जो करीब 30 वर्षों से रह रहे थे और वह जमीन भी उनके पिता के नाम से दर्ज है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने उनके घर के आसपास जमीन खरीदी है वह उन्हें खाली करने का दबाव बना रहे हैं। खाली न करने पर गुंडे बुलाकर मकान को तोड़ा गया है, जिसकी गंभीरता से जांच कराई जाए और इस मामले में जो भी शामिल हैं उन पर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि 7 दिनों के अंदर अगर आरोपियों पर वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन व धरना- प्रदर्शन किया जाएगा।

# पुलिस की काबिंग गश्त के तहत 112 से अधिक वारंट तामील, कई ठिकानों पर दी दबिश



**समय जगत, कटनी।** कटनी में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में विगत रात विशेष कॉबिंग गश्त अभियान चलाया गया। जिले के चारों अनुभागों में डीएसपी के नेतृत्व में चले इस अभियान में थाना व चौकी प्रभारियों सहित पुलिस बल ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अभियान के दौरान 112 से अधिक वारंट तामील किए गए, जिनमें 29 स्थायी वारंट, 54 गिरफ्तारी वारंट, 29 जमानती वारंट एवं 52 समंस शामिल हैं। कॉबिंग गश्त के दौरान 45 से अधिक गुंडा बदमाशों एवं 50 से अधिक निगरानी बदमाशों की जांच कर उनकी गतिविधियों का सत्यापन किया गया। अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किए गए। वहीं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 2 वाहनों को जप्त किया गया। इसके अलावा शांति भंग की आशंका पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत 6, धारा 126 व 135 के तहत 98 तथा धारा 129 के तहत 17 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थलों सहित होटल, ढाबा व लॉज में सघन जांच की। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा भव्य हनुमान चालीसा अनुष्ठान आयोजित

## धर्म के साथ रक्तदान का संदेश, हजारों श्रद्धालुओं की रही सहभागिता



**समय जगत, कटनी।** कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा शहर में एक भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। नई बस्ती स्थित आई फिट स्पोर्ट्स टर्फ में आयोजित श्री हनुमान चालीसा अनुष्ठान में हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति और आस्था का अद्भुत वातावरण निर्मित किया। कार्यक्रम में शहर के जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, चिकित्सकों, युवा उद्यमियों तथा गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अनुष्ठान में वाणी सेवा का दायित्व श्री बजरंग बाल रामायण समाज, कटनी की टीम द्वारा निभाया गया। संगीत की मधुर धुनों के साथ हुए हनुमान चालीसा पाठ से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। संस्था द्वारा अनुष्ठान को पूर्ण विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण के साथ हनुमान चालीसा एवं आरती संग्रह भी प्रदान किया गया। सोसायटी की महिला विंग ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज में धर्म के साथ सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान की भक्ति से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान के लिए फॉर्म भी भरवाए गए, जिसमें अनेक लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी दर्ज कराई। सोसायटी के अध्यक्ष ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि इससे कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है।

# परेशान व्यापारियों ने किया चक्काजाम



**समय जगत, विदिशा।** तिलक चौक से लेकर नीमताल तक पाइप लाइन ठेकेदार द्वारा डाली गई थी। पाइप लाइन डाले हुए करीब 20 दिन गुजर चुके हैं, लेकिन ठेकेदार पाइप लाइन डालने के बाद व्यापारियों की समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे थे। जिसके कारण व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा और खुदी हुई सड़क और धूल से परेशान व्यापारियों ने तिलक चौक पर चक्का जाम कर दिया और नगर पालिका के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई इस दौरान व्यापारियों की समस्या को लेकर राजेश जैन सहित अन्य व्यापारी चक्का जाम कर धरने पर बैठ गए थे। उन्होंने बताया कि पिछले 20 दिनों से यहां के सभी व्यापारी और आने-जाने वाले लोग काफी परेशान हो रहे हैं, क्योंकि ठेकेदार ने पाइप लाइन डालकर सड़क की मरम्मत नहीं की जिसके कारण से गड्ढे हो रहे हैं और धूल से लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा की दुकानों में रखा हुआ सामान खराब हो रहा है, जिससे व्यापारी काफी परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों द्वारा नगर पालिका के अधिकारियों को सड़क की मरम्मत करने के संबंध में बात की गई थी, लेकिन कोई समस्या का निराकरण न निकलने के कारण नाराज व्यापारी चक्काजाम कर धरने पर बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ठेकेदार की लापरवाही के चलते 20 दिन गुजर चुके हैं, लेकिन ठेकेदार सड़क की मरम्मत नहीं हो रही है। जिसके चलते यहां के सभी व्यापारी और रहवासी काफी परेशान हो रहे हैं कोई सुनने वाला नहीं है। जिसके चलते व्यापारियों द्वारा चक्का जाम किया गया है। इस मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारी मौके पर पहुंचे और व्यापारियों को समझाइश देने की बहुत कोशिश की गई, लेकिन व्यापारी नहीं माने। इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, नगर पालिका अधिकारी दुर्गेश ठाकुर मौके पर पहुंचे और व्यापारियों से बात की और कहा कि मंगलवार से सड़क की सफाई और दूसरे दिन से डामरीकरण कराया जाएगा। इस आश्वासन के बाद व्यापारियों ने अपना चक्काजाम समाप्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास के व्यापारी मौजूद थे।

## गुनौर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# हत्या के प्रयास के तीनों आरोपी गिरफ्तार



**समय जगत, पन्ना।** पन्ना पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा थाना गुनौर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिल्हा में घटित जान से मारने की नीयत से किए गए हमले के मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। फरियादी मनोज पांडेय निवासी ग्राम बिल्हा, थाना गुनौर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसी दिन दोपहर लगभग 2 बजे ग्राम के देवेंद्र, आनंद एवं राजेश द्विवेदी पुरानी रंजिश के चलते उसके भाई रामशिरोमणि के घर आए और गाली-गलौज करते हुए उसे बाहर बुलाने लगे तथा जान से खत्म करने की धमकी देने लगे। इसी दौरान फरियादी की भाभी श्रीमती भद्रा पांडेय द्वारा दरवाजा खोलकर आरोपियों को गाली-गलौज करने से मना किया गया, जिस पर आरोपियों ने हत्या करने की नीयत से पास में पड़े फावड़े से उनके सिर पर घातक प्रहार कर दिया, जिससे उनके सिर से अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा और वे बेहोश हो गई। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग गए, जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। फरियादी की सूचना पर थाना गुनौर पुलिस द्वारा प्रकरण क्रमांक 35/2026 धारा 109(1), 333, 351(2), 115(2), 296, 3(5) BNS के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी गुनौर के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की गई तथा क्षेत्र में मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। घटना के बाद से आरोपी देवेंद्र, आनंद एवं राजेश द्विवेदी फरार थे, जिनकी लगातार तलाश की जा रही थी।

# बिजली तार टूटने से महिला की मौत

**कटनी।** रैपुरा तहसील से कुछ ही दूरी पर ग्राम पंचायत मूलपारा के ग्राम कूड़ा में गत सुबह 8 बजे एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जिसमें जहां 11 केव्ही हाई वोल्टेज विद्युत लाइन का तार टूटकर जमीन पर गिर गया, जिसके कारण गेहूं की फसल के लिए लगाई गई लोहे की कंटीली तार में हाई वोल्टेज विद्युत लाइन का करंट फैल गया और कूड़ा ग्राम की लगभग 40 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिजनों द्वारा बताया गया कि महिला सुबह और शाम को अपने खेत पर गेहूं की फसल की देखभाल के लिए जाया करती थी। गत सुबह जब वह अपने खेत पहुंची तो हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत हो गई।

# टीईटी परीक्षा निरस्त कराने की मांग को लेकर राज्यमंत्री एवं विधायक को सौंपा ज्ञापन

**समय जगत, दमोह।** टीईटी परीक्षा निरस्त कराने की मांग को लेकर सांसदों, विधायकों, तक अपनी बात को पहुंचाने के अभियान के अंतर्गत 21 मार्च को अध्यापक शिक्षक संगठनों के संयुक्त मोर्चा ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को तथा दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया पूर्व वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंपे। ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के कारण 20 से 30 वर्षों से कार्यरत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता किए जाने से प्रदेश और देश के सभी कार्यरत शिक्षक अत्यधिक मानसिक तनाव है और वे अपने भविष्य के संकट को लेकर चिंतित हैं। आप केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हमारी इस पीड़ा से अवगत कराने का कष्ट करें। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने हेतु मुख्यमंत्री से भी अनुरोध करने का कष्ट करें एवं शिक्षा विभाग द्वारा जारी टीईटी परीक्षा संबंधी आदेश को स्थगित करें। राज्यमंत्री ने कहा कि मप्र की सरकार शिक्षकों के साथ है आपकी भावनाओं और मांगों को उच्च स्तर तक पहुंचाया जाएगा।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम VEDANT DHIRAJ BABDE था।जो कि मेरे शैक्षणिक अभिलेख में दर्ज है।किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर VEDANT BABDE हो गया है।अत: अब मुझे मेरे इसी नए नाम VEDANT BABDE S/O DHIRAJ BABDE से जाना व पहचाना जाए।

ADDRESS : POST - ANJAN-GAON, DISTRICT - PANDHURNA (M.P.) - 480337

# विकास से वंचित ग्राम पंचायत गढ़ी, बुनियादी सुविधाओं के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकास की मांग

**सैयद मसूद अली पटेल, गैरतगंज।** जिले की गैरतगंज तहसील की ग्राम पंचायत गढ़ी आज भी विकास कार्यों से कोसों दूर नज़र आ रही है। लगभग 8 हजार की आबादी वाली यह पंचायत जिले की बड़ी ग्राम पंचायतों में शामिल होने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रही है। हालात यह हैं कि यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणो में लगातार नाराज़गी बढ़ती जा रही है।

**बुनियादी सुविधाओं का अभाव, योजनाएं कागज़ों तक सीमित:** ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में पेयजल संकट गंभीर बना हुआ है। जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजना आज तक शुरू नहीं हो पाई है, जिससे लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इसके साथ ही पानी की टंकी और पाइप लाइन,जो जल जीवन मिशन अंतर्गत जल निगम द्वारा 8 करोड़ रुपए की बनाई थी उसमें 3 लाख लीटर की टंकी 10 किलोमीटर से अधिक की पाइप लाइन की योजना बनाई थी लेकिन अभी तक दो वर्ष गुज़रने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी गढ़ी पिछड़ा हुआ है। यहां सीएम राइज़ स्कूल, पीएम श्री स्कूल और उप पशु चिकित्सालय जैसी सुविधाएं अब तक स्वीकृत नहीं हो पाई हैं। वहीं सड़कों की स्थिति भी बेहद खराब है, जिससे आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**विकास कार्यों की लंबी सूची, लेकिन कार्रवाई शून्य:** ग्राम पंचायत में डेम निर्माण, सड़क निर्माण, पार्क, हाट-बाज़ार, यात्री प्रतीक्षालय, खेल मैदान, पुस्तकालय, जिम, सामुदायिक भवन, शांति धाम, कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल और पुलिया निर्माण जैसी कई महत्वपूर्ण मांगें वर्षों से लंबित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इन मांगों को लेकर कई बार संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। गढ़ी का इतिहास भी काफ़ी समृद्ध रहा है। बुजुर्गों के अनुसार, एक समय यहां कई महत्वपूर्ण दफ़्तर संचालित होते थे तहसील, अदालत, थाना जो वर्ष 1908 में ग़ैरतगंज स्थानान्तरण हुए हैं गढ़ी में सिर्फ़ रेंज आफिस और पुलिस चौकी बची है। वर्ष 1954 का वन विभाग का विश्राम गृह आज भी यहां मौजूद है, जो इस क्षेत्र की पहचान को दर्शाता है। कार्यालय गैरतगंज स्थानांतरित होने से गढ़ी का महत्व धीरे-धीरे कम होता गया।



**स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा गौरवशाली अतीत:** गढ़ी ने स्वतंत्रता संग्राम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 1857 की क्रांति के दौरान नवाब फ़ाज़िल मोहम्मद ख़ान और उनके भाई नवाब आदिल मोहम्मद खान ने रानी लक्ष्मीबाई के साथ मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ वीरतापूर्वक युद्ध किया था। 31 जनवरी 1858 को अंग्रेजों ने राहतगढ़ में नवाब फाजिल मोहम्मद खान गढ़ी के नवाब को फांसी दे दी थी। दोनों वीरों को आज भी देशभक्ति और बलिदान के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है।

**धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र लेकिन सुविधाओं की कमी:** गढ़ी धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। घने जंगलों के बीच स्थित प्राचीन महावली खो मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है, जहां महाशिवरात्रि पर सात दिवसीय मेले का आयोजन होता है। इसी तरह किले के पास स्थित हज़रत पीर पीतम शाह वली की दरगाह पर हर साल उर्स में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। हालांकि इन धार्मिक स्थलों तक पहुंचने के लिए सड़क जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव अब भी बना हुआ है।

**जनप्रतिनिधियों ने उठाई आवाज:** ग्राम पंचायत गढ़ी के सरपंच सैयद मसूद अली पटेल, उप सरपंच बृजेश कुमार जाटव, जनपद सदस्य फ़ैमीदा बी रिज़वान खां, पूर्व सरपंच पभागचंद चौरसिया, पूर्व जनपद सदस्य खेमचंद चौरसिया, समाज सेवी मोहन जाटव, मोहन माहेश्वरी, सतीश, सैयद आफ़ताब अली, नवाब कुरैशी, नीरज पंडा चौरसिया, ऋषभ कुमार जैन, सैयद दाऊद अली, नज़र हसन अंसारी पूर्व उप सरपंच, अब्दुर्रज्जाक खान, मुज़फ्फर हसन, सादी लाल सेन, माजिद ख़लीफ़ा, दुर्गेश यादव, रिज़वान खां, फ़ैय्याज़ खां, रतन लाल , संजय कुमार, गोपाल , सोलत अतहर अली, सग़ीर कुरैशी, सोनू, राजू, मुजीब खां, घनश्याम, रंजीत , सरवन प्रजापति, रामकुमार,सहित अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, क्षेत्रीय विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रभूराम चौधरी, एवं ज़िला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा बबलू भैया से लंबित विकास कार्यों को शीघ्र स्वीकृति देने की मांग की है।

## सार-समाचार

### अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई, पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सहायक को किया निलंबित

**समय जगत, खिलचीपुर।** जिले में शासकीय योजनाओं एवं पंचायत कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनियमितताओं पर कड़ी कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनपद पंचायत खिलचीपुर की ग्राम पंचायत हालाहेडी में पदस्थ सचिव लखन सिंह खींची द्वारा पंचायत के विभिन्न कार्यों में अनियमितता बरतते हुए बालाजी ट्रेडर्स, ब्यावराकलां (प्रोप्राइटर कुशल सिंह दांगी, सरपंच पुत्र) को वेंडर बनाकर राशि का आहरण किया गया। जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि उक्त फर्म वर्तमान में ब्यावराकलां में संचालित नहीं है तथा राशि आहरण की प्रक्रिया नियम विरुद्ध पाई गई। उक्त गंभीर अनियमितताओं को दृष्टिगत रखते हुए लखन सिंह खींची, सचिव ग्राम पंचायत हालाहेडी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसी प्रकार, जनपद पंचायत राजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत हिनोती में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक देवेंद्र शर्मा, जो कि पूर्व में जनपद पंचायत जीरापुर की ग्राम पंचायत काशीखेड़ी में पदस्थ थे द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना में समान नाम वाले अन्य हितग्राही को लाभ प्रदान करते हुए राशि में अनियमितता करने का प्रकरण प्रकाश में आया है।

उक्त मामले में देवेंद्र शर्मा को निलंबित/विरत करते हुए आगामी आदेश तक जनपद पंचायत राजगढ़ से संबद्ध किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध इसी प्रकार कड़ी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### इंदौर जिले के महू क्षेत्र में अवैध क्लीनिक सील संचालक पर हुई सख्त कार्यवाही

**इंदौर।** इंदौर जिले के महू में जिला प्रशासन द्वारा अवैध चिकित्सकीय गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक क्लिनिक को सील किया गया है। साथ ही क्लिनिक संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। एसडीएम महू राकेश परमार ने बताया कि प्रशासन को सूचना प्राप्त हुई थी कि महू क्षेत्र के होली चौक, गुजरखेड़ा में डॉ. एम.एस. ख़ान द्वारा बिना वैध अनुमति एवं आवश्यक पंजीयन के क्लिनिक संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर एसडीएम, बीएमओ एवं थाना प्रभारी महू की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित व्यक्ति बिना किसी मान्यता प्राप्त डिग्री एवं रजिस्ट्रेशन के एलोपैथिक चिकित्सा कार्य कर रहा था। साथ ही वहां अवैध रूप से 6 बिस्तरों का एक छोटा अस्पताल भी संचालित किया जा रहा था। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि क्लिनिक में बिना अनुमति एलोपैथिक दवाइयों का संग्रह किया गया था, जो नियमों का उल्लंघन है। गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्लिनिक को सील कर दिया। प्रशासन द्वारा संबंधित संचालक डॉ. एम.एस. ख़ान के विरुद्ध प्रासंगिक धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध चिकित्सा गतिविधियों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### शिवपुर पुलिस ने 250 क्वार्टर अवैध शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**समय जगत, सिवनी मालवा।** शिवपुरी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपी पंकज बट्टी पिता हरिराम बट्टी उम्र 43 वर्ष, निवासी बादर खोह थाना शिवपुर को गिरफ्तार किया। मामले की जानकारी देते हुए शिवपुर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विवेक यादव ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पंकज बट्टी के कब्जे से देशी और लाल मसाला क्वार्टर की कुल 5 पेटियों में रखी 250 क्वार्टर अवैध शराब बरामद की। जिसकी कुल मात्रा 41.760 लीटर और अनुमानित कीमत 19,400 रुपये आंकी गई। जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे हिरासत में ले लिया हैं। थाना प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। गैरकानूनी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### 27 से संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन रामनवमी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**समय जगत, गैरतगंज।** नगर में धार्मिक वातावरण के बीच संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन 27 मार्च से 2 अप्रैल तक किया जाएगा। यह आयोजन मंडी रोड स्थित अंबेडकर पार्क में प्रतिदिन सायं 8 बजे से रात्रि 11 बजे तक होगा। कथा वाचन प्रसिद्ध कथावाचक पंडित स्वामी नवीन बिहारी महाराज द्वारा किया जाएगा, जिनके मुखारविंद से भक्तजन श्रीराम कथा का रसपान करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ 27 मार्च शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। यह शोभायात्रा दोपहर 3 बजे अन्नपूर्णा मंदिर बस स्टैंड से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल मंडी रोड, अंबेडकर पार्क पहुंचेगी। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की झांकियां, धार्मिक ध्वज एवं भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कथा के समापन अवसर पर 2 अप्रैल शुक्रवार को कन्या विवाह एवं नगर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं को प्रसादी ग्रहण करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान नप उपाध्यक्ष अशोकसिंह ठाकुर एवं श्रीमती फूलबाई ठाकुर हैं। आयोजन श्री हनुमान मंदिर समिति टेकापार एवं सकल हिंदू संगठन, नगर व क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्री रामकथा श्रवण करने और धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# कागजों में विकास ,जमीनी हकीकत शून्य

## डुंगरिया खुर्द में 78 साल बाद भी काला पानी जैसी जिंदगी




**सिलवानी।** आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बावजूद जनपद पंचायत सिलवानी की ग्राम पड़रिया कला अंतर्गत आदिवासी बहुल ग्राम डुंगरिया खुर्द आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहा है। गांव तक पक्की सड़क नहीं होने से ग्रामीणों का जीवन मानो 'काला पानी' जैसी कठिन परिस्थितियों में गुजर रहा है। सिर्फ 2 किलोमीटर की दूरी बना अभिशाप ग्राम सियलबाड़ा से डुंगरिया खुर्द की दूरी महज 2 किलोमीटर है लेकिन यह रास्ता ऊबड़-खाबड़ पत्थरीला और पूरी तरह कच्चा है। हालात इतने खराब हैं कि चार पहिया वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते। बारिश के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जिससे ग्रामीणों का बाहरी दुनिया से संपर्क लगभग टूट जाता है।

**शिक्षा पर ताला,छात्राओं ने छोड़ी पढ़ाई:** गांव में केवल कक्षा 5वीं तक ही स्कूल संचालित है। आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों को दूसरे गांव जाना पड़ता है। खराब सड़क और सुरक्षा की चिंता के चलते कई छात्राओं ने स्कूल जाना छोड़ दिया है जिससे उनके भविष्य पर संकट मंडरा रहा है।

**350 आबादी, लेकिन विकास नदारद:** करीब 350 की आबादी वाले इस गांव में सड़क, स्वास्थ्य शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। बीमार पड़ने पर मरीजों को खाट या बाइक से ले जाना पड़ता है, जिससे कई बार समय पर इलाज नहीं मिल पाता।

**कागजों में विकास हकीकत में भ्रष्टाचार के आरोप:** ग्रामीणों ने पंचायत पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रेम सिंह अहिरवार बलराम भिलाला मुकेश यादव शंकर यादव सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपए का आहरण कर लिया गया जबकि जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हुआ।

ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव रोजगार सहायक और सरपंच की मिलीभगत से फर्जी निर्माण कार्य दिखाकर शासकीय राशि निकाल ली गई।

**शिकायतें कई स्तर पर,कार्रवाई शून्य:** ग्रामीणों ने तहसील सिलवानी जिला और भोपाल तक शिकायतें दर्ज कराई हैं लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस जांच या कार्रवाई नहीं हुई है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि डुंगरिया खुर्द तक जल्द से जल्द पक्की सड़क बनाई जाए और पंचायत में हुए कथित भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने बताया कि 2 किमी सड़क के अभाव में गांव कटा हुआ टापू बन गया है।

छात्राओं की पढ़ाई छूट गई है, स्वास्थ्य सेवाएं ठप्प हैं। शिकायतों के बाद भी जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई ग्रामीणों का कहना है कि यह खबर सीधे प्रशासन की कार्यप्रणाली और ग्रामीण विकास की हकीकत पर सवाल खड़े करती है।

### इनका कहना है

मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है शीघ्र ही सड़क के संबंध में परीक्षण कराया जायेगा किस कारण से सड़क का निर्माण का रुका हुआ है पंचायत में बगैर निर्माण के जो राशि का आहरण हुआ है तथा अधूरे निर्माण कार्यों की भी जांच करा कर कार्रवाई की जायेगी।

**कमल सोलंकी,**
जिला पंचायत सीईओ रायसेन

# टीबी के खिलाफ जंग तेज, 100 दिन में बड़ा वार, धार से हुंकार



**अल्ताफ खान समय जगत, धार।** विश्व टीबी दिवस पर जिला अस्पताल धार में स्वास्थ्य विभाग ने टीबी के खिलाफ निर्णायक मोर्चा खोल दिया। टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य के साथ 100 दिवसीय विशेष अभियान की जोरदार शुरुआत हुई, जिसमें हर संदिग्ध मरीज तक पहुंचकर जांच और इलाज सुनिश्चित करने पर फोकस है। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा—अब टीबी छुपेगी नहीं, हर हाल में पकड़ी जाएगी। अभियान के तहत घर-घर सर्वे, त्वरित जांच, आधुनिक हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन से स्क्रीनिंग और पूरी तरह निःशुल्क इलाज की व्यवस्था की गई है।

**अभियान की बड़ी ताकत:** तेजी से मरीजों की पहचान और ऑन-द-स्पॉट जांच, फ्री इलाज और पोषण सहायता फूड बास्केट,हाईटेक तकनीक से समय रहते बीमारी पर कंट्रोल, कार्यक्रम में टीबी मरीजों को पोषण सहयोग भी दिया गया, ताकि इलाज के साथ उनकी सेहत तेजी से सुधर सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने टीबी उन्मूलन की शपथ ली और इसे जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

**अलर्ट जनता के लिए:** लगातार खांसी, बुखार, वजन घटना या कमजोरी—ये संकेत नजर आएं तो तुरंत जांच कराएं। देरी खतरनाक हो सकती है।

**संदेश साफ:** डर नहीं, जांच जरूरी है, जनभागीदारी और समय पर इलाज से ही धार टीबी मुक्त बनेगा।

# विद्यारंभ एजुकेशन सेरेमनी कार्यक्रम संपन्न

**समय जगत, गैरतगंज।** जिले की गैरतगंज एकीकृत बाल विकास परियोजना के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्यारंभ एजुकेशन सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 5 से 6 वर्ष आयु के उन बच्चों को आमंत्रित किया गया, जिनका प्रवेश विद्यालयों में किया जाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद गैरतगंज के अध्यक्ष जिनेश सिंघई ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एसी चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रागिनी विश्वकर्मा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी से 5 से 6 वर्ष के बच्चों को स्कूलों में स्थानांतरित कर शिक्षा को सुदृढ़ बनाना तथा बच्चों और उनके अभिभावकों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है। अध्यक्षीय उद्बोधन में जिनेश सिंघई ने कहा कि विद्यारंभ कार्यक्रम बच्चों और अभिभावकों दोनों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है और माता-पिता का पहला कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि बाल्यावस्था सीखने का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एसी चौहान ने भी कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में पार्षद जितेंद्र राय, बाबूलाल राय सहित परियोजना अधिकारी अरुणा गरुड़ उपस्थित रहे। अंत में आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



## जालपा मंदिर पर्वत की भव्य परिक्रमा

**राजगढ़।** 84 हनुमान यात्रा एवं मां जालपा मंदिर परिक्रमा समिति द्वारा मां जालपा मंदिर पर्वत की भव्य परिक्रमा की गई। नवरात्रि के पावन अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु झलक पर्वत पहुंचे और पूरे विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना की। यात्रा के दौरान श्रद्धालु हाथों में झंडे लेकर पैदल चलकर मंदिर पहुंचे, जहां नगर, जिले और देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। नवरात्रि के दिनों में निकली इस पहली परिक्रमा यात्रा को लेकर भक्तों में खासा उत्साह रहा। बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ओम प्रकाश शर्मा गजेंद्र सिंह बना मनीष मालवी संतोष बना प्रशांत शर्मा कैलाश प्रजापति भानु जाकोदिया।



## दास खजुरी में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर

**नटेरन।** शासकीय महाविद्यालय नटेरन जिला-विदिशा के तत्वावधान में एनएसएस के सात दिवसीय आवासीय कैम्प का आयोजन ग्राम दासखजूरी के पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ बी.डी.खरबार ने एन एस एस का विस्तृत परिचय देते हुए उसके मूल वाक्य में नहीं हम की व्याख्या की। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम के समाजसेवी राजकुमार रघुवंशी ने सहयोग का आश्वासन दिया। महाविद्यालय से कार्यक्रम संयोजक देव आशीष शाक्य ने कहा विकास की धारा गांव से होकर गुजरती है , कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ शैलेंद्र भावसार ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं का प्रेरणा स्रोत और बताया, बी.डी. धार्मिक, अभिषेक शर्मा, व्यवस्थापक कम्पोटर सिंह, नीरज पचौरी, सचिन वंशकार, शरद वाल्मीकि, कोटवार प्रीतम जाटव एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नर्मदा तट बाबरी में आवारा मवेशियों की होगी सेवा, आहार के लिए 50 ट्राली भूसे का लक्ष्य, 22 ट्राली मिला दान

# सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाकर गौवंश का ठिकाना बनाने की योजना

**समय जगत, सिवनी मालवा।** इस समय हर गांव, शहर में जहा जहा नजर जाएगी आपको लावारिस रूप से घूमते हुए गौवंश (मवेशी) नजर आएंगे। देखने में आ रहा हैं कि लोग मवेशी तो पाल लेते हैं लेकिन वो जब तक दूध देते हैं उन्हें रखा जाता है, फिर दूध निकालकर सड़कों पर छोड़ दिया जाता हैं। सड़कों पर वे दुर्घटनाओं का शिकार भी होते हैं लेकिन मूक प्राणी कुछ बोल नहीं पाता है और अपनी भूख मिटाने सड़कों पर पड़ा कचरा, पॉलीथिन, पुष्टा, कागज आदि खाने को मजबूत हैं। अब तो लोग नर्मदा तट के किनारे भी अपने मवेशियों को रात अंधेरे छोड़कर चले जाते हैं। जिसके चलते वहा भी आवारा विचरण करते मवेशियों के मेला लग गया हैं। ऐसा ही नर्मदा तट सिवनी मालवा विकासखण्ड में बाबरी घाट के नाम से प्रसिद्ध है। जहां भी दिनों दिन सड़कों पर विचरण करने वाले गौवंश की तादाद बढ़ रहीं है। जिनके रहने और आहार की व्यवस्था जनसहयोग से करने का बीड़ा ग्राम पंचायत बाबरी के सरपंच प्रतिनिधि नरहरी पटेल ने उठाया है। जो ग्राम और आसपास के ग्रामों से अभी किसान भाइयों से भूसा संग्रहण कर रहे हैं। इस संबंध में नरहरी पटेल ने बताया कि ग्राम बाबरी में बहुत सारे मवेशी लोग दूसरे गांव से लाकर छोड़ जाते हैं। ऐसे वे सहारा पशुओं के लिए 50 ट्राली भूसा जनसहयोग से इकट्ठा करने का हमने लक्ष्य रखा है। क्योंकि अभी क्षेत्र में गेंहू की कटाई हो रहीं हैं। गेहूं कटने के बाद किसान भाई उसके अवशेषों (नरवाई) में आग लगा देते हैं। जिससे गौवंश का भूसा रूपी आहार जलकर नष्ट हो जाता हैं। आगजनी की घटनाएं भी होती हैं, खेतों में लगी फसल नष्ट हो जाती हैं और गौवंश भूखों मरने की कगार पर आ जाता हैं। ऐसे में हमनें किसान भाइयों से अपील की हैं कि क्यों न हम सब मिलकर अपनी श्रद्धा अनुसार अपने खेतों से भूसा बनाकर 1 स्थान पर एकत्र करें और उसको व्यवस्थित रखकर गौवंश को वर्ष भर व्यवस्थित तरीके से खिलाकर पुण्यलाभ अर्जित करें। नरहरी पटेल ने बताया कि हमारी अपील का असर ये हुआ कि अभी बाबरी में 22 ट्राली भूसा किसान भाइयों ने लाकर दे दिया हैं। हमारा लक्ष्य हैं 50 ट्राली भूसे का जो जल्द ही पूरा हो जाएगा। उन्होंने इस कार्य की बहुत सराहना की। जिसके बाद एसडीएम ने राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान, आरआई, पटवारी, कृषि अधिकारी के दल को भूसा एकत्र केंद्र निरीक्षण के लिए भेजा। जिन्होंने नरहरी पटेल और दानदाता किसानों की सराहना की। सरपंच प्रतिनिधि नरहरी पटेल ने बताया कि हमने एसडीएम से मांग की है कि गांव से लगी सरकारी जमीन खसरा नम्बर 111/1 का आप अतिक्रमण हटाकर पंचायत को दिलवा दे, हम जनसहयोग से वहा गौवंश को रखने की व्यवस्था कर लेंगे। जिसे शीघ्र दिलाने का एसडीएम श्री राय ने भरोसा दिलाया है। 22 ट्राली भूसा दान करने वाले किसान भाइयों में नरहरी पटेल, विनोद पटेल, राजेंद्र केवट, महाराज जी, जसवीर पटेल, महेंद्र पटेल, देवेन्द्र यदुवंशी सह सचिव, प्रमोद पटेल, कोदर सिंह पटेल, नरेंद्र पटेल, जसवीर सिंह दरबार, संतोष राठौर, जस्सू पटेल, मूल सिंह, सुरेंद्र सिंह यदुवंशी, हरिओम सिंह यदुवंशी, ब्रजेंद्र सिंह यदुवंशी, भीम प्रजापति, सोम सिंह ठाकुर आदि शामिल हैं।



स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेल: dainiksamayjagat@gmail.com

# खराब हुई फसल का सर्वे कराने समस्याओं पर जल्द कार्रवाई की मांग

**श्योपुर ब्यूरो।** मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस ब्लॉक कराहल ने मंगलवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन कराहल के एसडीएम बीएस श्रीवास्तव को दिया गया। किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राधे यादव के नेतृत्व में यह ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश के किसान इस समय आर्थिक संकट और कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। किसानों का आरोप है कि सरकार की नीतियों के कारण उनकी स्थिति लगातार बिगड़ रही है, जिससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है। किसानों ने अपनी मांगों में ऋण जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने, विदेशी सोयाबीन के आयात पर रोक लगाने और हाल ही में हुई बारिश व ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का तत्काल सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 4000 रुपए प्रति क्विंटल घोषित करने की भी अपील की। इसके अतिरिक्त, श्योपुर जिले में चंबल नहर को 1 जुलाई से शुरू करने, सहकारी समिति कराहल में किसानों की जमा राशि खातों में दर्ज कराने तथा किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा पर चल रही जिला बदर की कार्रवाई निरस्त करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल थी। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपते समय रामलखन सिंह, जुगराज कुशवाह सहित कई अन्य किसान मौजूद रहे।

# नवरात्रि के पावन अवसर पर मां बगलामुखी मंदिर परिसर में पुलिस द्वारा जनजागरुकता प्रदर्शनी आयोजित




**समय जगत, आगर मालवा।** नवरात्रि पर्व के दौरान माँ बगलामुखी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष जनजागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न अभियानों, योजनाओं एवं जनहितकारी गतिविधियों के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे स्वयं सुरक्षित रहें और समाज में भी जागरूकता फैलाएं। प्रदर्शनी में आकर्षक बैनरों के माध्यम से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को सम्मिलित किया गया है, जिनमें प्रमुख रूप से नशे से दूरी है जरूरी अभियान, महिला सशक्तिकरण अंतर्गत ऑपरेशन मुस्कान, गौवंश सुरक्षा हेतु पुलिस की कार्यवाही, हार्टफुलनेस ध्यान सत्र, तथा हर पुलिस कर्मी को सीपीआर प्रशिक्षण जैसे जीवनरक्षक प्रयासों की जानकारी दी गई है। इसके अतिरिक्त सायबर अपराध से बचाव के उपाय, डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई वैधानिक प्रावधान नहीं है÷ जैसी महत्वपूर्ण जानकारी, सड़क सुरक्षा अभियान, राहवीर योजना एवं कैशलेस उपचार योजना के बारे में भी विस्तार से जनजागरूकता संदेश प्रदर्शित किए गए हैं।

इसी क्रम में प्रदर्शनी में पुलिस बैंड से संबंधित जानकारी का भी विशेष बैनर लगाया गया है, जिसके माध्यम से आमजन को पुलिस बैंड की भूमिका, अनुशासन एवं विभिन्न अवसरों पर उसकी महत्वपूर्ण सहभागिता के बारे में अवगत कराया जा रहा है।

नवरात्रि के दौरान मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंचते हैं, जिससे यह प्रदर्शनी अधिकाधिक लोगों तक जागरूकता पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन रही है। इस पहल के माध्यम से पुलिस द्वारा समाज में सुरक्षा, सतर्कता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त प्रदर्शनी का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ थाना प्रभारी नलखेड़ा नागेश यादव सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में आते हैं, ऐसे में यह हमारा दायित्व है कि हम उन्हें केवल सुरक्षा ही नहीं, बल्कि जागरूकता भी प्रदान करें।

इस प्रदर्शनी के माध्यम से नागरिकों को नशे से दूर रहने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने एवं समाज के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश दिया जा रहा है। पुलिस बैंड जैसे अनुशासित दल की जानकारी भी युवाओं में सकारात्मक प्रेरणा का कार्य करती है। एक जागरूक नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव होता है। जिला पुलिस द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे आमजन को अधिकाधिक लाभ मिल सके।

## सार संक्षिप्त

### नारायण कुमावत किसान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त



**राकेश अजमेरा, खातेगांव।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन पर, देवास जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान की अनुसंशा पर किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने हरण गांव किसान कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष पद पर नारायण कुमावत को नियुक्त किया गया, कुमावत की नियुक्ति पर सभी वरिष्ठ कांग्रेस पार्टी के नेताओं में कैलाश कुंडल, बंटू गुर्जर, ओम पटेल, मोहन पटेल, नारायण पटेल, प्रदीप अग्रवाल, रामचंदर पटेल, हरिनारायण जाट आदि ने बधाई दी है।

### भोपाल चलो आंदोलन को लेकर अतिथि शिक्षक संघ की बैठक, एकजुटता का किया गया आव्हान

**समय जगत, श्योपुर।** आगामी 29-30 मार्च को प्रस्तावित भोपाल चलो आंदोलन को लेकर अतिथि शिक्षक संघ ने 24 मार्च को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में जिले के प्रेमसर संकुल केंद्र सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथि शिक्षकों ने भाग लिया और आंदोलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी अतिथि शिक्षक एकजुट होकर भोपाल पहुंचेंगे और अपनी मांगों को मजबूती से उठाएंगे। वक्ताओं ने कहा कि एक संघ, एक परिवार, एक मंच के संकल्प के साथ सभी को कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ना होगा, तभी आंदोलन सफल हो सकेगा। संघ के पदाधिकारियों ने सभी अतिथि शिक्षकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं और एकता का परिचय दें। बैठक में मौजूद शिक्षकों ने भी पूर्ण समर्थन देते हुए आंदोलन में सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिलाया। जिला अध्यक्ष गणेश मीणा बीएमएस ने कहा कि यह आंदोलन अतिथि शिक्षकों के अधिकारों की लड़ाई है और इसमें सभी का साथ जरूरी है। उन्होंने सभी साथियों से एकजुट रहकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया।

### ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था रखें सुचारू : कलेक्टर

**समय जगत, आगर मालवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम द्वारा संचालित पेयजल योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया कि खराब हैंडपंपों का सुधार कार्य 24 घंटे की समय-सीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। इसी प्रकार नल-जल योजनाओं के अंतर्गत मोटर पंप खराब होने की स्थिति में ग्राम पंचायतों के माध्यम से निर्धारित समय-सीमा में मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायतों को दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए पेयजल आपूर्ति सतत बनाए रखें। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल परिरक्षण अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। साथ ही पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जल परीक्षण प्रयोगशालाओं एवं एफटीके किट के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के पेयजल स्रोतों की नियमित जांच एवं निगरानी करने के निर्देश दिए गए। जल निगम की समूह जल प्रदाय योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यों में गति लाकर उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से उन ग्रामों को चिन्हित करने के निर्देश दिए, जहां ग्रीष्म ऋतु में पानी की समस्या अधिक रहती है, ताकि समय रहते वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया कि अपने कार्यक्षेत्र के ग्रामों में ग्राउंड स्तर पर सर्वेक्षण कर पेयजल स्थिति की सतत निगरानी रखें तथा पेयजल परिवहन की नौबत न आए, इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी आगर एवं सुसनेर, कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल निगम के उप महाप्रबंधक, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्योपुर-शिवपुरी सड़क निर्माण अंतर्गत सर्वे कार्य का लिया जायजा

## कलेक्टर ने जल्द काम शुरू करने के दिये निर्देश




**समय जगत, श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा एमपीआरडीसी तहत बनाई जा रही श्योपुर-शिवपुरी सडक निर्माण के लिए सर्वे कार्य का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित एमपीआरडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्योपुर जिले में भी उक्त सडक के निर्माण के लिए जल्द काम शुरू किया जायें तथा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप इस महत्वपूर्ण सडक का निर्माण कार्य कराया जायें। इस अवसर पर एमपीआरडीसी के एजीएम सुनील पुआरे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर अर्पित वर्मा को सर्वे कार्य के निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि 256 करोड 93 लाख रूपये की लागत से कुल 85.24 किलोमीटर लम्बी टू-लेन सडक का निर्माण कार्य संचालित है, इसके अंतर्गत वर्तमान में शिवपुरी जिले में पोहरी से शिवपुरी तक का कार्य संबंधित एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। उन्होने जानकारी दी कि सडक एलायमेंट तथा शॉल्डर आदि के लिए श्योपुर जिले में सर्वे कार्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। वर्षा उपरांत गोरस से शिवपुरी तक कार्य शुरू हो जायेगा। उन्होंने जानकारी दी कि निर्माण अवधि दो वर्ष है, इस सडक मार्ग को समय सीमा में पूर्ण कराने का कार्य किया जायेगा।

# घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर 6 सिलेण्डर जब्त

**समय जगत, श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा घरेलू गैस सिलेडरो के व्यवसायिक उपयोग पाये जाने पर दो प्रतिष्ठानों से 6 सिलेण्डर जब्त करने की कार्यवाही की गई है। फूड इस्पेक्टर संजीव शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जैन दुग्ध केन्द्र के गोदाम छारबाग श्योपुर से 04 एवं भूपेन्द्र बाथम किराना एवं नाश्ता सेन्टर भोई मोहल्ला श्योपुर से 02 घरेलू गैस सिलेडरो का व्यवसायिक रूप से दुरूपयोग करते पाये जाने पर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 की कण्डिका 3.1(ग) का उल्लंघन होने की स्थिती मे 06 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त कर श्योपुर गैस ऐजेन्सी की सुपुर्दगी मे दिये गये है एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रेषित किया गया है। सभी प्रतिष्ठान संचालको को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाता है कि घरेलू गैस सिलेडरो का व्यवसायिक उपयोग न करे अन्यथा कठोर कार्यवाही की जावेगी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जागरुकता गतिविधियां की जा रही हैं आयोजित

**समय जगत, आगर मालवा।** जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता एवं सहभागिता आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत विद्यार्थियों एवं युवाओं को जल संरक्षण से जोड़ने के उद्देश्य से शैक्षणिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विकासखंड सुसनेर में आज विद्यालयों में नियमित कक्षाओं का संचालन करते हुए जल शक्ति, जनभक्ति अभियान अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा समूह गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, जल स्रोतों के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर चर्चा कर जल बचाने का संकल्प लिया। इसी क्रम में विकासखंड बड़ौद में जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में युवाओं को जल संसाधनों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं जल के सदुपयोग के प्रति जागरूक किया गया। विकासखंड आगर में भी जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्रों द्वारा जल संरक्षण विषय पर पेंटिंग, स्केच एवं पोस्टर निर्माण गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से जल बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के माध्यम से युवाओं एवं विद्यार्थियों को जल संरक्षण की जिम्मेदारी से जोड़ते हुए इसे जन आंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाकर जल स्रोतों के संरक्षण में सहयोग करें।

# प्राइवेट टैक्सियों का हो रहा संचालन, राजस्व को नुकसान और यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल



**समय जगत, श्योपुर।** जिले में प्राइवेट (गैर-व्यावसायिक) वाहनों का अवैध रूप से टैक्सी के रूप में संचालन तेजी से बढ़ रहा है। यह गतिविधि मोटरयान संबंधी नियमों के विपरीत होने के साथ ही शासन को लाखों-करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचा रही है। साथ ही, यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है। जानकारी के अनुसार, नियमों के तहत किसी भी वाहन का व्यावसायिक उपयोग करने के लिए उसका व्यावसायिक पंजीयन, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वैध परमिट और चालक के पास व्यावसायिक ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। लेकिन जिले में बड़ी संख्या में ऐसे प्राइवेट वाहन टैक्सी के रूप में संचालित हो रहे हैं, जिनमें इन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। इन अवैध टैक्सियों का संचालन मुख्य रूप से पंडित दीनदयाल एकीकृत नवीन बस स्टैंड सहित शहर के विभिन्न स्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों से हो रहा है। इसके अलावा, राजस्थान सीमा से भी कई प्राइवेट वाहन टैक्सी के रूप में चल रहे हैं। आरोप है कि इन वाहनों के चालकों का पुलिस सत्यापन भी नहीं होता, जिससे आपराधिक गतिविधियों की आशंका बनी रहती है। टैक्सी वाहन मालिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इन अवैध वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि अवैध टैक्सी संचालक मनमाने किराए वसूल रहे हैं, जिससे आम जनता का आर्थिक शोषण हो रहा है और वैध टैक्सी संचालकों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बस स्टैंड और आरटीओ बैरियर पर सघन जांच अभियान चलाकर अवैध टैक्सियों को हटाने की मांग की है, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और नियमानुसार परिवहन सुविधा मिल सके।

# जिला न्यायालय में ईद मिलन समारोह आयोजित, भाईचारे का दिया गया संदेश



**आगर मालवा।** जिला न्यायालय परिसर स्थित मेडिटेशन हॉल में एडवोकेट शाहिद मुल्तानी द्वारा ईद मिलन समारोह का स्नेहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायपालिका और अधिवक्ता समुदाय के बीच आपसी सौहार्द और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी. एस. चौहान, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मारू, अंजुमन कमेटी सदर एडवोकेट शमीउल्लाह कुरेशी, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष वैभव भटनागर अन्य न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी, अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत आपसी अभिवादन और शुभकामनाओं के साथ हुई। बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मारू ने सभी को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि रमजान के पवित्र महीने में संयम और उपवास के पश्चात मनाया जाने वाला ईद का त्यौहार आपसी गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सद्भाव और एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

जिला जज डी. एस. चौहान ने भी अपने संबोधन में सभी को ईद की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ईद का पर्व आपसी प्रेम, सहयोग और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन न्यायालयीन परिवार के बीच बेहतर तालमेल और सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक होते हैं।समारोह के अंत में सभी उपस्थितजनों को स्वल्पाहार कराया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान आत्मीयता और सौहार्द का वातावरण बना रहा, जिसने ईद के वास्तविक संदेश-एकता और भाईचारे को साकार किया।

# नीलेश उपाध्याय बने सर्व ब्राह्मण समाज बेटमा के नए अध्यक्ष



**सुनील मेघाया-समय जगत, बेटमा।** नगर में सर्व ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय केशव वाटिका गार्डन में आयोजित की गई। इस बैठक में समाज के प्रबुद्धजनों और युवाओं को बड़ी संख्या में एकत्रित होकर समाज के नए नेतृत्व का चयन करना था। कार्यक्रम की शुरुआत में समाज के पूर्व अध्यक्ष मिथिलेश दुबे ने अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत दायित्वों की व्यस्तता के कारण वे अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी छोड़ रहे हैं। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए किसी अन्य योग्य व्यक्ति को अध्यक्ष चुनने का प्रस्ताव रखा, जिसे समाजजनों ने स्वीकार किया। विचार-विमर्श के दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्यगण मूलचंद शर्मा, अशोक पांडे, बद्रीप्रसाद पाठक, लालताप्रसाद शुक्ला ने सर्वसम्मति से नीलेश उपाध्याय के नाम का प्रस्ताव रखा। वहां मौजूद सभी लोगों ने एक स्वर में नीलेश उपाध्याय को अध्यक्ष पद के लिए अपना समर्थन दिया।

इस अवसर पर समाज के संयोजक पं. जितेंद्र जोशी, अशोक व्यास, पं दिनेश मिश्रा, रविश पाठक, अजय तिवारी, मुकेश पाठक, परमानंद शर्मा, मुकेश दुबे, धर्मेंद्र उपाध्याय, संजय पांडे, लाला शर्मा, हरि जोशी, पीयूष चतुर्वेदी, विजय शर्मा, अतुल शर्मा, मनीष जोशी, विनोद पांडे आदि मुख्यरुप से उपस्थित रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष उपाध्याय ने कहा कि समाज ने जो दायित्व मुझे सौंपा है, मैं उस पर खरा उतरने का पूर्ण समर्पण व निष्ठा से प्रयास करूँगा। सभी वरिष्ठों के मार्गदर्शन में समाज को संगठित करना और किये गए संकल्पों को सिद्ध करना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

### विश्व क्षय दिवस पर जिला अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित

**समय जगत, श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में विश्व क्षय दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय के सभागार में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार, विधायक प्रतिनिधि डॉ शहजाद, जिला क्षय अधिकारी डॉ यतेन्द्र सिंह रावत, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिदंल, डॉ गजेन्द्र धाकड़ आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सभी से सहयोग की अपील की गई कि टीबी एक संक्रामक लेकिन पूर्णत: उपचार योग्य बीमारी है, समय पर जांच एवं उपचार से यह पूरी तरह ठीक हो जाती है। सरकार द्वारा टीबी मरीजों को नि:शुल्क जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही, मरीजों को पोषण सहायता भी प्रदान की जाती है। किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं और उपचार प्रारंभ करें। कार्यक्रम में अंत में टीबी उन्मूलन के लिए सहयोग एवं प्रयासों के संबंध में शपथ भी ली गई। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर उक्त कार्यक्रम के अलावा प्रेरणा वृद्धाश्रम एवं जिला जेल में टीबी जांच शिविर भी लगाये गये। जिसमे टीबी रोग के स्क्रीनिंग की गई तथा सेम्पल कलेक्ट किये गए। इसके साथ ही उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर आशा, एएनएम, सीएचओ एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर संभावित टीबी मरीजों की पहचान की गई तथा सैंपल लेकर जांच हेतु भेजे गए।

# मंडल स्तर पर 'रेल के साथ खेल नहीं' एक अभियान की हुई शुरुआत



**मेघनगर (दशरथ सिंह कट्ठा)।** वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल रतलाम, पश्चिम रेलवे रामराज मीना के दिशा निर्देशन पर मंडल के अंतर्गत शरारती तत्वों द्वारा सवारी गाड़ियों पर पत्थरबाजी, रेलवे ट्रेक/ट्रेक के सहारे स्थित उपकरणों के साथ छेड़छाड़, अनाधिकृत ट्रेस पासिंग एवं रेलवे ट्रेक पर पशुओं के दुर्घटनाग्रस्त होकर रेल संचालन में हो रही बाधाओं एवं उक्त घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आम पब्लिक में नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से जन जागरूकता फैलाने के लिए मंडल स्तर पर रेल के साथ खेल नहीं नामक एक अभियान की शुरुआत की गई है जिसके तहत बल सदस्यों की एक टीम का गठन किया गया टीम द्वारा मंगलवार को रे.सु.बल मेघनगर के क्षेत्राधिकार में उप निरीक्षक राजा जेफ, उप निरी अंकित चौधरी एवं अन्य स्टाफ के साथ निम्न गांवों में जिसमे गांव मेघनगर के सजेली में लगभग-50-60 महिलाएं व बच्चे तथा आम नागरिक उपस्थित रहे तो वही नौगांवा ग्राम पंचायत में लगभग 100 महिलाएं व बच्चे तथा आम नागरिक उपस्थित रहे जिसे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीण बच्चों, महिलाएं नौगांवा तथा सजेली के सरपंच उप सरपंच, पंच पटेल व स्थानीय निवासियों को रेल गाड़ियों में पत्थर न मारने, रेल पटरी पार न करने, रेलवे लाइन पर पत्थर आदि न रखने व वीडियो/रील न बनाने, रेलवे संपत्ति को छेड़छाड़ न करने एवं नुकसान न पहुंचाने के संबंध में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर प्रस्तुती दी गई साथ ही और उन्हें आवश्यक समझाइश दी गई कि इस प्रकार की घटनाएं रेल अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दंडनीय अपराध है, जिसमें जुर्माना एवं सजा भी हो सकती है साथ ही यह भी समझाईस दी गई कि रेलवे एक राष्ट्रीय सम्पति है और रेल में आम नागरिक ही यात्रा करते है जिन्हें सुरक्षा प्रदान करना हर नागरिक का सर्वोपरि कर्तव्य है।

# अंगूठा लगवाकर राशन गायब, कोटेदार की वसूली और धमकी से ग्रामीण परेशान

## कोटेदार पर 1500 रुपए की अवैध वसूली की मांग का वीडियो वायरल



**समय जगत, हमीरपुर।** जनपद के तहसील सरीला क्षेत्र के ग्राम अलकछवा में सरकारी राशन वितरण व्यवस्था में बड़ा घोटाला सामने आया है। ग्रामीणों ने कोटेदार सुनील कुमार राजपूत पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले करीब तीन महीनों से कोटेदार अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन सामग्री नहीं दे रहा है। मशीन पर बायोमेट्रिक पूरा करने के बाद कार्डधारकों को खाली हाथ लौटा दिया जाता है इतना ही नहीं, आरोप है कि राशन देने के नाम पर 100 से 150 रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही है और जबरन अतिरिक्त सामान लेने का दबाव भी बनाया जाता है।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि विरोध करने पर कोटेदार खुलेआम धमकी देता है कि शिकायत करने पर राशन कार्ड निरस्त करवा दिया जाएगा। डर और दबाव के चलते कई लोग खुलकर सामने आने से भी कतरा रहे हैं। अंत्योदय कार्डधारक कौशिल्या समेत रोशनी देवी और प्रियंका ने आरोप लगाया है कि अंगूठा लगाने के बावजूद उन्हें राशन नहीं दिया गया, जबकि कुछ को यह कहकर टाल दिया गया कि उनका कार्ड निरस्त हो चुका है। ग्रामीणों ने दावा किया है कि उनके पास वीडियो और कॉल रिकॉर्डिंग जैसे पुख्ता सबूत मौजूद हैं। साथ ही घटतौली की शिकायतें भी सामने आई हैं।

लेकिन अब बड़ा सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में कार्रवाई करेंगे, या फिर गरीबों के हक पर यूं ही डाका पड़ता रहेगा? आधा दर्जन उपभोक्ताओं ने जिलाधिकारी घनश्याम मीना को ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# अवैध खनन,ओवरलोडिंग पर कार्यवाही के निर्देश



**बांदा।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में खनिज टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई।जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देशित किया कि अवैध खनन,परिवहन,ओवरलोडिंग वाहनों को रोके जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाए,खनन की आकस्मिक चेकिंग किये जाने के निर्देश दिये।खनन के अन्तर्गत ओवरलोड वाहनों की चेकिंग करते हुए प्रवर्तन कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। वाणिज्य कर,परिवहन,पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संयुक्त टीमे बनाकर चेकिंग की कार्यवाही की जाए और अवैध खनन एवं परिवहन पाये जाने पर कडी कार्यवाही की जाए। ओवरलोड वाहनों से अनेकों सडक दुर्घटनायें होती हैं।उन्हें रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाते हुए ऐसे वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए।ट्रकों के द्वारा होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए भी क्षेत्राधिकारी ट्राफिक को निर्देश दिये।वाहनों की चेकिंग हेतु पिकेट प्वाइंट बनाये जाने के निर्देश दिये। अवैध भण्डारण पर भी कडी नजर रखे जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।बैठक में पुलिस अधीक्षक,अपर जिलाधिकारी वि0,उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस सहित जिला खनन अधिकारी,सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एड्स कार्यशाला का किया आयोजन

**बांदा।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस अधिकारियों,कार्मिकों हेतु एचआईवी-एड्स के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यशाला में एचआईवी एड्स से जुड़े विषयों यथा रोकथाम,जाँच,उपचार एवं भेदभाव मुक्त वातावरण के बारे में पुलिसअधिकारियों एवं कार्मिकों को संवेदीकृत किया गया ।कार्यशाला में बताया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों में प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण अन्य बीमारियों से ग्रसित होने की संभावना बनी रहती है ।जिसका उपचार विभिन्न सरकारी एवं गैरसरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत चिकित्सा कर्मियों द्वारा किया जाता है। एचआईवी एक्ट के प्रावधानों में एचआईवी ग्रसित लोगों को समान संरक्षा सुरक्षा एवं अधिकार प्राप्त हैं ।एक्ट का उद्देश्य एचआईवी एवं एड्स से लोगों का बचाव एवं इसके विस्तार को रोकना है। कार्यशाला में आमन्त्रित अनुराग तिवारी सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा एचआईवी-एड्स अधिनियम 2017 के प्रावधानों के विषय में विस्तार से बताया गया ।एक्ट के अन्तर्गत एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को बिना भेद-भाव के आवश्यक उपचार, देखभाल एवं अन्य सेवाएं प्रदान करने एवं इससे जुड़ी शिकायतों के निवारण हेतु प्रावधानों के विषय में बताया ।सम्बोधित करते हुए जिला एड्स नियन्त्रण अधिकारी डा0अजय ने पीपीटी के माध्यम से एड्स के संबंध में जानकारी दी ।इससे जुड़ी भ्रान्तियों एवं रोकथाम व उपचार के बारे में बताया ।एक्ट के अन्तर्गत पुलिस के व्यवहार को अधिक संवेदनशील और सहयोगात्मक बनाने पर विशेष बल दिया गया है ।किसी भी व्यक्ति के साथ उसके पेशे,सामाजिक स्थिति अथवा स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर अपमानजनक या भेदभावपूर्ण व्यवहार नहीं किया जाना चाहिये ।कानून प्रवर्तन की कार्यवाही के दौरान किसी भी व्यक्ति के मानवाधिकारों का उल्लंघन न हो।

# काव्य संध्या में अमर शहीदों को याद किया गया

समय जगत, हमीरपुर।अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला इकाई हमीरपुर उ0प्र0 के तत्वाधान में दिनाँक 23 मार्च 2026 को रात्रि 8 बजे से दस बजे तक कवि हरीराम गुप्त %निरपेक्ष% के आवास परनामी भवन सुमेरपुर में आयोजित कवि गोष्ठी में ज्ञान की देवी माता सरस्वती जी का पूजन अर्चन और वंदना के पश्चात, भारत की स्वतंत्रता में प्राण न्योछावर करने वाले क्रांतिवीरों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीद दिवस मनाया गया। शहीदों के सम्मान में देश के प्रति श्रद्धा निष्ठा और तन मन धन से पूर्ण समर्पण की शपथ ली गयी।कवि गोष्ठी के मुख्य अतिथि स्वामी नित्यानंद जी महाराज ने अपनी कंकर से शंकर रचनाकृति से –फ़चेतना के निराभाव में भी चेतन रहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर पालिका मनियां के वार्डों के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक का हुआ आयोजन



**विजय शर्मा- समय जगत, धौलपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान द्वारा नगरीय निकायों के आम चुनाव 2026 के लिए निर्वाचक नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसीएम मनियां कर्मवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार नगर पालिका मनियां के समस्त वार्डों की निर्वाचक नामावलियां 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने एवं वार्ड का सामान्य तौर पर निवासी होने के आधार पर तैयार की जाएगी। इसके संबंध में नगर पालिका मनियां के अन्तर्गत आने वाले समस्त वार्डों के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में राष्ट्रीय राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि डॉ. मनोज शर्मा, जिला संयोजक आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष मुवीन अहमद फारूकी, बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष किशनसिंह अजानिया, आईएनसी के प्रतिनिधि साकेत बिहारी शर्मा उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि सभी राजनैतिक पार्टीयों को नगर परिषद धौलपुर के समस्त वार्डो की मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी सीडी में उपलब्ध कराई गई। सभी राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि नगर पालिका मनियां में कुल मतदाता 10235 जिनमें से पुरुष 5329 महिला 4906 अन्य शून्य है। उनको अवगत कराया कि नगर पालिका मनियां के सभी प्रगणक अपने-अपने वार्डो में मतदाता सूची के लिए 24 मार्च से 7 अप्रैल तक निर्वाचक नामावलियों की प्रविष्टियों के बारे में मतदाताओं के दावे, आपत्तियों को प्राप्त करेगें। इसके लिए 29 मार्च रविवार एवं 5 अप्रैल रविवार को विशेष अभियान तिथियों में पूरे दिवस प्रात: 9 बजे से सांय 6 बजे तक एवं शेष दिवसों में मध्याह्न पश्चात 2 बजे से सायं 6 बजे तक अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं के दावे, आपत्तियों के आवेदन प्रारूप 3, 5 एवं 6 में प्राप्त करेगें। नगर पालिका मनियां के अन्तर्गत आने वाले समस्त वार्डों में 25 मार्च को वार्ड, मतदान केन्द्रों पर वार्ड सभाएं आयोजित की जाएगी जिसमें निर्वाचक नामावलियों का पठन किया जाएगा। उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र मनियां के नागरिकों से योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने हेतु अपील की है।

### जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को दी बधाई

**समय जगत, महोबा।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा जनपद महोबा की नवीन जिला कार्यसमिति घोषित किए जाने पर समस्त कार्यकर्ताओं में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। इस अवसर पर सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने नव नियुक्त सभी जिला पदाधिकारियों को अनंत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी संगठन के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं सेवा भाव का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी पदाधिकारी पार्टी की रीति-नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे। भारतीय जनता पार्टी द्वारा इन सभी पदाधिकारियों की नियुक्ति संगठन को मजबूती प्रदान करने तथा आगामी वर्ष 2027 के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह टीम संगठनात्मक कार्यों को गति देने के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच बनाकर जनसेवा के कार्यों को और व्यापक बनाएगी। जिलाध्यक्ष श्री कुशवाहा ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए जनसेवा के संकल्प को और सशक्त बनाएंगे तथा संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अंत में उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### जिलाधिकारी ने खनन का कार्य में कडी निगरानी के दिए निर्देश

**समय जगत, बांदा।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खनन टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गयी ।खान अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में जनपद में कुल 27 खनन पट्टा,परमिट संचालित है ।जिसमें से सदर तहसील में 6,तहसील पैलानी में 7, तहसील बबेरू में 7,तहसील नरैनी मे 5 व तहसील अतर्रा में 2 खनन पट्टा,परमिट सचालित है ।जिलाधिकारी ने टास्क फोर्स के समस्त सदस्यो को निर्देशित किया कि पूर्व में संचालित खनन पट्टो तथा वर्तमान में संचालित खनन पट्टो पर सतत् निगरानी रखते हुये समय-समय जांच करते रहे ।खान अधिकारी को निर्देशित किया कि किस तहसील में,किस गांव में,किस व्यक्ति के नाम खनन पट्टा,परमिट स्वीकृत है,का सम्पूर्ण विवरण समस्त उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी को उपलब्ध कराये ।जिसमें खान अधिकारी द्वारा बताया गया कि समस्त उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी को खनन पट्टे की सूची उपलब्ध करा दी गयी है ।बैठक में मौजूद समस्त उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि पट्टा क्षेत्र में पड़ने वाले किसानो की जमीन तथा खनन पट्टे में पहुंच मार्ग बनाने वाले रास्ते में किसानो की जमीन पर रास्ते की निकासी पट्टाधारक व किसानों की राहमति से हो तथा विवाद होने की स्थिति में संबंधित उपजिलाधिकारी किसान व पट्टाधारक के बीच समन्वय स्थापित करने का कार्य करेगें।

# शिक्षक का मतलब शिष्ट क्षमतावान एवं कर्मठ :शिवकुमार गोस्वामी

## वीरभूमि एन एस एस की चारों इकाइयों के विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ




**महोबा।** वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों इकाइयों का विशेष शिविर (सात दिवसीय) का उद्घाटन महाविद्यालय के सभागार में मुख्य अतिथि शिव कुमार गोस्वामी पूर्व प्रधानाचार्य एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी, डॉ प्रदीप कुमार एसोसिएट प्रोफेसर एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ डीके खरे द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। डॉ प्रदीप कुमार ने विशेष शिविर के उद्घाटन की घोषणा कर रा.से.यो. के स्लोगन मै नहीं बल्कि आप पर प्रकाश डालकर समाज सेवा, स्वास्थ्य एवं रा.से.यो.के महत्व को बताया। मुख्य अतिथि श्री गोस्वामी ने अपने उद्बोधन में छात्र जीवन की घटना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1962 में छात्र के रूप में एन. सी. सी.का पहला कैंप किया था तो बहुत खुशी हुई थी साथ ही शिक्षकों की भूमिका, शिक्षक शब्द का विस्तार से अर्थ समझाते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा सर्वोपरि सेवा है। मेरी तरफ से सभी छात्र छात्राओं को बहुत-बहुत शुभकामनाएं तथा सभी स्वयंसेवी जीवन में अपने शिक्षकों के बताएं मार्ग पर चलकर राष्ट्र सेवा में अपनी भूमिका अदा करेंगे। इस अवसर पर डॉ डीके खरे पूर्व कार्यक्रम अधिकारी ने विस्तार से रा.से.यो. के स्लोगन, कब क्यों शुरू किया गया आदि के बारे में विस्तार से बताया। एनएसएस की 11 इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की गई और उद्घाटन के उपरांत चारों इकाइयों के स्वयंसेवक छात्र-छात्राएं एवं कार्यक्रम अधिकारी अपने-अपने सीवर स्थलों की ओर कूच कर गए उद्घाटन अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अरविंद कुमार डॉ.एस.एस. राजपूत डॉ. सोवित कुमार गुप्ता डॉ.महेंद्र सिंह डॉ. अनवर आलम डॉ राम बिहारी डॉ.के .सी.वर्मा शैलेश कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### विशेष किशोर पुलिस इकाई/एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की मासिक गोष्ठी कीगई आयोजित

**समय जगत चित्रकूट।** दिनाँक-24.03.2026 को राघव प्रेक्षागार पुलिस कार्यालय सोनेपुर में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कार्यालय/यातायात यामीन अहमद की अध्यक्षता में स्छ्व्क (विशेष किशोर पुलिस इकाई)/ ष्ट्ब्ष्ट (बाल कल्याण समिति)/ ।।ञ (एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) की मासिक गोष्ठी आयोजित की गयी इस गोष्ठी समस्त थानों के पुलिस बाल कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि विधि का उल्लंघन करने वाले बालक तथा पीड़ित की जन्मतिथि का सत्यापन आधार कार्ड से न करके विद्यालय के अंक-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र, नगर निकाय, नगर पालिका या मेडिकल परीक्षण कराकर किया जाए बाल कल्याण इकाई को बताया गया कि यदि कोई नाबालिक पीड़ित/पीड़िता है और उसके साथ कोई वयस्क व्यक्ति नहीं है तो ऐसी स्थिति में बाल कल्याण इकाई के सदस्य द्वारा स्वयं वादी बनकर अभियोग पंजीकृत कराया गया पीड़िता का तत्काल समय सीम के अन्दर विधि के अनुरुप मेडिकल परीक्षण कराया जाये तथा आर्थित रुप से कमजोर पीड़िताओं को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ दिलायें ।

# नवोदय जवाहर विद्यालय प्रवेश परीक्षा में छानी के दो बच्चों ने बिखेरा जलवा

**समय जगत हमीरपुर।** नवोदय जवाहर प्रवेश परीक्षा में श्री कृष्ण राज मंदिर बाल विद्यालय छानी बुजुर्ग के दो बच्चों का चयन होने पर विद्यालय स्टॉफ ने फूल माला पहना कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए की कामना की। प्रधानाचार्य राकेश कुमार विश्कर्मा ने बताया की स्कूल के पांच बच्चों ने नवोदय जवाहर परीक्षा में अगली कक्षा में प्रवेश पाने के लिए भाग लिया था जिसमें नैतिक ने जिले में 10 वीं रैंक वहीं कबीर ने 68 वीं रैंक लाकर अपने विद्यालय व गांव का नाम रोशन किया है,प्रधानाचार्य ने बताया ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभा की कमी नहीं है अगर इरादे पक्के हो तो संसाधनों की कमी अड़े नहीं आती जिसका जीता जागता उदाहरण है नैतिक और कबीर पढ़ने में काफ़ी तेज तर्रार है उनकी लगन क़ो देखते हुई स्कूल ख़त्म होने के बाद स्कूल के द्वारा उन्हें एक्सट्रा क्लास की ब्यवस्था की गई थी जिससे उनके डॉउट क्लियर किए जा सकें। उसी का नतीजा आज दोनों बच्चों ने अगली कक्षा में प्रवेश पाकर स्कूल और गांव दोनों का नाम रोशन किया है। नैतिक के परिजनों ने बताया पिता किसानी का कार्य करते है गांव में अच्छी स्कूली शिक्षा की ब्यवस्था न होने के कारण नैतिक अपनी मौसी के घर कल्ला में रहकर पढ़ाई कर रहा है वहीं कबीर के पिता कानपुर में मजदरी करते है। बताया बेटे के नवोदय में सलेक्शन क़ो लेकर बहुत खुश है गांव में खुशी का माहौल है परिजनों ने मिठाई बाटकर खुशी जाहिर की है।

# पेंशनर विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर देंगे प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन



**महोबा।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ, ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन के आवाहन पर वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान उ0प्र0 के नेतृतत्व में भारत सरकार द्वारा पारित बेलिडेशन एक्ट के एक वर्ष पूर्ण होने पर 25 मार्च 2026 को जनपद के पेंशनर विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर विरोध दिवस अम्बेडकर पार्क (आल्हा चौक) पर एकत्रित होकर प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन देंगे। उक्त निर्णय पंडित दीनदयाल उपाध्यय पेंशनर्स भवन में सुनील शर्मा की अध्यक्षता में हुयी बैठक में लिया गया। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान उ0प्र0 के महामंत्री बी0के0 तिवारी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान उ0प्र0 के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर अम्बेडकर पार्क आल्हा चौक पर एकत्रित होंगे तथा बेलिडेशन एक्ट को समाप्त करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री जी को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को प्रेषित करेंगे। शिवकुमार त्रिपाठी ने बताया कि राज्य कर्मचारियों की भांति बेसिक शिक्षा परिषद के कार्यरत शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, शिक्षणेत्तर कर्मियों यहां तक कि अशासकीय शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी गयी है परन्तु सेवानिवृत्त शिक्षकों को अभी तक सुविधा नहीं दी गयी है। कैशलेस सुविधा दिये जाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश को भी ज्ञापन देंगें। इस अवसर पर ओपी सिंह, रामसजीवन गुप्ता, महेन्द्र गुप्ता, जगदीश गुप्ता, जगदीश सोनी, देवेन्द्र सक्सेना, लक्ष्मीप्रसाद तिवारी, गंगाप्रसाद आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु इस सदस्यीय पदाधिकारियों की समिति का गठन करते हुये उत्तरदायित्व सौंपे गये।

# महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल



**समय जगत चित्रकूट।** जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा ÷मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी। महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ 1076 ङ्क मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 ङ्क वीमेन पावर लाइन 181 ङ्क वीमेन हेल्पलाइन 112 ङ्क पुलिस आपातकालीन सेवा 102 ङ्क गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस 108 ङ्क सामान्य एम्बुलेंस सेवा 1098 ङ्क चाइल्ड लाइन 101 ङ्क अग्निशमन सेवा 1930 ङ्क साइबर हेल्पलाइन व 222.ष्4इ्द्रह्ष्द्धद्द.द्श1.द्धठ्ठ के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित ÷एंटी रोमियो स्क्वायड÷ टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा श्व1द्द ञ्रद्इ्ह्यद्धठ्ठद्द इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

# हमीरपुर का बढ़ा गौरव महामंडलेश्वर राजेंद्र दास महाराज चतुरंगिणी सेना में हुए शामिल



**समय जगतहमीरपुर।** सनातन धर्म की रक्षा और राष्ट्रहित के उद्देश्य से गठित फ़चतुरंगिणी सेनाफ़ में हमीरपुर और चित्रकूट क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण सामने आया है। परम पूज्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा गठित इस सेना में क्षेत्र के प्रतिष्ठित संत महामंडलेश्वर 1008 राजेंद्र दास जी महाराज को प्रथम चयनित 27 प्रमुख सदस्यों में शामिल किया गया है। यह चयन न केवल उनके व्यक्तिगत तप, त्याग और धर्मसेवा का सम्मान है, बल्कि पूरे हमीरपुर और चित्रकूट क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बन गया है। जानकारी के अनुसार, चतुरंगिणी सेना का गठन सनातन धर्म की रक्षा, गौ माता के संरक्षण, निर्बलों की सहायता और समाज में धार्मिक चेतना के प्रसार के उद्देश्य से किया गया है। देशभर से चयनित 27 संतों और प्रतिनिधियों के माध्यम से इस अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने की योजना है। महामंडलेश्वर राजेंद्र दास जी महाराज लंबे समय से धर्म सेवा, गौ रक्षा और समाज उत्थान के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से क्षेत्र के संत समाज और श्रद्धालुओं में खुशी की लहर है। आदि शक्ति गौ रक्षा अखाड़ा से जुड़े संतों और भक्तों ने इस उपलब्धि को संगठन के लिए सम्मानजनक बताते हुए कहा कि इससे गौ रक्षा और धर्म जागरण के कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी। बताया जा रहा है कि आने वाले समय में चतुरंगिणी सेना का विस्तार पूरे देश में किया जाएगा, जिससे यह एक सशक्त धार्मिक और सामाजिक संगठन के रूप में स्थापित हो सके। यह उपलब्धि न केवल महामंडलेश्वर राजेंद्र दास जी महाराज की है, बल्कि समस्त क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और गर्व का क्षण है।

# विभागीय ऋण योजनाओं में शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण, सीडीओ ने दी बैंकर्स को बधाई

## जनपद में सीएम-युवा उद्यमी विकास अभियान योजना अंतर्गत शत प्रतिशत लक्ष्यपूर्ण, बैंकर्स द्वारा 100 करोड़ का हुआ वितरण



**समय जगत,झांसी।** आज मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद ने विकास भवन। सभागार में ज़िला उद्योग बंधु समिति एवं व्यापार बंधु समिति सहित जनपद स्तरीय एमओयू क्रियान्वयन इकाई की बैठक ली, जिसमें उद्योगपतियों, व्यापारी एवं अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक सहित जनपद स्तरीय एमओयू क्रियान्वयन इकाई की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद ने अध्यक्षता करते हुये उपस्थित उद्यमियों सहित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी सुरक्षात्मक समस्या आती है तो तत्काल जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन को अवगत कराना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी /5.0 आगामी माह में प्रस्तावित है की तैयारियों को जल्द से जल्द अंतिम रूप दे ताकि जनपदवार आवंटित लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

सीडीओ श्री जुनैद अहमद ने कहा कि प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने के लिए मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता बुन्देलखण्ड के चहुंमुखी विकास पर केन्द्रित है,अनेकों योजनायें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं, जिसका सीधा लाभ क्षेत्र के उद्यमियों को प्राप्त हो रहा है। बुन्देलखण्ड में उद्योगों के सृजन में और तेजी आए और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले,इसके लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का समुचित लाभ बुंदेलखंड क्षेत्र के उद्यमियों को मिले, इसे अवश्य सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने बैंकर्स को शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद- एक उत्पाद वित्तीय सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में शत प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण करते हुए लगभग ?116 करोड़ की धनराशि वितरण करने पर बधाई दी। उन्होंने उपस्थित बैंकर्स को प्रेरित करते हुए कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में भी इसी प्रकार रणनीति बनाते हुए आवेदनों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें ताकि युवा उद्यमियों को रोजगार स्थापित करने में सहयोग मिल सके।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी /5.0 के आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को शासन द्वारा दिए गए निवेश के लक्ष्य की पूर्ति के लिए सहयोग किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनपद झाँसी का जीबीसी 5.0 का लक्ष्य 16000 करोड़ का है जिसमें 01फ़रवरी 2026 तक 15655 करोड़ के 181 एम0ओ0यू0 कर लिए गए हैं, उन्होंने निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए अधिकारियों को संवेदनशील और उद्योगपतियों से सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद ने ग्रोथ सेंटर बिजौली में अवस्थित आवासीय परिसर में कतिपय मूलभूत समस्याओं के संबंध में डॉ कीर्ति बुन्देला द्वारा पूर्व में अवगत कराया गया। अब तक किए गए कार्य प्रगति की जानकारी लेने पर बताया कि जल निगम द्वारा अब तक डीपीआर नहीं बनाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जल निगम को15 दिन में डीपीआर बनाकर प्रेषित करने के निर्देश दिए। डीपीआर निश्चित तिथि तक नहीं बनाए जाने पर होगी कार्रवाई।

जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक का संचालन करते हुए उपायुक्त उद्योग श्री मनीष चौधरी ने सदन को जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र एवं प्रदेश के द्वारा विभिन्न संचालित ऋण योजनाओं में बैंकर्स द्वारा शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करते हुए ऋण वितरण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि भौतिक लक्ष्य को पूर्ण करने का करते हुए 2501 लाभार्थियों को बैंकों द्वारा ?100 कार्य वितरण किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की जानकारी देते हुए बताया कि 150 लक्ष्य को पूर्ण करते हुए बैंकों द्वारा लाभार्थियों को 12 करोड़ की धनराशि का वितरण किया गया।

जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति एवं व्यापार बंधु समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 अरविंद कुमार ने बैठक में उपस्थित बीएचईएल,गेल, परीछा थर्मल पावर के प्रतिनिधियों सहित उपस्थित बैंकर्स से अनुरोध करते हुए कहा के सुरक्षात्मक, कोई भी समस्या आती है तो तत्काल जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को सूचित करना सुनिश्चित करें ताकि उस समस्या को जल्द से जल्द सुलझाया जा सके।

जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक से पूर्व मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद की अध्यक्षता में व्यापार बंधु समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में श्री अतुल अग्रवाल किल्पन ने शहर के मुख्य बाजार मानिक चौक में डाकखाने के पास हैण्डठेले खड़े होने के कारण लगातार घंटों जैम की स्थिति बनी रहने पर जल्द से जल्द आम जनमानस को जैम से मुक्ति दिलाए जाने एवं दतिया गेट रोड, उन्नाव गेट रोड व बड़ागांव गेट रोड को जल्द से जल्द ठीक कराए जाने की माँग की, सीडीओ ने नगर निगम एवम लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क कार्य की जानकारी दी।

इस मौके पर एसपी ग्रामीण डॉ0 अरविंद कुमार , अपर नगर आयुक्त श्रीमती रोली गुप्ता, उपायुक्त उद्योग श्री मनीष चौधरी, सीएफ़ओ श्रीआर के राय, श्री मनमोहन गेढ़ा, श्री संजय गुप्ता, श्री संतोष साहू, श्री उमाकांत राय सहित अन्य उद्यमी/ व्यापारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ झांसी के उमा शंकर शर्मा बने जिला कोषाध्यक्ष



**समय जगत, गुरसरांय।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक गुरसराय की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष अविनाश गोस्वामी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

जिसमें उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष जितेन्द्र दीक्षित द्वारा जिला कार्यकारिणी में उमा शंकर शर्मा प्रधान अध्यापक प्राथमिक विद्यालय अतरौली ब्लॉक गुरसराय को जिला कोषाध्यक्ष, अरविन्द दीक्षित जिला उपाध्यक्ष, कैलाश चन्द्र वैश्य को जिला संगठन मंत्री, धर्मेंद्र सोलंकी जिला संगठन मंत्री, जगदीश प्रसाद को कॉर्डिनेटर मनोनीत करने पर ब्लॉक कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं ब्लॉक के सभी शिक्षक साथियों ने खुशी जाहिर की एवं जिलाध्यक्ष दीक्षित जी को धन्यवाद प्रेषित किया जिन्होंने जिला नेतृत्व में ब्लॉक को मुख्य दायित्व सौंपा। जिलाध्यक्ष जी को आश्वस्त करते है शिक्षक हित के संघर्ष में ब्लॉक गुरसराय हमेशा अग्रणी भूमिका में रहा है और हमेशा रहेगा। बैठक में इंद्रपाल सिंह घोष, राजेश त्रिपाठी,अनिल मिश्रा, गोविन्द सिंह निरंजन, विपिन बिहारी विश्वकर्मा, राज कुमार झा, अनुज शुक्ला, नरेंद्र शर्मा, राजेश सेन, धर्मेंद्र शर्मा, धर्मेश साहू, धर्मेंद्र अग्रवाल,जय सिंह नापित, अवधेश तिवारी, सुधीर गौतम,नीरज गुप्ता, नरेंद्र पटेल, बृजेश पटेल,रितेश खरे,अनुपम,विवेक पटेल, उत्तम पटेल, कपिल चौबे,आदित्य चतुर्वेदी,पूजा सक्सेना, शिवांगी जैन आदि।

# बड़े तालाब के सौंदर्यीकरण की गति में लाएं तेजी : जवाहरलाल राजपूत



**समय जगत, गुरसरांय।** तालाब के सुंदरीकरण के कार्य को शीघ्रता लाने के लिए क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत ने तालाब का निरीक्षण कर निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने विधायक कार्यालय पर पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि तालाब के सुंदरीकरण में कोई भी कोताही नहीं बरती जाएगी।इसके लिए उन्होंने संबंधित संस्था एवं कार्य करने वालों को तीव्र गति से कार्य करने को कहा। इसके बाद नगर में डाली गई पेयजल योजना की समीक्षा की। इस मौके पर नव निर्वाचित पार्षद राकेश पटेल पिपरा, अजय शालू गोस्वामी, जितेंद्र कुशवाहा,ओमकार सिंह एरच,शिवम तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप को मछुआरों की समस्या से कराया रूबरू



**समय जगत, झांसी।** सर्किट हाउस झांसी में योगी आदित्यनाथ के स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप जी मंत्री दिव्यांग कल्याण पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री को किशोरी प्रसाद रायकवार पूर्व पार्षद निवर्तमना जिला मंत्री जिला झांसी के निषाद कश्यप बिंद केवट रायकवार मछुआरों की समस्या से मंत्री को रूबरू कराया पूर्व पार्षद ने लक्ष्मी तालाब एवं बिजौली तालाब का 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा शासनादेश अनुसार बताया कि पूर्व लक्ष्मी तालाब की भूमि रायकवार समाज के लोगों की ही थी2002 में जिला झांसी के तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा इस शर्त पर किया गया था कि अधिग्रहण उपरांत मछुआरों को तालब का मत्स्य पालन का 10वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा दिया जाएगा मगर सालों बीत जाने के बाद भी आज तक मछुआरो को छल के लालवा कुछ नहीं मिया

माननीय मंत्री जी द्वारा समाज के साथ न्याय हो इसका भरकस प्रयास किया जायेगा आश्वासन दिया ज्ञापन देने बालों में सुरेश कुमार रायकवार अध्यक्ष लक्ष्मी ताल मत्स्य जीवी सहकारी समिति विज्ञानंद रायकवार ,ओमप्रकाश रायकवार एड मनीष कुमार रायकवार प्रकाश तेदोल मंगेश रायकवार ,नितिन रायकवार ,आकाश रायकवार,आड़े लोग उपस्थित रहे ।

# यज्ञेश यादव को मिला जिला मंत्री का दायित्व, भाजपाईयों में खुशी की लहर



**समय जगत, पूंछ ।** युवा भाजपा नेता वर्तमान में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री के पद पर रहकर भाजपा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाले यज्ञेश यादव को भारतीय जनता पार्टी की नवगठित कार्यकारिणी में जिला मंत्री का दायित्व सोपा गया कस्बा एवं क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई सभी ने मिलकर युवा नेता का माल्यार्पण कर स्वागत किया भाजपा युवा नेता यगेश यादव ने इस मौके पर कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा एक बड़ी जिम्मेदारी मुझे दी गई ।

जिसका में पूर्ण निष्ठा ईमानदारी एवं लगन के साथ पार्टी हित में सदैव निर्वहन करुंगा पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बचपन से ही मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विद्यार्थी परिषद एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रति कार्य करता रहा हूं और करता रहूंगा ।

# रामनवमी की तैयारियों को लेकर आज निकलेगी मोटरसाइकिल यात्रा



**समय जगत,गुरसराय।** श्री रामनवमी पर भगवान श्री राम के प्राकट्य दिवस की तैयारी को लेकर नगर में मोटरसाइकिल रैली जनजागरण हेतु आज 25 मार्च को निकली जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए रामनवमी शोभा यात्रा के संस्थापक एवं संयोजक प्रसिद्ध नारायण सिंह यादव ने बताया कि 25 तारीख मार्च को मोटरसाइकिल रैली का शुभारंभ अपहरण 3 बजे खेर इंटर कॉलेज के बालिका विभाग से प्रारंभ होगा ।जिसमें राम भक्त कार्यकर्ता नगर के मुख्य चौराहों से रैली निकालकर श्री रामनवमी शोभायात्रा का संदेश देंगे ।इसके बाद उन्होंने बताया भगवान श्री राम के प्राकट्य दिवस पर पर 27 मार्च को विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी ।यह शोभायात्रा पर कोटा के हनुमान जी मंदिर से प्रारंभ होकर मोदी चौराहा एवं कटरा बाजार होते हुए मुख्य बाजार से मातवाना मोहल्ला होते हुए तालाब माता मंदिर पर समाप्त होगी।

शोभायात्रा में भगवान के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां एवं राम दरबार आकर्षण का केंद्र होंगे।इसकी तैयारी में रामभक्त कर्ता दिन रात मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने नगर वासियों से उक्त कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की आह्वान किया है । इस दौरान अबधेश सिंह फौजी भी उपस्थित रहे ।

# थाना पूंछ मिशन शक्ति के तहत निकाली बाइक रैली, गूंजा महिला सुरक्षा का संदेश




**- अजय शुक्ल अज्जू**

**समय जगत, पूंछ (झांसी)।** नवरात्र के पावन अवसर पर मंगलवार को कस्बा पूंछ में मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत पुलिस द्वारा छात्राओं के साथ भव्य बाइक रैली निकालकर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

थाना प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उनके नेतृत्व में थाना पूंछ पुलिस बल एवं क्षेत्रीय स्कूलों की छात्राओं के साथ यह जागरूकता रैली थाना परिसर से प्रारंभ हुई। रैली माता अष्टभुजी मंदिर, एरच रोड, बस स्टैंड, मुख्य चौराहों व अन्य प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः थाना परिसर पहुंची।

रैली के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों, साइबर अपराध से बचाव तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112 आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने दुकानदारों, राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या उत्पीड़न की घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

इस मौके पर उपनिरीक्षक दलबीर सिंह, उपनिरीक्षक संजीव दीक्षित, उपनिरीक्षक दिलेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक वीरेंद्र राजपूत, हेड कांस्टेबल प्रमोद, कांस्टेबल कृष्ण मुरारी, रोहित पाठक, सुनील कुमार, अनुराग सिंह, दिग्विजय सहित महिला कांस्टेबल समता सिंह, दीपशिखा, रजनी, पीआरडी पवन कुमार व होमगार्ड प्यारे लाल सहित पुलिस टीम के सदस्य मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत आगे भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित व सशक्त बनाया जा सके।

# किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग राजगढ़ म.प्र. के किसानों का झांसी रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में हुआ शैक्षणिक भ्रमण



**समय जगत, झांसी।'** सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (एसएमएसई) एवं आत्मा योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले से आए किसानों के एक दल ने आज रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण कार्यक्रम किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, राजगढ़ (मध्य प्रदेश) के तत्वावधान में आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ सुशील कुमार सिंह ने किसानों का स्वागत करते हुए उन्हें आगामी खरीफ फसलों की वैज्ञानिक खेती के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान बदलते जलवायु परिदृश्य में किसानों को उन्नत तकनीकों, गुणवत्तापूर्ण बीज, संतुलित उर्वरक प्रबंधन एवं समेकित कीट एवं रोग नियंत्रण पद्धतियों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है, इससे उत्पादन लागत में कमी एवं उत्पादकता में वृद्धि संभव हो सके। डॉ सिंह ने अपने विस्तृत वक्तव्य में कहा कि, ÷खरीफ सीजन किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यदि किसान समय पर सही फसल चयन, उन्नत किस्मों का उपयोग तथा वैज्ञानिक विधियों जैसे ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, फसल चक्र एवं एकीकृत पोषण प्रबंधन अपनाते हैं, तो वे कम संसाधनों में अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। विश्वविद्यालय का उद्देश्य किसानों तक नवीनतम शोध एवं तकनीकों को पहुंचाना है, इससे उनकी आय में सतत् वृद्धि हो सके। उन्होंने आगे बताया कि एकीकृत कृषि प्रणाली (आईएफएस) अपनाने से किसान खेती के साथ-साथ पशुपालन, बागवानी, मधुमक्खी पालन एवं अन्य सहायक गतिविधियों को जोड़कर अपनी आय के विविध स्रोत विकसित कर सकते हैं। इससे जोखिम कम होता है और वर्ष भर आय सुनिश्चित होती है। किसानों ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थित विभिन्न प्रक्षेत्रों का अवलोकन किया, इसमें बागवानी इकाई, फसल उत्पादन प्रक्षेत्र, एकीकृत कृषि प्रणाली मॉडल, सरसों एवं गेहूं के उन्नत प्रायोगिक खेत, पॉलीहाउस तकनीक, फल एवं फूल उत्पादन इकाइयाँ तथा कैफेटेरिया शामिल रहे। विवि के डॉ आशीष कुमार गुप्ता ने किसानों को आधुनिक खेती की बारीकियों, उन्नत उपकरणों एवं नई तकनीकों के व्यवहारिक उपयोग की जानकारी दी। भ्रमण के दौरान किसानों ने विभिन्न विषय विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी समस्याओं के समाधान भी प्राप्त किए।

किसानों ने इस शैक्षणिक भ्रमण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि उन्हें यहां से मिली जानकारी को वे अपने खेतों में अपनाकर उत्पादन एवं आय में वृद्धि करेंगे। कार्यक्रम के अंत में विभागीय अधिकारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार के भ्रमण कार्यक्रमों को किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

# नि : शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न



**समय जगत,झांसी।** आज कारगिल पार्क, सीपरी बाजार में वरिष्ठ समाजसेविका कीर्तिशेष श्रीमती शोभा श्रीवास्तव की छठवीं पुण्य तिथि के अवसर पर एक निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।'

सर्वप्रथम 'भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष ई0 प्रमोद श्रीवास्तव ने स्व0 शोभा श्रीवास्तव के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात 'डा0 उमेश शर्मा, डा0 सुमन श्रीवास्तव, डा0 विपुल श्रीवास्तव, डा0 मधु सिंह, डा0 प्रतिमा शुक्ला ने लगभग 215 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।' शिविर का 'संचालन अनूप श्रीवास्तव ने एवं आभार अंकित श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।' कार्यक्रम को सफल बनाने में डा0 अलका श्रीवास्तव, डा0 धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, श्रीमती रश्मि, श्रीमती कृतिका, प्रसा, निशांत, आद्विक, यूनिका, अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव,

ई0 एम0 एस0 गुप्ता, डा0 प्रदीप श्रीवास्तव, अशोक बिलगैंया, श्याम सुंदर अग्रवाल, गोपाल कृष्ण बंसल, विनोद अग्रवाल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# श्री आदिनाथ के भजनों पर झूम उठा जनसैलाब



**समय जगत, झांसी।** श्री करगुवा जी जैन मंदिर में श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति एवं श्री आदिनाथ भक्तांबर मंडल के तत्वाधान में चलरहे कार्यक्रम में डॉ अमित कुमार जैन श्रीमती हेमा जैन ने श्रेयांश जैन करगुवा जी क्षेत्र निर्माण मंत्री श्री भागचंद जैन ने दीप प्रज्वलित किया श्रीमती आशा जैन श्रीमती उषा जैन श्रीमती शशि जैन ने संयुक्त रूप से मंगलाचरण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किआ आदिनाथ जन्म जयंती से महावीर जन्म जयंती तक प्रतिदिन चल रहे भक्तांबर पाठ के आज के पुनर्जक परिवार डॉ अमित कुमार जैन श्रीमती हेमा जैन आदिनाथ रिसर्च सेंटर के द्वारा कराया गया तत्पश्चात आदिनाथ भक्तांबर मंडल के उपाध्यक्ष अमित जैन एवं श्रीमती कल्पना जैन ने भक्तांबर पाठका पाठन किया प्रत्येक श्लोक के बाद दीप प्रज्वलित कर श्री 1008 आदिनाथ भगवान जी के जी के चरणों मैं समर्पित कराए एवं महाआरती में महिला श्रद्धालुओं ने सामूहिक नृत्य करते हुए प्रभु की आराधना की तत्पश्चात बुलौआ किआ गया भजनों के बुलौआ में श्रीमती ज्योति जैन श्रीमती श्वेता जैन श्रीमती प्रीति जैन ने धार्मिक भजन धार्मिक भजनों की शानदार प्रस्तुति दी संतोष जैन जल निगम जितेंद्र जैन सीपरी बाजार आशीष जैन अशोक जैन विनोद जैन सुनील जैन दाऊ सिद्धार्थ जैन सुनील पटेरा शशांक जैन सनत जैन अंकित जैन रज्जू जैन बीड़ी वाले प्रभात जैन रवि जैन मोहिनी चाय अनिल जैन कटेरा पारस जैन शास्त्री श्रीमती प्रीति शिरोमणि जैन श्रीमती सरोज जैन श्रीमती प्रीति मगरपुर जिनराज जैन श्रीमती सुधा जैन श्रीमती स्वाति जैन ने उपस्थित रहे।

# अंबाबाय में पृथक बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के समर्थन में किया जन जागरण



**समय जगत, झांसी।** बुंदेलखंड क्रांति दल द्वारा ग्राम अंबाबाय, झांसी में पृथक बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के समर्थन में जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्राम में ग्राम कार्यालय भी खोले गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह (राष्ट्रीय अध्यक्ष) ने कहा कि बुंदेलखंड वर्षों से उपेक्षा का शिकार रहा है। यहां के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, किसानों को पानी नहीं मिल रहा, और विकास केवल कागजों में सीमित है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि बुंदेलखंड को उसका अधिकार दिलाया जाए और पृथक बुंदेलखंड राज्य का गठन किया जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि गांव-गांव जाकर जन जागरण करें, लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें और इस आंदोलन को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि जब तक बुंदेलखंड को अलग राज्य का दर्जा नहीं मिलता, तब तक यह आंदोलन निरंतर चलता रहेगा। इस अवसर पर कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह, मो. नईम मंसूरी, सुनील पुरोहित, अनुज सिंह बुंदेला, मन्नी लाल अहिरवार, कमलेश महाराज, राजकुमार विश्वकर्मा, अंकुर मिश्रा, आकाश तिवारी आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों का अच्छा सहयोग एवं समर्थन प्राप्त हुआ।

# दिल्ली में घटी निजी वाहनों की संख्या

## मेट्रो विस्तार पर दिया जा रहा है जोर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मौजूदा वित्तीय वर्ष में ई-बसों की संख्या पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले दो गुनी हो गई है। कोविड काल के बाद पहली बार निजी वाहनों की संख्या में गिरावट दिखी है। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक, अप्रैल 2025 में 2,150 ई-बसों की तुलना में मार्च 2026 इनकी संख्या 4,338 हो गई है। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1,600 नई बसें जोड़ी जानी हैं। निजी वाहनों में सालाना 0.63 फीसदी की गिरावट दिख रही है। विधान सभा में सोमवार पेश दिल्ली सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार, राजधानी में परिवहन क्षेत्र को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और सुलभ बनाने के लिए बड़े स्तर पर काम किया जा रहा है। इसके तहत वर्ष 2025-26 में परिवहन क्षेत्र के लिए 12,111 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया था। इसमें से 20 मार्च 2026 तक 10,341 करोड़ रुपये यानी करीब 85.38 प्रतिशत राशि खर्च की जा चुकी है। सर्वेक्षण के अनुसार, परिवहन बेड़े में वर्ष 2026-27 तक 1,600 नई बसें जोड़ी जानी हैं। इनमें 50 मेट्रो फीडर बसें भी शामिल होंगी।



2,800 नई इलेक्ट्रिक बसों की मांग रखी गई है। इसमें 1,380 बसें डीटीसी, 1,420 बसें परिवहन विभाग के लिए प्रस्तावित हैं। 3,330 अतिरिक्त ईवी बसों का प्रस्ताव भी पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत भेजा गया है। रिपोर्ट के तहत 2024-25 में कुल पंजीकृत निजी वाहनों की संख्या घटकर 81,18,294 रह गई। पिछले वर्ष की तुलना में 51,905 वाहनों की कमी दर्शाती है। वर्ष 2014-15 में जहां दिल्ली में कुल वाहन 88.27 लाख थे। वहीं 2020-21 तक यह संख्या बढ़कर 1.22 करोड़ के पार पहुंच गई थी। 2021-22 से में 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल, 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों पर लगाई गई पाबंदी से 64.25 लाख से अधिक वाहन डी-रजिस्टर हो चुके हैं। इस नीति का सबसे अधिक असर 2021-22 में दिखा, जब एक साल में करीब 43 लाख वाहनों की कमी दर्ज हुई। रिपोर्ट बताती है कि मेट्रो सेवा भी दिल्ली के परिवहन ढांचे की रीढ़ बनी हुई है। वर्तमान में दिल्ली मेट्रो में औसत दैनिक यात्री संख्या लगभग 67 लाख तक पहुंच गई है। मार्च 2026 तक डीटीसी और परिवहन विभाग के पास बसों का बेड़ा 6,100 है। सरकार का जोर इलेक्ट्रिक वाहनों के विस्तार और सार्वजनिक परिवहन को अधिक पर्यावरण-अनुकूल बनाने पर है। दिल्ली में मोटर वाहनों की संख्या 87.61 लाख तक पहुंच चुकी है। इनमें कार और जीप लगभग 25 प्रतिशत हैं, जबकि दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी करीब 68 प्रतिशत है। इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। 20 मार्च 2026 तक दिल्ली में करीब 4.7 लाख ई-वाहन पंजीकृत हो चुके हैं। दिल्ली में परिवहन विभाग ने दूसरे चरण सारी सेवाएं फेसलेस हो गई हैं। इससे 54 लाख से ज्यादा लोगों को फायदा हुआ है। दिल्ली ईवी नीति के तहत अब तक 91,031 लाभार्थियों को कुल 203.35 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा चुकी है। आम लोगों की सुविधा के लिए 'वन दिल्ली' मोबाइल ऐप के जरिए सार्वजनिक ईवी चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## बिजली घर पहुंचे लोगों ने किया हंगामा

# टीएचए में 5200 घरों में काटा गया विद्युत कनेक्शन

**साहिबाबाद।** टीएचए के कई इलाकों में सोमवार को 5200 से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति ऊर्जा निगम ने बंद कर दी। बिजली बाधित होते ही उपभोक्ता नजदीक के ऊर्जा निगम कार्यालय पहुंचे और वहां नाराजगी जाहिर की। कुछ लोगों ने नारेबाजी तक की। आरोप है कि बिल जमा होने के बावजूद कनेक्शन काट दिया गया है। सुबह करीब आठ बजे वैशाली सेक्टर एक, दो और तीन, वसुंधरा, कौशांबी, शालीमार गार्डन स्थित कई फ्लैट और कॉलोनी की अचानक आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली कटने के बाद लोग सेक्टर-16 स्थित ऊर्जा निगम कार्यालय पहुंचे। मगर वहां जाकर हंगामा करने के बावजूद उपभोक्ताओं के कनेक्शन नहीं जुड़ सके। देर शाम तक उपभोक्ता ऊर्जा निगम कार्यालय पर एकत्रित हुए और कनेक्शन जोड़ने की मांग करते रहे। वैशाली सेक्टर तीन निवासी राजेश ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे बिजली काट दी गई थी। जबकि स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान अधिकारियों ने बताया था कि पुराने तरीके से ही बिजली का बिल जमा करना पड़ेगा, लेकिन सोमवार को अचानक बिना सूचना के कनेक्शन काट दिया गया। 1912 पर शिकायत करके पूछा तो पता चला कि उनका स्मार्ट मीटर प्रीपेड में बदल दिया गया है। इससे 3800 रुपये बकाया है। इसलिए कनेक्शन काटा गया है। इसके बाद 4500 रुपये का भुगतान कराया गया, लेकिन कनेक्शन नहीं जोड़ा गया। इसके बावजूद 1500 रुपये का दोबारा भुगतान कराया। छह हजार रुपये देने के बाद सात घंटे बाद ही बिजली आई है। जोन तीन के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर अमित कुमार ने बताया कि जिन भी लोगों के कनेक्शन काटे गए उन सभी का बिल पांच-छह माह से बकाया था। प्रीपेड बिल निगेटिव में जा रहा था। उपभोक्ताओं को लगातार बिल जमा करने के लिए कहा जा रहा था और उसके बाद ही आपूर्ति बंद की गई है।



## सार-समाचार

### बवाना में प्लाइवुड गोदाम में लगी आग, दमकल गाड़ियां पहुंचीं मौके पर

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार तड़के एक प्लाइवुड गोदाम में भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल की 17 गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई। दमकल विभाग के मुताबिक आग लगने की सूचना तड़के करीब 3.55 पर दमकल विभाग को मिली थी। आग सेक्टर-2 स्थित एन-219, गंगा टोली मंदिर के पास बने प्लाइवुड गोदाम में लगी है। आग बुझाने के दौरान दमकल विभाग के कर्मचारी प्रशांत के हाथ में हल्की चोट लग गई। उन्हें तुरंत उपचार के लिए महर्षि वाल्मीकि अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। उपचार के बाद वह वापस फायर स्टेशन लौट गए। दमकलकर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक आशंका है कि गोदाम में रखे ज्वलनशील सामान के कारण आग तेजी से फैल गई। दमकल अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

### हत्या मामले की जांच में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में सोमवार देर रात एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। युवक की शिनाख्त मोहम्मद आसिफ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि देर रात पुलिस को भजनपुरा के सुभाष मोहल्ला में एक युवक को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि घायल युवक को उसके परिवार वाले पहले ही जग प्रवेश चंद्र अस्पताल लेकर जा चुके हैं। वहां पहुंचने पर पता चला कि डॉक्टरों ने घायल 18 साल के आसिफ को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने क्राइम और फोरेंसिक टीम को बुलाया, जिसने मौके से अहम सबूत जुटाए हैं। पुलिस परिवार वालों से पूछताछ और आसपास का सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल कर हमलावरों की पहचान करने में जुटी है।

### शीश महल पर 342 फीसदी ज्यादा हुए खर्च

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में पेश हुई कैग रिपोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के नवीनीकरण पर बड़े सवाल उठे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, काम की लागत अनुमान से 342 फीसदी ज्यादा बढ़कर 33.66 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल खर्च में से 18.88 करोड़ रुपये सुपीरियर स्पेसिफिकेशन, आर्टिस्टिक और एंटीक इंटीरियर पर खर्च किए गए। इसी वजह से बंगले को विपक्ष ने शीश महल नाम दिया था। कैग ने पाया कि काम पूरा होने के दो महीने बाद 9.34 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दी गई, जिससे बिना अनुमति खर्च की स्थिति बनी। रिपोर्ट के मुताबिक, स्टाफ ब्लॉक और कैंप ऑफिस के लिए मंजूर 19.87 करोड़ रुपये में भी गड़बड़ी हुई। स्टाफ ब्लॉक बना ही नहीं। पैसे का इस्तेमाल दूसरी जगह सात सर्वेंट क्वार्टर बनाने में किया गया। कैंप ऑफिस भी पूरा नहीं बन सका और काम बीच में ही रोकना पड़ा। काम के दौरान बिल्डिंग का एरिया 1397 वर्गमीटर से बढ़ाकर 1905 वर्गमीटर कर दिया गया और कई महंगे बदलाव किए गए। एक ही ठेकेदार को 25.80 करोड़ रुपये का काम दे दिया गया। रिपोर्ट में इन सभी मामलों को गंभीर वित्तीय और प्रक्रियागत खामियां बताया गया है।

### विकासकर्ताओं ने प्रस्तुत किया संशोधित डीपीआर, अब होगा परीक्षण

**गाजियाबाद।** इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति 2005 से 2014 के तहत विकसित आवासीय परियोजनाओं की संशोधित डीपीआर सोमवार को निजी विकासकर्ताओं की ओर से जीडीए में प्रस्तुत की गई। विकासकर्ताओं की ओर से परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रस्तावित संशोधन तथा नीति के अनुरूप किए जाने वाले विकास कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। जीडीए वीसी नंद किशोर कलाल ने प्रस्तुतिकरण का गहन परीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि समस्त कार्यवाही शासन द्वारा निर्धारित नीति एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि संशोधित डीपीआर के आधार पर परियोजनाओं को शीघ्र गति प्रदान की जाएगी। इससे संबंधित क्षेत्रों का समुचित विकास सुनिश्चित हो सके और आमजन को अपेक्षित आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। प्राधिकरण की ओर से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी विकास कार्य नियमानुसार व प्राथमिकता के आधार पर संपादित हों।

## सीकरी मंदिर में लगी भक्तों की कतार, गूंजे माता के जयकारे



**गाजियाबाद।** मोदीनगर के पौराणिक सीकरी खुर्द महामाया देवी मंदिर पर चैत्र नवरात्र मेले में नवरात्र के पांचवें दिन सोमवार को भी श्रद्धालुओं की खूब बढ़ रही। माता के जयकारों से मंदिर गूंज उठा। माता के दर्शन करने के लिए भक्तों की लंबी कतार लग रही। पांचवें नवरात्र पर भक्तों ने मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की। दिन रात चलने वाले सीकरी मेले में सोमवार को श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने महामाया देवी पर नारियल और सबोनी का प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। इसके अलावा महिलाओं ने मंदिर परिसर स्थित ऐतिहासिक और आजादी के प्रतीक वट वृक्ष पर कलावा बांधकर अपनी मन्नत मांगी। कल मंगलवार को छठ की शाम से मेले में श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में पहुंच जाएगी। छठ की शाम को श्रद्धालु मेले में पहुंचकर रात्रि जागरण करते हैं। रात्रि जागरण के पश्चात भक्त सप्तमी की सुबह प्रस्थान करते हैं। इस दिन अधिकांश नवविवाहित जोड़े मातारानी से आशीर्वाद लेते हैं।

## पुलिस ने की गहन छानबीन

# बम की धमकी वाला मेल मिलने के बाद सुरक्षा तंत्र हुआ सक्रिय

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को बम धमकी वाला ईमेल मिला है। ईमेल में विधानसभा भवन और विधानसभा दिल्ली मेट्रो स्टेशन को उड़ाने की धमकी दी गई। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय के मुताबिक, उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू को भी धमकी मिली है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा को भी धमकी दी गई है। प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को भी धमकी मिली है। मामले की जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस समेत तमाम एजेंसियां अलर्ट हो गईं। पुलिस ने मौके पर जाकर छानबीन की। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। बता दें इससे पहले भी समय-समय पर इसी तरह ई-मेल के जरिए अलग-अलग स्कूलों, नामी प्रतिष्ठानों और विशिष्ट लोगों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलती रही हैं। लेकिन



जांच पड़ताल में पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलता है। विधानसभा में बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल के बाद डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंचा। विधानसभा की सुरक्षा और उत्तरी जिले की बम निरोधक दस्ते की टीमों द्वारा भी छानबीन की गई है। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। सुबह 7~49 बजे पर स्पीकर विजेंद्र गुप्ता की ईमेल पर ईमेल आया और 7~28 बजे विधानसभा की ईमेल पर धमकी भरा मेल आया था। धमकी भरा ईमेल मिलने पर भाजपा विधायक हरीश खुराना ने कहा, हम डरेंगे नहीं, यह भाजपा सरकार है, जो विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमने 1 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया है और दिल्ली में विकास कार्य जारी हैं... मुझे विश्वास है कि पिछला रिकॉर्ड टूटेगा और इस बार बजट और भी बड़ा होगा। वहीं भाजपा विधायक अनिल गोयल ने कहा, यह एक अफवाह थी। सब कुछ सुरक्षित है, हम बैठक के लिए जा रहे हैं। जुलाई, 2025 में 40 से 50 स्कूलों को बम धमकी वाले ई-मेल मिली थी। ये सभी संदेश झूठे निकले थे। वहीं, पिछले साल सितंबर में एक ही दिन में 300 से अधिक स्कूलों और कई हवाई अड्डों को धमकी भरी ई-मेल मिली थी। इन संदेशों को एक समूह च्च्टैरो राइज 111ज्ज द्वारा भेजा गया था। इसी महीने शालीमार बाग, द्वारका और साकेत स्थित मैक्स अस्पतालों को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। लेकिन, वहां भी कुछ नहीं मिला।

# सीवर व नाले का निर्माण ठप्प होने से 15 हजार लोग हैं परेशान



**इंदिरापुरम।** इलाके में नगर निगम के नाला निर्माण और सीवर लाइन के काम ने राहत के बजाय लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। निर्माण की वजह से न्यायखंड एक स्थित सुपरटेक आइकॉन सोसायटी के सामने पानी जमा हो जाता है। इससे निवासियों को काफी परेशानी हो रही है। कई बार शिकायत की, लेकिन अधिकारियों ने सुनवाई नहीं की। अब आरडब्ल्यूए ने अपने स्तर से पानी निकालने की व्यवस्था की है। सोसायटी को जल निकासी के लिए हर महीने 20 हजार रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने बताया कि सोसायटी के सामने सीवर लाइन और नाले का निर्माण शुरू किया था। चंद दिन बाद काम बंद कर दिया गया। इससे सोसायटी के बाहर पानी जमा हो जाता है। यहां निवासियों ने इस समस्या की शिकायत अधिकारियों से की। कोई हल नहीं हो सका। आरडब्ल्यूए पदाधिकरियों ने पानी निकालने के लिए पंपसेट लगवाया है। सोसायटी के बाहर पानी निकालने में पंपसेट से हर रोज 5-6 घंटे पंप चलता है। इस पर हर माह करीब 20 हजार रुपये का बिजली बिल आता है। सोसायटी निवासी दीपक शर्मा का कहना है कि यह खर्च पूरी तरह से निगम की लापरवाही का नतीजा है। यदि समय पर नाला और सीवर लाइन का काम पूरा कर दिया जाता तो उन्हें आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ता। जिस स्थान पर गंदा पानी जमा होता है उस मार्ग पर सुपरटेक आइकॉन, गौर ग्रीन विस्ता, पत्रकार विहार और वीथ्रीएस इंद्रलोक सोसायटी स्थित है। प्रतिदिन 15 हजार से अधिक लोग यहां से आवागमन करते हैं।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रदर्शन से पहले अनुमति हुई अनिवार्य

## 72 घंटे पहले देनी होगी लिखित सूचना, बाहरी लोगों की एंट्री हुई बैन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में अब किसी भी प्रकार की सभा, एकत्र होने, विरोध प्रदर्शन, धरना, मार्च या जुलूस निकालने के लिए सक्षम प्राधिकारी से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगा। यह अनुमति आयोजकों को कम से कम 72 घंटे पहले लेनी होगी। निर्देशों का उल्लंघन करने पर निष्कासन, बर्खास्तगी, पुलिस कार्रवाई हो सकती है। इसके अलावा बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर सख्त रोक होगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर कार्यालय ने सोमवार को एक आधिकारिक नोटिस जारी कर सभी छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों को निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा है। डीयू प्रॉक्टर प्रो. मनोज कुमार सिंह के अनुसार किसी भी कार्यक्रम के आयोजन से पहले आयोजकों को स्वयं उपस्थित होकर आवेदन की हार्ड कॉपी जमा करनी होगी। साथ सभी आवश्यक जानकारियां शामिल होना आवश्यक है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक सूचना (जैसे




सोशल मीडिया पोस्ट, व्हाट्सएप मैसेज, पोस्टर या पर्चे) या किसी अन्य सामग्री को चाहे वह मुद्रित हो या डिजिटल को आधिकारिक अनुमति नहीं माना जाएगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने परिसर में ऐसे आयोजनों के लिए बाहरी व्यक्तियों को आमंत्रित करने या शामिल करने पर भी सख्त प्रतिबंध लगाया गया है। यदि इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर आयोजकों और प्रतिभागियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इसमें निष्कासन, बर्खास्तगी और पुलिस कार्रवाई जैसे कदम शामिल है। डीयू प्रशासन ने 17 फरवरी 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में एक महीने के लिए किसी भी तरह की पब्लिक मीटिंग, जुलूस, प्रदर्शन और प्रोटेस्ट पर पूरी तरह से रोक लगाई थी।

# जासूसी नेटवर्क से सुरक्षा एजेंसियों की पूछताछ में हुआ बड़ा खुलासा

## तीन खातों में भेजे गए 45 लाख रुपये

**गाजियाबाद।** देश के महत्वपूर्ण स्थानों की वीडियो और फोटो पाकिस्तान भेजने वाले जासूसी नेटवर्क से सुरक्षा एजेंसियों की पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है। सूत्रों के अनुसार, तीन आरोपियों के खातों में करीब 45 लाख रुपये की फंडिंग सामने आई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पाकिस्तान से नेपाल के हवाला कारोबारियों के जरिए गिरोह को फंडिंग की जा रही थी। इसमें गिरफ्तार किए जा चुके नेपाल के गुल्मी, लुम्बिनी निवासी गणेश की अहम भूमिका है। जांच में सामने आया है कि आतंकियों को देश के महत्वपूर्ण स्थानों की वीडियो, फोटो और रील भेजने के बदले में जासूसों को रकम दी गई। गिरोह के मुख्य आरोपी मेरठ निवासी सुहेल मलिक के खाते में भी लाखों का लेन-देन हुआ है। मनी ट्रेल की जांच के दौरान जासूसी प्रकरण में पकड़े गए जावेद के पिता के बैंक खाते में भी विदेशी फंडिंग के संकेत मिले हैं। सूत्रों के अनुसार, पूछताछ में नेपाल निवासी गणेश ने बताया कि पाकिस्तान से रकम नेपाल भेजी जाती थी। वहां से इसे कसीनो,




मोबाइल और कपड़ों की दुकानों के खातों में ट्रांसफर किया जाता था। इसके बाद 20 से 25त्न कमीशन पर कुरियर से नकद और खातों में पहुंचाई जाती थी। डीसीपी सिटी धवल जयसवाल ने बताया कि आरोपियों के खातों की जांच करने पर कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि पाकिस्तान से गिरोह को संचालित कर रहे जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े कमांडर व पाकिस्तानी गैंगस्टर सरफराज उर्फ सरदार उर्फ जोरा सिंह ने संभल से पकड़ी गई साने इरम उर्फ महक के खातों में लाखों रुपये भेजे। पूछताछ में महक ने बताया कि उसके खाते में अज्ञात स्रोतों से रकम आई थी और सरफराज ने मैसेंजर के जरिये धनराशि भेजने की जानकारी दी थी। उसने सरफराज से प्रेम संबंध होने की बात भी स्वीकारी थी। गाजियाबाद से सामने आए जासूसी कांड में फरीदाबाद से गिरफ्तार नौशाद अली से मिलने वालों की तलाश में भी पुलिस जुटी है। पेट्रोल पंप के कर्मचारी भी मीडिया से बात करने से बचते नजर आए। सूत्रों के अनुसार नौशाद अली ने फरीदाबाद के भी कई जगहों के फोटो व वीडियो पाकिस्तानी हैंडलर को दिए थे। शक है कि देश के अन्य शहरों की तरह इस गिरोह ने फरीदाबाद स्टेशन परिसर में भी सीसीटीवी लगाने का प्लॉन तैयार किया था। वहीं नचौली गांव स्थित पेट्रोल पंप पर प्रदूषण नियंत्रण मशीन चलाने वाले मोनू ने अमर उजाला को बताया कि अक्सर वो नौशाद के साथ खाना भी खाता था। लेकिन ऐसा कभी शक नहीं हुआ कि वह अवैध गतिविधि कर रहा है। नौशाद की पंचर की दुकान शुरू कराने वाले मुमताज उर्फ इम्तियाज ने बताया कि वह मेवला महाराजपुर के पेट्रोल पंप पर दुकान चलाता है और नौशाद के गांव का ही रहने वाला है। नौशाद के पिता जलालुद्दीन को वो जानता है।

### गैस सिलिंडर की कमी पर महिला सपा पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** जिले में गैस सिलिंडर की कमी और महिलाओं के उत्पीड़न के विरोध में समाजवादी पार्टी की महिला पदाधिकारियों ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। सोमवार को प्रदर्शन के दौरान समाजवादी महिला सभा की जिला अध्यक्ष दुर्गेश चौधरी और महानगर अध्यक्ष किरण कालिया ने कहा कि जनपद में कई दिनों से लगातार गैस सिलिंडर की किल्लत है। इस कारण हर घर में महिलाएं परेशान हैं। इसके अलावा भाजपा सरकार में महिलाओं का उत्पीड़न लगातार बढ़ रहा है। प्रदर्शन में प्रदेश महासचिव महिला सभा मधु चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा राज देवी चौधरी, प्रदेश सचिव पुष्पा शर्मा, पूनम सिंह व अनीता कश्यप मौजूद रहीं।